सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-342 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 जून 2025
09 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# अयोध्या की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 92 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि अयोध्या धाम में 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों से 500 वर्षों की प्रतीक्षा के उपरान्त मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। उस समय देश और दुनिया के सभी सनातन धर्मावलम्बी अभिभूत थे। 500 वर्षों की जड़ता को दूर करते हुए भारत का वैभव अयोध्या धाम में पुनर्स्थापित हुआ। इसी क्रम में आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम दरबार एवं नवनिर्मित 06 मन्दिरों में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है।

- **मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया**
- **अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम दरबार एवं नवनिर्मित 06 मन्दिरों में प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ**

मुख्यमंत्री जी आज अयोध्या में नगर निगम अयोध्या के द्वितीय कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 92 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने अयोध्या नगर निगम की पुस्तिका 'सेवा के अद्भुत दो वर्ष' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री जी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली अयोध्या नगर निगम की महिला कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्हें आज गंगा दशहरा और सरयू महोत्सव के आयोजन के साथ ही अयोध्या के विकास, पर्यावरण तथा अयोध्या नगर निगम के द्वितीय कार्यकाल के 02 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। माँ सरयू से भगवान श्रीराम का जो संवाद और सम्बन्ध रहा है, वह प्रत्येक व्यक्ति जानता है। उन्होंने अयोध्या की पहचान माँ सरयू से की। हजारों वर्षों की परम्परा के रूप में हमें इस देव नदी के दर्शन प्राप्त होते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज माँ गंगा के अवतरण का दिवस भी है। भगवान श्रीराम के पूर्वज महाराज भगीरथ की तपस्या के परिणामस्वरूप माँ गंगा इस धरा धाम पर अवतरित होकर सबके कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज दुनिया विश्व पर्यावरण दिवस मना रही है। सृष्टि की रक्षा तथा पर्यावरण के बचाव के लिए 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाना अत्यन्त आवश्यक है। प्रधानमंत्री जी ने पर्यावरण को बचाने हेतु पेड़ों का महत्व दर्शाने के लिए पेड़ों का सम्बन्ध माँ के साथ जोड़ा है। यदि 144 करोड़ भारतवासी एक साथ एक पेड़ माँ के नाम लगाना प्रारम्भ कर दें, तो पर्यावरण संकट कभी नहीं आएगा। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर तथा श्री हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किये। मुख्यमंत्री जी ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर के प्रथम तल में राम दरबार एवं नवनिर्मित 06 मन्दिरों में विराजमान की गयी भगवान की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य सम्पन्न किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आवास में सिंदूर का पौधा लगाया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री आवास पर सिंदूर का पौधा लगाया। ये पौधा उन्हें 25-26 मई को गुजरात दौरे के दौरान कच्छ में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बहादुरी दिखाने वाली महिलाओं के ग्रुप ने भेंट किया था।

दरअसल, इस सिंदूर के पौधे को ऑपरेशन सिंदूर से जोड़कर देखा जा रहा है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26-27 मई को दो दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचे थे। इस दौरान भुज में उन्होंने कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही। आज ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाया और अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस परियोजना का लक्ष्य गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास 5 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का है।

इससे न केवल बंजर जमीन उपजाऊ बनेगी बल्कि थार रेगिस्तान का विस्तार भी रुकेगा। इस अभियान में एक हजार नर्सरी बनाई जाएंगी और पौधों की निगरानी मेरी लाइफ पोर्टल से होगी।

### सिंदूर का पौधा शक्ति का प्रतीक, मंदिरों में लगाया जाता है

सिंदूर का पौधा एक खास पत्तेदार पौधा है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। इसे शुभता और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। यह पौधा पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होता है और अक्सर मंदिरों और घरों में लगाया जाता है। इसकी देखभाल आसान होती है।

**क्या है ऑपरेशन सिंदूर :** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। इसका बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था।

आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद, पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी की। साथ ही बॉर्डर इलाकों में ड्रोन हमलों की भी कोशिश की। जवाब में, भारत ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस मशीनरी, रडार इन्फ्रास्ट्रक्चर और कम्युनिकेशन सेंटर्स पर हमले किए और उन्हें बुरी तरह नष्ट कर दिया। भारतीय हमले ने पाकिस्तान के 11 एयरबेसों को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद, 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए सीजफायर की घोषणा की गई।

## सरकार केंद्रीय वक्फ परिषद को और मजबूत बनाने का कर रही प्रयास



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि सरकार केंद्रीय वक्फ परिषद को मजबूत व समुदाय की सेवा में जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हाल में पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 का उल्लेख किया, जो वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए कानूनी और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करता है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए किरेन रिजिजू ने ये बातें कही है। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित केंद्रीय वक्फ भवन में हुआ। सरकार अल्पसंख्यक संस्थानों, खासकर वक्फ परिषद को सशक्त बनाने और पारदर्शी प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर हर राज्य जिलों में चर्चा कराएगी भाजपा



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा पूरे देश में चर्चा कराएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन कार्यक्रमों की कमान संभालेंगे। उनके नेतृत्व में पार्टी के सभी मंत्री, सांसद, राज्यों के अध्यक्ष और राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों में इस पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ 9-10 जून को यह कार्यक्रम पूरे देश में किया जाएगा। इस दौरान केंद्र सरकार के कार्यों की चर्चा भी की जाएगी।

वर्तमान सरकार के 11 साल के कामकाज की जानकारी जनता को देने के साथ-साथ इसमें ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात रखी जाएगी। पार्टी का मानना है कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर लोगों के बीच गौरव की भावना मजबूत हुई है। विशेषकर युवाओं के बीच ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इसे देखते हुए युवाओं को इस ऑपरेशन के बारे में और अच्छी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम मामले पर विपक्ष संसद सत्र बुलाकर विशेष चर्चा कराने की मांग कर रहा था। लेकिन सरकार ने विपक्ष की मांग न मानते हुए सामान्य तरीके से मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक के लिए बुलाया है। विपक्ष यह संदेश देने की कोशिश कर रहा है कि सरकार इस मामले पर विस्तृत चर्चा से भागने की कोशिश कर रही है। लेकिन भाजपा नेता इन कार्यक्रमों के बीच लोगों तक यह संदेश देने की कोशिश करेंगे कि ऑपरेशन सिंदूर पर सेनाओं के प्रवक्ताओं, डीजीएमओ और विदेश मंत्रालय के द्वारा पर्याप्त जानकारी दी जा चुकी है। भाजपा के एक सांसद ने बताया कि इस समय विपक्ष ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष सत्र की मांग कर रहा है, जबकि ठीक इसी समय सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल पूरी दुनिया में भारत का पक्ष रखकर आए हैं।

# निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली स्थित औद्योगिक क्षेत्र में आसरा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बेसमेंट में निर्माण कार्य के दौरान खाली प्लॉट की एक दीवार गिर गई। जिसकी चपेट में पांच मजदूर आ गए। हादसे में गांव सिरसी थाना खन्ना महोबा निवासी अनीता, मकबराई महोबा निवासी मालती और उनके पति पुष्पेंद्र की मौत हो गई। वहीं गांव ननोरा थाना श्रीनगर महोबा निवासी धीरेंद्र कुमार और ककोड़ बुलंदशहर निवासी उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि संबंधित ठेकेदार कुलदीप को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। मृतकों के परिजन की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। हादसे वाली जगह पर काम कर रहे साथी मजदूरों का कहना है कि गुरुवार शाम को आसरा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में निर्माण कार्य के दौरान सात मजदूर बेसमेंट में काम कर रहे थे। उसी दौरान बगल में स्थित एक खाली प्लॉट की दीवार अचानक गिर गई। इससे बेसमेंट में काम कर रही अनीता, मालती और उनके पति पुष्पेंद्र के अलावा धीरेंद्र कुमार और उमेश दीवार के मलबे के नीचे दब गए।

## विदेश से आते ही ओवैसी सरकार पर हुए हमलावर

**नई दिल्ली।** विदेश गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी भारत का पक्ष रखकर वापस देश लौट आए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरकार की ओर से कई देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा रहे असदुद्दीन ओवैसी अल्जीरिया, सऊदी अरब, कुवैत और बहरीन गए थे। उन्होंने इन मुस्लिम देशों में पाकिस्तान की सच्चाई को सामने रखा।

भारत लौटते ही अब असदुद्दीन ओवैसी के सुर बदले नजर आ रहे हैं। एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में जब एंकर ने ओवैसी से पूछा कि, दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के बाद भारत सरकार पर कैसे आरोप लगाएंगे कि हमें दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया? इस पर ओवैसी ने कहा कि, घर की बात घर में होगी, घर की बात बाहर क्यों करेंगे।

# देश में बनेगी राफेल विमानों की बॉडी

- **डसॉ एविएशन के साथ टाटा समूह की कंपनी ने किया करार**




**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है। बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डसॉ एविएशन के चेयरमैन एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल की बॉडी का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।

# राजनीतिक दलों में बनी रहनी चाहिए आपसी समझ : भागवत



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से की गई कार्रवाई के दौरान देश की राजनीतिक बिरादरी ने जो आपसी समझ दिखाई, वह बनी रहनी चाहिए और इसे स्थायी रूप ले लेना चाहिए। यह बात उन्होंने नागपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कार्यकर्ता विकास वर्ग' के समापन के अवसर पर कही।

भागवत ने कहा, इस नृशंस आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और क्रोधित थे। वे चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा भी दी गई। हमारी सेना ने एक बार फिर पराक्रम दिखाया। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। समाज ने भी एकता का संदेश दिया। राजनीतिक दलों ने भी आपसी समझदारी दिखाई, जो आगे भी बनी रहनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत को अपने सुरक्षा के मामलों में आत्मनिर्भर बनना होगा। पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, जो देश भारत से सीधे युद्ध में नहीं जीत सकते, वे 'हजार जख्मों की नीति' के तहत परोक्ष युद्ध छेड़कर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम मुख्य अतिथि थे।

## अपने बड़बोले बयानों से बाज नहीं आ रहे पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद भी पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने बड़बोले बयानों से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर शिमला समझौते को लेकर बयान दिया है। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गई कार्रवाई के कारण शिमला समझौता अब अपनी अहमियत खो चुका है और उसका कोई मतलब नहीं रह गया है।

ख्वाजा आसिफ अपने बड़बोले बयाने से अक्सर चर्चाओं में रहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से उन्होंने बीते हफ्तों में कई विरोधाभासी बयान दिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच शिमला समझौता को लेकर उन्होंने सरकारी जियो टेलीविजन से बातचीत में कहा, यह समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें कोई तीसरा पक्ष या विश्व बैंक शामिल नहीं था।

# बेंगलुरु भगदड़ पर कर्नाटक सरकार का बड़ा एक्शन




**नई दिल्ली।** बेंगलुरु भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सरकार ने पुलिस कमिश्नर और कई बड़े अधिकारी सस्पेंड कर दिया है। वहीं, इस घटना को लेकर जांच समिति गठित करने का फैसला किया गया।

स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हो गए थे। इस मामले में बेंगलुरु पुलिस ने स्वतः संज्ञान लिया है और आरसीबी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। सरकार ने तत्काल प्रभाव से कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है। एसीपी कब्बन पार्क, डीसीपी सेंट्रल जोन, एडीशनल कमिश्नर वेस्ट जोन, बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर, स्टेशन हाउस मास्टर और कब्बन पार्क थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर सरकार से इवेंट न कराने की सलाह दी थी। आईपीएल के 18वें सीजन की चैंपियन बनी टीम बुधवार को बेंगलुरु में विक्ट्री परेड निकालने वाली थी। टीम के चिन्नास्वामी स्टेडियम से पहुंचने से पहले लाखों की तादाद में फैंस स्टेडियम के बाहर जमा हो गए। इतनी भीड़ को संभालने में प्रशासन विफल हो गई। स्टेडियम के गेट पर लोगों में अफरातफरी मच गई।

**आपरेशन सिंदूर** बॉर्डर पार हम भारतीय, भारत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं

# देशहित में काम करना पार्टी विरोधी नहीं : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के डेलीगेशन में अमेरिकी दौरे पर गए कांग्रेस नेता शशि थरूर ने गुरुवार को पार्टी विरोधी बयानबाजी पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा- जो लोग राष्ट्रहित में काम करने को पार्टी विरोधी गतिविधि मानते हैं, उन्हें खुद से सवाल करना चाहिए।

थरूर ने यह जवाब कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर दिया। उन्होंने कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं।

थरूर इन दिनों अमेरिकी दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता बताया।

थरूर ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और क्ष्य में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की, जिसका भारत ने सख्ती से जवाब दिया। 10 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद कार्रवाई रोकी गई।

केंद्र की मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का पक्ष रखने के लिए 7 डेलिगेशन को दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे हैं। यह डेलिगेशन अमेरिका, गुयाना, पनामा, ब्राजील और कोलंबिया का दौरा करेगा।

थरूर के अलावा डेलिगेशन में लोजपा सांसद शांभवी चौधरी, छुस्रू सांसद सरफराज अहमद, ञ्ष्क्ष के जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा के शशांक मणि त्रिपाठी, तेजस्वी सूर्या और भुवनेश्वर के लता, शिवसेना के मल्लिकार्जुन देवड़ा, अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू और शिव सेना सांसद मिलिंद देवड़ा शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने 17 मई को दुनिया भर में जाने वाले 7 डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम जारी किए थे। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम था। तब कांग्रेस ने कहा था कि उसने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार (16 मई) सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे।

### ट्रम्प पर थरूर बोले- भारत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी। हमने पहले दिन कहा था कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा, तो हम और जोर से जवाब देंगे। और अगर वो रुक जाएगा, तो हम भी रुक जाएंगे।

# धरती माँ को समर्पित हर पौधा एक नई साँस है: दुर्गा शक्ति नागपाल



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान पूरे जोश, उल्लास और भावनात्मक सहभागिता के साथ मनाया गया। जिले भर में वृक्षारोपण कार्यक्रमों की श्रृंखला चली, जिसमें प्रशासन, शिक्षा संस्थान, सुरक्षा बल और आमजन सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवकली में Ending Plastic Pollution Globall4 विषय पर एक प्रेरक परिचर्चा आयोजित हुई, जिसका शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीएफओ संजय विश्वाल, प्राचार्य डॉ वाणी गुप्ता संग दीप जलाकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और माँ के प्रति हमारी कृतज्ञता की जीवंत अभिव्यक्ति है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि मेडिकल कॉलेज, प्रशासन, सुरक्षा बल और समाज के विभिन्न वर्ग इस अभियान में एकजुट होकर शामिल हुए हैं+, जो जनभागीदारी की सशक्त मिसाल है। उन्होंने Ending Plastic Pollution Globall4 विषय पर बोलते हुए कहा कि प्लास्टिक की थैली जिसे हम लापरवाही से फेंक देते हैं, वह धरती की गोद में 500 वर्षों तक सड़ती रहती है। धरती, जो स्वयं एक माँ है।

उसे हमने ज़हर दिया है, अब समय है कि हम उसे संजीवनी दें। हर पौधा जो आज लगाया गया है, वह धरती माँ को दी गई एक नई साँस है डीएम ने कहा कि जब उन्होंने बालिकाओं के साथ सिंदूर का पौधा लगाया, तो ऐसा प्रतीत हुआ जैसे माँ के आंचल में हरियाली टांक दी गई हो। सिंदूर जहाँ माँ की पहचान है, वहीं पेड़ प्रकृति की शान हैं। इन दोनों का मिलन संस्कृति और प्रकृति का सुंदर संगम है कार्यक्रम को डीएफओ संजय बिसवाल, प्राचार्य वाणी गुप्ता ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। इस परिचर्चा में विशेषज्ञों, छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता और इससे निपटने के उपायों पर विचार साझा किए।

## दो घरों से नकदी समेत करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सिंगाही नगर में मकान का ताला तोड़कर नकदी-जेवर समेत पांच लाख रुपये की चोरी की घटना को सात दिन ही बीत पाए थे कि चोरों ने गांव सिंगहा कलां में धावा बोल दिया। चोर दो घरों से नकदी समेत करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। दोनों घटनाओं की तहरीर पुलिस को दी गई है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।गांव सिंगहा कलां निवासी जयदेवी ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रही थी। रात में किसी समय चोर उसके घर में घुस आए। घर में रखे 21,800 रुपये नकद, करीब 20 किलो वजन का पीतल का बटुला, एक सोने की मटर माला, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी पायल, कुंड़ल, एक क्विंटल लाही समेत करीब डेढ़ लाख से अधिक का सामान सामान चोरी कर ले गए। सुबह सोकर उठने पर चोरी की जानकारी हुई कमरे में बिखरा सामान देख उनके होश उड़ गए।

## पौधारोपण केवल प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है : प्रो.सुभाष चन्द्रा




अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 05.06.2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल , चीफ़ प्रॉक्टर प्रो.सुभाष चन्द्रा एवं छात्र छात्राओं ने नीम,सहजन, नींबू, करोंदा, आंवला, जामुन, बरगद व पीपल के पौधे रोपित किये। प्राचार्य प्रो. हेमंत पाल ने छात्र छात्राओं को बताया कि विश्व पर्यावरण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागृति उत्पन्न करना तथा हरित भविष्य की दिशा में सार्थक योगदान देना है।इसलिए धरा को हरा भरा बनाने के लिए विद्यार्थी वृक्षारोपण अभियानों में सहभागिता कर अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपित करें चीफ़ प्रॉक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने कहा कि ÷ पौधारोपण केवल प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है।÷उत्तर प्रदेश शासन की ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ के अंतर्गत सभी छात्र छात्रायें अपनी माँ की स्मृति व सम्मान में अपने घर,आस-पास,मोहल्ला एवं गाँव में एक पौधा रोपित करें।

पौधरोपण डॉ. अमित सिंह,डॉ धर्म नारायण डॉ. श्वेतांक भारद्वाज, डॉ. सौरभ वर्मा तथा डॉ. योगेश दुबे,पंकज जोशी सहित विद्यार्थियों ने भी इस अभियान में सहभागिता कर औषधीय व फलदार पौधे रोपित किये।कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने किया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से रोपित पौधों की देखभाल करेंगे और पर्यावरण रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएँगे।

## 02 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्त सीताराम पुत्र राजाराम नि0 हसनापुर थाना ईसानगर (सम्बन्धित मु0सं0-691/18 व अ0सं0 108/08 धारा 420 भादवि थाना धौरहरा पेशी दिनांक 05/06/2025 सी0जे0(एस0डी0)/एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0 लखीमपुर-खीरी) व अभियुक्ता रामप्यारी पत्नी राजाराम नि0 उपरोक्त सम्बन्धित (मु0सं0-691/18 व अ0सं0 108/08 धारा 420 भादवि थाना धौरहरा पेशी दिनांक 05/06/2025 सी0जे0 (एस0डी0) /एफ0टी0सी0/ए0सी0जे0एम0 लखीमपुर-खीरी) कि गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

### दो करोड़ एक लाख रुपये की कीमत के प्लास्टिक और फाइबर के कृतिम अंग बरामद कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की देर शाम गौरीफंटा पुलिस ने सूडा मार्ग पर एक बोलेरो से दो करोड़ एक लाख रुपये की कीमत के प्लास्टिक और फाइबर के कृतिम अंग बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खासबात यह है कि इस बार भी करोड़ों की माल बरामदगी होने के बाद भी सरगना समेत दो आरोपी मौके से भाग निकले एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम गौरीफंटा पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सूड़ा घाट जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध बोलेरो को रोककर तलाशी ली। इस दौरान पिकअप से प्लास्टिक के 72 बोरों में कागज की पेटी के अंदर 10,800 प्लास्टिक व फाइबर के कृत्रिम मानव अंग बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार किए गए नईम खान निवासी सलामतनगर भट्ठा थाना भीरा और कस्बा भीरा निवासी अनिल अहमद की निशानदेही पर गांव सूडा में विजय सिंह राना के घर के बाहर छापा मारा और प्लास्टिक के 62 बोरों में कागज की पेटी के अंदर 9,300 कृत्रिम मानव अंग बरामद हुए हैं।बरामद कुल 20,100 प्लास्टिक व फाइबर कृत्रिम मानव अंग की कीमत करीब दो करोड़ एक लाख रूपये है। मुख्य आरोपी मुख्य सरगना विजय सिंह राना और उसका सहयोगी सानू सिद्दीकी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने सीजर बनाकर आरोपियों समेत पकड़ा गया माल कस्टम पलिया के सुपुर्द कर दिया है।

## 1 साल बेमिसाल की खुशी का इज़हार कर लोगों को पिलाया शर्बत

**नजीबाबाद। (अवधनामा संवाददाता)** नगीना सांसद के 1 साल बेमिसाल लोगों से खुशी का इज़हार कर पिलाया ठंडा मीठा कर शर्बत! नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के 1 साल के कार्यकाल को लेकर पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं चाहने वालों ने 1 साल होने पर लोगों में खुशी का इज़हार किया तो वहीं नगर पालिका परिषद नजीबाबाद चैयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म खां ने भीषण गर्मी को देखते हुए और चंद्रशेखर आजाद के 1 साल पूरा होने पर लोगों के साथ खुशियों को इज़हार किया और ठंडा मीठा शर्बत पिलाया! ठंडा मीठा शर्बत पीकर लोगो गर्मी से राहत लेकर ठंडक भरी सांस ली! इस मौके पर अजमल खां, फराज, हाशिम, राकेश जुनैजा, एवं आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे!

## चोरी की बाईक बेचने जाता आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नकुड़ पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना नकुड़ प्रभारी अविनाश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि गत् दिवस वादी प्रविन्द्र राणा पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम नसरुल्लागढ़ थाना नकुड़ की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री गौतम ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक शौकीन खान, शिवम चौधरी, ओमेन्द्र मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर जुड्डी चौराहे के पास से आरोपी दुर्गेश उर्फदीपक उर्फ मुंशी पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम पटाक माजरी थाना रादौर जनपद यमुनानगर (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया।

## ईद-उल-अज़्हा पर साफ़-सफ़ाई एवं कूड़ा प्रबंधन की उचित व्यवस्था को लेकर दिया ज्ञापन



**बिजनौर।(अवधनामा संवाददाता)** शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बिजनौर शहर अध्यक्ष हुमायूँ बेग ने की तथा संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष नज़ाकत अल्वी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर की जिलाध्यक्ष हेंन रीता राजीव सिंह मौजूद रही। बैठक में बिजनौर शहर में पार्टी संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी हाईकमान द्वारा भेजे गए कार्यक्रमों को विधिवत सम्पन्न कराने हेतु विचार विमर्श किया गया एवं रूप रेखा तैयार की गई।बैठक के बाद अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष वसीम अकरम एड0 के नेतृव में एक मांग पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को दिया गया। जिसमें कहा गया कि ईद-उल-अज़हा का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कुर्बानी और सामूहिकता का प्रतीक है। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर मुस्लिम बहुल इलाकों में साफ़-सफ़ाई एवं कूड़ा प्रबंधन की उचित व्यवस्था किया जाना अति आवश्यक है। इस अवसर पर हेनरीता राजीव सिंह जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर, हुमायूँ बेग शहर अध्यक्ष बिजनौर, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी,पूर्व ढ्ढस् आर के सिंह,वसीम अकरम एड0,नज़ाकत अल्वी, इक़बाल ठेकेदार, हुकम सिंह,अब्दुल समद आज़द,रमेश चंद वर्मा,उमेश गौतम,डॉ अज़हर ख़ान, अशोक कुमार, नदीमुद्दीन, समीर अहमद, मौ. हनीफ़, सविता चौधरी, अनीस अहमद, जावेद ख़ान एड., सरफ़राज़ सलमानी, आसिफ़ कुरेशी, महमूद मलिक गय्यूर अहमद, मो0राशिद मंसुरी, अशरफ अली अंसारी,मौलाना खलीलुर्रहमान कासमी, इकबाल अहमद, शफीक सैफी, काज़ी आतिफ, मो0हनीफ, एड0सविता चौधरी, मुकीम अहमद, मो0हिफ़ज़त, देवेन्द्र शर्मा, अनिल त्यागी, सैफ़ुररहमान मो0नोशाद, सुकन्दी सिंह,अबरार अहमद आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## एक व्यक्ति का डी एम कार्यालय के बाहर आत्मदाह का प्रयास, होमगार्ड ने बचाया



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** बिजनौर में किरतपुर थाना क्षेत्र के छितावर निवासी आदेश ने कलेक्ट्रेट परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया। वह अपनी पत्नी किरण के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा था। पीड़ित ने अपने ऊपर डीजल डालने की कोशिश की। डीएम कार्यालय में तैनात होमगार्डों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया और बोतल छीनकर उस पर पानी डाल दिया। आदेश का कहना है कि उसके पड़ोसियों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। पुलिस में शिकायत करने पर उसे आपसी विवाद बताकर टाल दिया गया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण उसने यह कदम उठाया। शहर कोतवाली पुलिस ने आदेश को हिरासत में लेकर थाने ले गई है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में पेड़ों की लगाई गयी त्रिवेणी

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम एवं जिलाधिकारी मनीष बंसल की उपस्थिति में सामाजिक वानिकी प्रभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस-2025 का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आईआईटी, रुड़की सहारनपुर कैम्पस में महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के शुभ अवसर पर महापौर डा.अजय कुमार सिंह द्वारा पीपल, विधायक देवेन्द्र निम द्वारा नीम, जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा बरगद पौधे का रोपण किया गया।

महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का होना आवश्यक है। इससे प्रदूषण में कमी होगी तथा जीवन को अनेक बीमारियों से बचाया जा सकेगा। विधायक देवेन्द्र निम ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि पर्यावरण के साथ-साथ परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की बात कही। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी को पर्यावरण दिवस पर शपथ दिलाते हुए प्रत्येक बच्चे को माँ के नाम एक पेड लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि पेड लगाने के साथ ही उसे संरक्षित करने का भी कार्य करे। कार्यक्रम का प्रारम्भ एनसीसी व अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वकर्मा चौक से आईआईटी, रुडकी सहारनपुर कैम्पस तक प्लास्टिक हटाओं सम्बन्धी रैली निकाल कर किया गया एवं उनके द्वारा प्लास्टिक कचरा एकत्रण का कार्य भी किया गया। आईआईटी, रुडकी सहारनपुर कैम्पस में विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया।

कार्यकम में उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कृत किया गया। बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु शपथ भी दिलाई गई तथा एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 थीम के तहत एक-एक पौध लगाने एवं उनके सरंक्षण हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इसके अतिरिक्त दिल्ली से आये विषेशज्ञो द्वारा बच्चों को प्लास्टिक से ईको ब्रिक बनाने की कला भी सिखाई गयी। साथ ही कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं को ऑस्कर पुरस्कृत शॉर्ट फिल्म ''एलीफैन्ट व्हिसपर्स'' का अवलोकन कराया गया।

इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग शुभम सिंह, सहारनपुर, उप प्रभागीय वनाधिकारी श्रीमती संवेदना चौहान, उप प्रभागीय वनाधिकारी देवबन्द वीरेन्द्र सिंह रावत व वन विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया।

## भनेड़ा टोल पर ड्यूटी कर रहे संदीप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



अवधनामा संवाददाता

**किरतपुर।** बिजनौर के किरतपुर में मेरठ-पौड़ी हाईवे स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर एक कर्मचारी की जनरेटर की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संदीप (28) के रूप में हुई है। वह बूढ़पुर नैन सिंह का रहने वाला था। गुरुवार की सुबह टोल प्लाजा पर तैनात संदीप की रात की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। उसका शव जनरेटर के पास मिला। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ टोल प्लाजा पहुंचे। उन्होंने टोल कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाया। गुस्साए लोगों ने हाईवे जाम कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह, सीओ सिटी राकेश बशिष्ठ, नजीबाबाद कोतवाल धीरज सोलंकी और एसओ किरतपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, पुलिस अधिकारी गुस्साए लोगों को शांत कराने में जुटे रहे। इस बीच टोल प्रबंधन के अन्य कर्मचारी और मैनेजर मौके से फरार हो गए, जिससे शक और गहराता जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कहा है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी मामले की जांच की जा रही है।

## महापौर ने किया ढमोला सफाई व अम्बाला रोड नाले का निरीक्षण

# ढमोला से निकाली गयी शिल्ट उठवाने का दिया सुझाव, नाले की स्थिति पर मांगी रिपोर्ट



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज ढमोला सफाई अभियान का निरीक्षण किया और गैराज प्रभारी को अनेक सुझावों के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अम्बाला रोड पर पैट्रोल पम्प के पास स्थित एक नाले का भी निरीक्षण किया और कुछ लोगों द्वारा नाले को कब्जा कर उसे संकरा करने पर सफाई निरीक्षकों के प्रति नाराजगी भी जतायी। इस दौरान अनेक पार्षद भी उनके साथ रहे।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज पार्षद अमित त्यागी, सुधीर पंवार, कपिल धीमान, गौरव कपिल व राजकुमार शर्मा आदि के साथ विश्वकर्मा चौक स्थित ढमोला पुल पहुंचे और पुल से दोनों ओर का निरीक्षण किया। उन्होंने ढमोला सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए ढमोला से निकाली गयी शिल्ट के उठान का भी सुझाव दिया। गैराज प्रभारी जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि निकाली गयी शिल्ट का नदी के किनारे पर दूर तक इस तरह बंधा बनाया गया है जिससे पानी अधिक आने पर नदी का पानी फैलकर किनारे के घरों तक न पहुंचे। महापौर का कहना था कि बरसात में नदियों में यदि पानी कम मात्रा में आता है तब तो यह शिल्ट सहायक बन सकती है लेकिन पानी अधिक आने की स्थिति में निकाली गयी शिल्ट फिर से बहकर नदी में चली जायेगी और शिल्ट यदि नदी में रहती है तो नदी की पानी लेने की क्षमता कम हो जायेगी। इसलिए बेहतर होगा यदि निकाली गयी शिल्ट को निकलवा दिया जाए। बाद में उन्होंने ब्रहमपुरी साइड से भी ढमोला किनारे जाकर मशीनों से की जा रही ढमोला सफाई का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। महापौर अजय कुमार ने अम्बाला रोड स्थित पैट्रोल पम्प व एक होटल के बराबर से गुजर रहे नाले का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर देखा कि होटल के बराबर से गुजर रहे नाले की चौड़ाई बहुत ज्यादा है लेकिन सड़क पार एक धुलाई सर्विस सेंटर के बराबर में जाकर नाला बहुत अधिक संकरा हो गया है।

## डीएम ने सीएम युवा की प्रगति के लिए अधिकारियों एवं बैंकर्स के साथ की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने निर्देश दिए कि बैंक अधिक से अधिक ऋण योजनाओं को स्वीकृत कराएं। सभी बैंकों एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वकांक्षी योजना में फोकस करते हुए कार्य में तेजी लाएं। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि सभी बैंकों में प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष यथाशीघ्र ऋण वितरण की कार्रवाई की जाए। अनावश्यक आपत्ति लगाकर ऋण योजनाओं के आवेदन पत्रों को निरस्त न किया जाए। उन्होने एसबीआई को सख्त चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के अंदर लम्बित पत्रावलियों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अन्य सभी बैंकर्स को भी निर्देशित किया अतिरिक्त प्रयास कर लंबित आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए स्वरोजगार स्थापना में सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने बताया कि यह उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में 5 लाख रूपये तक का ऋण जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से बैंको द्वारा वितरित किए जायेंगे। योजना में मुख्य रूप से 10 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी जो ब्याज मुक्त योजना है। बैठक में उपायुक्त उद्योग वीके कौशल, लीड बैंक मैनेजर सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न बैंको के प्रतिनिधि सहित लाभार्थी उपस्थित रहें।

## कछला गंगा घाट पहुंचे डीएम-एसएसपी, लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



अवधनामा संवाददाता

**बदायूँ।** कछला गंगा घाट पर ज्येष्ठ दशहरा के पावन पर्व पर चल रहे गंगा स्नान के दृष्टिगत डीएम तथा एसएसपी द्वारा यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा लिया गया।

बृहस्पतिवार को डीएम अवनीश राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह अन्य अधिकारियों के साथ कछला गंगा घाट पहुंचे। यहां उन्होंने दशहरा पर्व पर चल रहे गंगा स्नान के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के लिए किए गए सुरक्षा प्रबन्धों का जायजा भी लिया गया। अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर मोहित कुमार, क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक उझानी नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर,एसएसपी तथा एसपी आरए ने धर्मपत्नियों के साथ किया पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता





**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसएसपी द्वारा अपनी धर्मपत्नी के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

बृहस्पतिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह द्वारा अपनी धर्मपत्नी रेनू सिंह के साथ वृक्ष लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के0के0 सरोज भी अपनी धर्मपत्नी के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में एसपी सिटी बृजेंद्र द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह तथा पुलिस के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के समस्त थाना परिसरों में वृक्षारोपण कराया जा रहा है। कार्यक्रम के अतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण कराए जाने के निर्देश अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को दिए गए हैं।

# विश्व योग दिवस मनाने की करें व्यापक तैयारी

## गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने की अधिकारियों के साथ बैठक, दिए जरूरी निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

- बकरीद पर कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही हो, प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रहे रोक
- मुख्यमंत्री ने कहा, पर्व-त्योहारों पर नई परंपरा की अनुमति नहीं

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विश्व योग दिवस (21 जून) के 11वें संस्करण को वृहद रूप में मनाने की व्यापक तैयारी अभी से शुरू कर दी जाए। जिले में मुख्य कार्यक्रम के लिए बड़े और बेहतरीन स्थल को जल्द से जल्द चिन्हित कर लिया जाए।

सीएम योगी गुरुवार शाम गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था, आगामी पर्व-त्योहार और प्रस्तावित आयोजनों की समीक्षा की और अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस को लेकर उन्होंने कहा कि योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहभागिता होगी, का सीधा प्रसारण सभी प्रमुख स्थलों पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। योग दिवस से अधिकाधिक नागरिकों को जोड़ने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। मुख्यमंत्री ने बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस की तैयारियों की जानकारी ली। कहा कि 7 जून को बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए। बकरीद पर कुर्बानी पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही होनी चाहिए और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रहे रोक को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। त्योहार पर साफ सफाई की दुरुस्त व्यवस्था के साथ ही कुर्बानी के बाद अपशिष्ट निस्तारण की सुनियोजित व्यवस्था रहे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नमाज परंपरागत स्थलों पर ही हो। सड़क मार्ग अवरुद्ध कर नमाज की अनुमति न हो। हर पर्व-त्योहार पर आस्था का सम्मान हो लेकिन नई परंपरा की अनुमति नही मिलनी चाहिए।

विकास परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी परियोजनाएं तय समय में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हों। बरसात शुरू होने पर कुछ निर्माण प्रभावित होने लगते हैं इसलिए यहां मानसून की दस्तक से पहले काम में और तेजी लाने की जरूरत है। जलभराव की समस्या दूर करने के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। समय रहते सभी नालों की मुकम्मल सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम योगी ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर गंभीरता से ध्यान देकर इसे जल्द पूर्ण कराने का प्रयास हो। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति बरकरार रहनी चाहिए। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का क्रम थमना नहीं चाहिए। बैठक में एडीजी जोन डॉ. केएस प्रताप, कमिश्नर अनिल ढींगरा, डीआईजी एस. चिनप्पा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, एसएसपी राजकरन नैयर, नगर आयुक्त गौरव सोगरवाल, सीईओ गीडा अनुज मलिक, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन आदि मौजूद रहे।

### जल्द से जल्द पूरा हो आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण

गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भटहट के पिपरी में बन रहे प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण की अद्यतन स्थिति पूछी। उन्हें बताया गया कि 95 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है। सिर्फ फिनिशिंग से जुड़े कार्य बचे हैं और उन्हें भी तेजी से पूरा कराया जा रहा है। इस पर सीएम योगी ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करा लिए जाएं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को आयुष विश्वविद्यालय का दौरा कर खुद निर्माण कार्यों का जायजा ले सकते हैं।

## ढेबरूआ पुलिस ने दो नेपाली को यूरिया खाद के साथ किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ पुलिस ने भारतीय क्षेत्र से इफको यूरिया खाद साइकिल पर लादकर नेपाल ले जा रहे दो नेपाली नागरिकों को थाना क्षेत्र के सेमरहवा के पास से गिरफ्तार कर पकड़े गए लोगों पर कस्टम एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पकड़े गए लोगों को खाद सहित बढ़नी कस्टम को सुपुर्द कर दिया। ढेबरुआ पुलिस द्वारा बार्डर पर अपराध एवं तस्करी रोकथाम के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थाना क्षेत्र के सेमरहवा से दो लोगों को नेपाल की तरफ साइकिल पर खाद लादकर ले जाते पुलिस ने पकड़ लिया।

पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने अपना नाम गौतम पासवान पुत्र राममिलन उम्र करीब 30 वर्ष तथा राजकुमार यादव पुत्र बरदिहार यादव उम्र करीब 40 वर्ष निवासीगण शिवानगर (नेपाल ) थाना बहादुरगंज जिला कपिलवस्तु राष्ट नेपाल बताया। बरामद शुदा 02अदद साईकिल ,04 बोरी इफको यूरिया खाद बरामद कर कस्टम कार्यालय बढ़नी को सुपुर्द किया गया।

# "53 वर्ष 53 पौधा" नारे के साथ पौधरोपण कर मनाया सीएम योगी का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

- गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरापुरी कॉलोनी के रामेश्वरम पार्क में हुआ पौधारोपण
- चार वर्षों से मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया जा रहा है पर्यावरण का संदेश

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस और विश्व पर्यावरण दिवस की तिथि के एक होने के संयोग को उनके गृह जनपद में एक अभियान का रूप मिल चुका है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र संघ उपाध्यक्ष रहे डॉ. योगेश प्रताप सिंह के संयोजन में पिछले चार वर्षो से मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया जाता है। पौधों की संख्या उतनी होती है, जितनी मुख्यमंत्री की उम्र। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री के 53वें जन्मदिन पर "53 वर्ष 53 पौधा" नारे के साथ पौधरोपण अभियान चलाया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. रतनपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि और गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी और चीफ प्रॉक्टर प्रो. विनय सिंह की मौजूदगी में हीरापुरी कॉलोनी के रामेश्वरम पार्क में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर पहुंचे पर्यावरण प्रेमी प्रो. डीके सिंह, जो अब तक करीब सत्ताइस हजार पौधे लगा कर उनकी देखरेख चुके हैं, ने आयोजन में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने अपील की कि पौधे सिर्फ लगाए न जाएं, बल्कि उनकी गुणवत्तापूर्ण देखरेख भी की जानी चाहिए ताकि वह जिंदा रहें। प्रो. सिंह ने बताया कि उन्होंने जो पौधे लगाए उनमें से सत्ताइस हजार अस्तित्व में हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विधान परिषद सदस्य डॉ रत्नपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पर्यावरण के प्रति सजग और समर्पित रहते हैं।

विशिष्ट अतिथि और विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. शांतनु रस्तोगी ने कहा कि जब समाज का प्रबुद्ध वर्ग पर्यावरण संरक्षण के लिए सामने आता है तो उसका समुदाय पर गहरा असर पड़ता है। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पौधारोपण का यह काम समाज में ट्रेंड बनेगा। चीफ प्राक्टर प्रो. विनय सिंह ने कहा कि विश्विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए पहले से ही प्रयास होते रहे हैं। मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण के इस आयोजन के जरिये भी शिक्षक और विद्यार्थी समाज में गहरा संदेश जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि पौधारोपण की यह पहल मुख्यमंत्री के पचासवें जन्मदिन पर की गई थी। आयोजक विश्वेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पौधे लगाकर समाज में पौधरोपण के महत्व का संदेश देने का यह काम आगामी वर्षों में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉ. विनय सिंह जेआरएफ, दिव्येंदु नाथ श्रीवास्तव, दुर्गेश बजाज, मनजीत विश्वकर्मा, रंजीत सिंह श्रीनेत क्षेत्रीय मंत्री भाजयुमो, कृष्ण मोहन शाही, प्रशांत सिंह नयागांव, मनीष कुमार, आकाश गौड़ ने भी पौधारोपण में सहयोग किया।

## विशाल भंडारे के दौरान हनुमान चालीसा बांटी, भारी संख्या में जुटे श्रद्धालु



**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** बाला जी सरकार पूरे ललक धाम गोण्डा में 25वा सवामनी हवन वा भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे लाखों श्रद्धालु ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे के मुख्य आयोजक पप्पू अवस्थी समाज सेवी के अगुवाई में किया गया इस दौरान प्रसाद के रूप में ठंडा शर्बत, पूड़ी-सब्जी, कढ़ी व छोला चावल आदि का वितरण होता रहा। अजय सिंह वरिष्ठ समाजसेवी और पप्पू अवस्थी समाजसेवी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए बताया कि बाला जी का भंडारा हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। इस तरह के आयोजन से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में रुचि भी बढ़ती है। ईश्वर के प्रति आस्था प्रगाढ़ होती है।

यह धार्मिक और सामाजिक रूप से बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से आपसी प्रेम एवं समरसता का विस्तार होता है, एक साथ प्रसाद ग्रहण करने से समाज में सौहार्द को मजबूती मिलती है।

## पृथ्वी को हरा रखना हमारी जिम्मेदारी : प्रधानाचार्य

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत भारत भारी क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस अवसर पर बढ़नी कोल्ड स्टोरेज स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण में संतुलन बनाए रखते हैं। धरती को हरा-भरा रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य ने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए ऑक्सीजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जंगलों की सुरक्षा और बाघों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे लगाए गए।

## श्रीमदभागवत कथा की गाजेबाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरैला में में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमदभागवत कथा की गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पुरुष,महिलाएं,कन्याएं शामिल थी। कन्याएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। श्रद्धालु गाजेबाजे पर नृत्य करते आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धालुओं ने भोलानाथ का गगनभेदी नारे लगा रहे थे। कलश यात्रा कथा स्थल से कालेसर स्थित शिव मंदिर प पहुंचा। जहां जल भर श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। वृहस्पतिवार की शाम से बाल व्यास श्याम सुंदर महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया गया।

इस दौरान डा कल्पनाथ सिंह, अखिलेश सिंह, अनीस सिंह, सुभाष, रंजित कुमार,बबलू, अमरीश सिंह, राजकुमार लल्ला सिंह सिंह सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## गोंडा में कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** गोंडा में कांग्रेस पार्टी के संगठन की जूम मीटिंग राष्टीय महासचिव उप्र कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के नेतृत्व में जूम मीटिंग हुई। इसमें संगठनात्मक चर्चा संगठन के कार्यो में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जिले के अध्यक्ष ने कहा कि हम संगठन को एक नई ऊर्जा के दौरान लोगो को जोड़ने का प्रयास कर रहे है हम बूथ कमेटी बना रहे है संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है।

कांग्रेस पार्टी समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ खड़ी हैं और जनता के हित में कार्य कर रहे है गोंडा कांग्रेस भवन में जूम मीटिंग के दौरान जिला अध्यक्ष श्री राम प्रताप सिंह एवं शहर अध्यक्ष सभासद शाहिद अली कुरेशी इस अवसर पर नि0 जिला प्रवक्ताशिवकुमार दुबे. राज किशोर शुक्ला तैयब रानी एवं भगवती प्रसाद सोनी आदि लोग भी उपस्थित थे।

## गंगा दशहरा पर पंचनद संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**उरई (जालौन)।** जेठ माह के गंगा दशहरा अवसर पर जनपद जालौन स्थित प्रसिद्ध पंचनद संगम के पवित्र जल में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रृद्धा की डुबकी लगाकर स्नान किया ।

जनपद जालौन की सीमा में स्थित पांच नदियों का संगम स्थल पंचनद जनपद जालौन सहित आसपास के जिलों में निवास करने वाले लाखों लोगों की श्रद्धा व आस्था का केंद्र है। यहां कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान का पौराणिक व धार्मिक महत्व है इसके अतिरिक्त तमाम छोटे बड़े त्योहार पर भी लोग यहां स्नान करने के लिए आते रहते हैं । प्रतिवर्ष गंगा दशहरा के अवसर पर भी यहां चार-पांच सैकड़ा या इससे भी कम संख्या में श्रद्धालु स्नान करने आते थे लेकिन इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में अकल्पनीय इजाफा हुआ। पूर्व बर्षो में स्नान करने वालों की कम संख्या की जानकारी होने बावजूद क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ रामसिंह के निर्देशानुसार बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी । स्नान करने वालों की बढ़ी हुई संख्या को देखते हुए थाना प्रभारी रामपुरा इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह , एसएसआई सत्यपाल सिंह यादव, चौकी प्रभारी जगम्मनपुर भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा द्वारा पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन



**उरई (जालौन)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा उरई रोड स्थित एम एल कावेंट स्कूल परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया। शाखा अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, संयोजक गौरव गुप्ता के नेतृत्व में प्रमुख शाखा के सदस्यों एवं मातृशक्ति ने फलदार तथा पर्यावरण के अनुकूल छायादार वृक्षों को रोपित करते हुए प्रधानमंत्री के एकवृक्ष मां के नाम मुहिम को बल प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संरक्षक महेश बिलैया ने पर्यावरण संरक्षण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम जागरूक नहीं हुये तो आने वाला समय काफी कठिन होगा। संरक्षक अनिल माहेश्वरी ने कहा कि हरित बनें, स्वच्छ सांस लें। श्री सुनील गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित करना बन्द कर, अपने ग्रह को सुरक्षित करें।


### सम्बन्ध विच्छेद

मैं श्रीमति ज़ाहिदा पत्नि श्री मंगता नि.माटकी झरोली घुन्ना,ज़िला सहारनपुर सूचित कर रही हूं कि मेरा पुत्र शौकीन और पुत्र वधु श्रीमति शहजादी हमारे कहने सुनने मैं नहीं हैं दोनों का आचरण एवं व्यवहार मेरे एवं परिवार के अच्छा नहीं रहा है विवश हो कर मैंने दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में अपने किसी भी कार्य और लेन देन हेतु दोनों खुद ज़िम्मेदार होंगें।

### सम्बन्ध विच्छेद

मुझे अजय कुमार बंसल पुत्र श्री आनंद प्रकाश बंसल नि. बंसल आयरन स्टोर,देहरादून रोड़, छुटमलपुर, सहारनपुर का पुत्र वैभव बंसल एवं पुत्र वधु श्रीमति मिनी जयसवाल मेरे कहने सुनने मैं नहीं हैं दोनों का आचरण एवं व्यवहार मेरे व परिवार के लिए अपमान जनक रहता है विवश होकर मैंने दोनों को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में अपने सभी कृत्य एवं लेन देन हेतु दोनों खुद ही ज़िम्मेदार होंगें।

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा–36 दिनाँक 02.06.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ वेस्टिबुल डोर एन्ड ऑटो स्लाइडिंग डोर एल.एच.बी. कोचेस |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 61,08,225.72 मात्र |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 1,22,200/- मात्र |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 11.06.2025 से 25.06.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |

1661/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद गोंडा में गुरुवार को ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला पंचायत परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र एवं जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा पीपल, बरगद एवं नीम जैसे पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण कर पर्यावरण का संदेश प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वन विभाग द्वारा नवाचार के रूप में जलकुंभी के टुकड़ों को ऑर्गेनिक खाद के रूप में उपयोग किया गया, जिसे पौधों की मिट्टी में मिलाया गया। यह जैविक विधि पौधों की वृद्धि एवं जड़ों की पोषण क्षमता बढ़ाने में सहायक होगी, तथा पर्यावरण अनुकूल समाधान के रूप में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालय परिसरों, सार्वजनिक स्थलों एवं शिक्षण संस्थानों में भी वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। इन स्थलों पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी कर पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिला पंचायत सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें पर्यावरणीय संवेदनशीलता, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास जैसे विषयों पर विशेषज्ञों व अधिकारियों द्वारा विस्तृत विचार प्रस्तुत किए गए। छात्राओं, शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी श्री पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, एसडीईएओ श्री सुदर्शन कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक उपस्थित रहे।

## बकरा ईद त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी ने किया पैदल मार्च



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** आगामी बकरीद त्यौहार को लेकर थानाध्यक्ष लोटन दिनेश कुमार सरोज के नेतृत्व में थाने पर तैनात पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण अभ्यास आयोजित किया गया। अभ्यास में लाठीचार्ज, प्रतीकात्मक फायरिंग, आंसू गैस के गोले, जल बौछार और भीड़ नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात, पुलिस बल ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च निकाला, ताकि जनता में सुरक्षा का विश्वास स्थापित हो और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया जाए।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने बताया कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। उन्होंने जनता से अपील की वे शांति के साथ त्यौहार मनाएं, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने सभी धर्मावलंबियों से सहयोग की अपील की है ताकि बकरीद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ संपन्न हो। इस दौरान उप निरीक्षक विरेन्द्र कुमार पासवान आदि मौजूद रहे।

## कम लागत में मशरूम उत्पादन का मॉडल प्रस्तुत किया एमजीयूजी के छात्र ने

**गोरखपुर ।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के कृषि संकाय में स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र अमित कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय परिसर में कम लागत में ऑयस्टर मशरूम का सफलतापूर्वक उत्पादन कर अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। यह कार्य उन्होंने अपनी प्रयोगात्मक परियोजना के अंतर्गत कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास कुमार यादव के मार्गदर्शन में किया।

सीमित संसाधनों में गुणवत्ता के साथ मशरूम उत्पादन कर अमित चौधरी ने यह सिद्ध किया है कि कम लागत में भी लाभकारी एवं व्यावसायिक कृषि संभव है। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कृषि अपशिष्ट का उपयोग कर पर्यावरणीय सजगता का भी परिचय दिया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल दुबे और सहायक प्राध्यापक डॉ. विकास कुमार यादव ने कहा है कि इस नवाचारी प्रयास से विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार और व्यावहारिक दक्षता को प्रोत्साहन मिलेगा।

# टांडा पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व मे पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिसर में स्थित पार्क में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर टाण्डा एसडीएम/प्रभारी अधिशासी अधिकारी श्रीमती रेनू और चेयरमैन श्रीमती शबाना नाज़ ने स्वयं अपने हाथों से पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उक्त मौके पर सभासदों द्वारा भी पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस पर शपथ लिया।

टाण्डा एसडीएम/प्रभारी ईओ श्रीमती रेनू व उनकी पुत्री मैथली ने भी टाण्डा नगर पालिका परिसर में स्थित पार्क में पौधारोपण किया। सभासदों के साथ टाण्डा चेयरमैन श्रीमती शबाना नाज़ ने पौधारोपण करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इनसे न केवल वातावरण शुद्ध रहता है, बल्कि गर्मी और प्रदूषण जैसी समस्याओं से भी राहत मिलती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि समय में बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए पौधरोपण सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत द्वारा आने वाले समय में भी विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका के आरआई राकेश कुमार गौरव, जलकल अवर अभियंता चौहान आशीष चौहान, जलील अहमद, मो.हुसैन, सभासद आशीष यादव, मो.तारिक, राकेश कुमार गुप्ता, जुल्फेखार अहमद, अशरफ लाल बाल, अमीचन्द्र, अल्लाह बख्स, मो.नदीम आदि ने मिलकर पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को पौधरोपण का महत्व समझाया गया।

## माँ तिसलेरा देवी महाविद्यालय मे एक पेड़ माँ के नाम के तहत किया गया वृक्षारोपण

**अम्बेडकरनगर।** माँ की ममता और वृक्ष की छाया दोनों जीवनदायिनी - डॉ अश्वनी कुमार वृक्षारोपण का एक छोटा कदम है, लेकिन इसके परिणाम दूरगामी और सकारात्मक होंगे उक्त बातें डॉ सुशील कुमार ने अपने सम्बोधन मे कहा। इसी क्रम मे पर्यावरण दिवस के अवसर पर तिलेसरा देवी महाविद्यालय मे पेड़ लगाओ अभियान के तहत ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान की शुरुआत, की गयी माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय परिसर में हुआ वृक्षारोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत महाविद्यालय, भसडा टांडा, अंबेडकर नगर में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार यादव और सुशील कुमार मौर्य द्वारा पौधरोपण कर किया गया। उन्होंने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ की ममता और वृक्ष की छाया दोनों जीवनदायिनी हैं।

# बांसी ब्लॉक के आजाद सभागार में शिविर का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी बलांक के आजाद सभागार मे गुरुवार को विशेष विधिक साक्षरता शारीरिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार, बांसी माधुर यादव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके उनको स्वास्थ्य परीक्षण प्रदान करने, एवं सरकारी योजनाओं का लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार माधुर यादव ने दिव्यांग बच्चों को लेकर विशेष प्रकार की परिचर्चा की ।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग से ब्लॉक गुणवत्ता समन्वयक स्वतंत्र पाठक और सहायक विकास अधिकारी अजय राय सहित विशेष शिक्षक अवनीश त्रिपाठी, सीडीपीओ नीलम वर्मा, एडीओ आईएसबी संदीप कुमार गौड,एडीओ डब्लू किरन सरोज, शेषनाथ, प्रवेश मौर्य, सचिव ऊषा दुवे, श्रद्धा श्रीवास्तव,नवनीत श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण के माध्यम से हम सभी स्थायी हरित भविष्य की ओर बढ़े: प्रो. शैलेंद्र कुमार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आज पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रो. विनोद श्रीवास्तव, महासचिव उ0प्र0 उत्तरा आर्थिक संघ रहे।. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज के बदलते हुए पर्यावरणीय स्थिति के अन्तर्गत वृक्षारोपण का महत्व बहुत ही बढ़ गया है। वृक्षारोपण का अर्थशास्त्र हमें यह बताता है, कि यदि हमें अपने जीवन के साथ-साथ अपनी पीढ़ियों के जीवन को संरक्षित करना है तो हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण का कार्य करना चाहिये। कोविड -19 जैसी महामारी के दौरान आक्सीजन की समस्या न उत्पन्न होने पाये। संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे और इन पौधों के माध्यम से हम एक स्थायी हरित भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में वृक्षारोपण के तहत गुलाब, हिबिस्कस, नीम, अमरुद, और शीशम जैसे पौधों को रोपा गया। इन पौधों का चयन पर्यावरण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लाभ को ध्यान में रखते हुए किया गया।

यक्ष डॉ. अंकुर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में फार्माकोग्नोसी के विभाग की फैकल्टी प्रियंका राजपूत द्वारा किया गया। प्रियंका राजपूत ने छात्रों को औषधीय पौधों के फायदे के बारे में जानकारी दी, जैसे कि नीम के एंटी-बैक्टीरियल गुण, गुलाब के त्वचा पर फायदेमंद असर, और हिबिस्कस के मानव जीवन में क्या लाभ है। ये पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करते हैं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी होते हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अंकुर श्रीवास्तव ने किया। डॉ0 अनिल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कभी अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर गोलियां चलती थीं, आज पुष्पवर्षा होती है: सीएम योगी



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान चौधरी चरण सिंह पुष्प वाटिका में पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने राम कथा पार्क में आयोजित अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने गंगा दशहरा, सरयू महोत्सव और विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दीं, साथ ही अयोध्या के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि कभी अयोध्या आने वाले रामभक्तों पर गोलियां चला करती थीं, श्रद्धालुओं पर लाठी डंडे बरसाकर प्रताड़ित किया जाता था, मगर आज श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा होती है और उन्हें आरओ का शुद्ध पानी पीने को मिलता है। अयोध्या आज पूरी दुनिया के सामने 'अतिथि देवो भवः' की नई परिभाषा गढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा ने 500 साल के लंबे इंतजार को समाप्त किया। यह भारत के पुनर्वैभव की स्थापना का प्रतीक है। उन्होंने गुरुवार को श्रीरामलला मंदिर में हुए श्रीरामदरबार सहित 7 अन्य मंदिरों में देव विग्रहों की स्थापना के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सभी सनातन धर्मावलंबियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी भारतीय जनता पार्टी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश वन विभाग के आगामी अभियानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जनपद की कम से कम एक नदी को पुनर्जनन का संकल्प लिया गया है। इसके अंतर्गत 1 से 7 जुलाई तक नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। साथ ही हाईवे और एक्सप्रेसवे के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हिस्सा लें। मुख्यमंत्री ने अयोध्या नगर निगम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सभी पार्षदों और अधिकारियों को दो वर्ष के कार्यकाल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महापौर के नेतृत्व में नगर निगम शानदार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर 30 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और 33 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि पहले यहां बिजली, पानी और साफ-सफाई की कमी थी, लेकिन आज अयोध्या स्वच्छ और सुंदर नगरी बन चुकी है। उन्होंने नगर निगम की तीन महिला सफाईकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले अयोध्या में लाखों श्रद्धालु आते थे, लेकिन पिछले वर्ष 16 करोड़ श्रद्धालु आए। यह नगर निगम के बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब अपना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। मठ-मंदिरों का सौंदर्यीकरण हो रहा है। राम की पैड़ी का विस्तार हुआ है, जहां सरयू का जल अब स्वच्छ रहता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित अयोध्या का दिव्य स्वरूप आज साकार हो रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि अयोध्या में मां जानकी, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव, जामवंत, माता शबरी और निषाद राज के नाम पर वाटिकाएं विकसित की जाएं। उन्होंने अयोध्या वासियों से जिला प्रशासन के साथ मिलकर किसी नदी को पुनर्जनन का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या नगर निगम के दो वर्ष पूरे होने से संबंधित एक स्मारिका का भी विमोचन किया।

# रामनगर पुलिस ने मोबाइल बरामद कर, परिजनों को सौंपा



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** तकनीक के साथ कदमताल मिलाते हुए रामनगर पुलिस ने एक मिसाल पेश की। ग्राम बाबूराव, थाना मंगलपुर जनपद कानपुर निवासी प्रवेश पुत्र सर्वेश ने अपने मोबाइल फोन के गुम हो जाने की शिकायत सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत पर तत्परता दिखाते हुए थाना रामनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मोबाइल फोन को बरामद कर लिया। बरामद मोबाइल को गुरुवार को विधिवत रूप से आवेदक के भाई मनीष के सुपुर्द किया गया। जनता में भरोसा कायम रखने वाली इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद पुलिस अपराध नियंत्रण व जनसेवा के साथ तकनीक आधारित समाधान को भी तेजी से अपना रही है।

# जनपद न्यायाधीश ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आज जनपद न्यायालय परिसर और जिला कारागार में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर न्यायालय परिसर व न्यायाधीश आवास पर आम, आँवला, बरगद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने पर्यावरण दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि ÷प्रकृति से जुड़ाव और उसके संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष जीवनदायिनी ऑक्सीजन, छाया, फल-फूल और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए हर व्यक्ति को पौधरोपण कर उसका संरक्षण करना चाहिए।कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रण विजय सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र, अंजनी कुमार सिंह व न्यायिक कर्मचारियों ने भी पौधे लगाए। इसके उपरांत जिला न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीकृष्ण चन्द्र द्वारा जिला कारागार बाराबंकी में भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी, अन्य जेल अधिकारी, कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौरभ शुक्ला (कनिष्ठ लिपिक) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उपस्थित सभी ने पौधों की देखरेख और संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## शराब पीकर अश्लील हरकत करने पर मुकदमा दर्ज

**सिद्धौर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** असंद्रा क्षेत्र के तोरईगांव के सत्यदेव ने गांव के ही एक व्यक्ति पर शराब पीकर अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है ।शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित के अनुसार गांव निवासी अखिलेश एक दबंग प्रवृत्ति का है। पिछले कई दिनों से वह अकारण उसके दरवाजे पर आकर गालियां दे रहा है। आरोप है कि बीते दिवस वह शराब के नशे में धुत होकर उसके दरवाजे पर आया और भद्दी गालियां देने लगा।नग्न होकर अश्लीलता करने लगा। विरोध करने पर आरोपी लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा हो गया। पीड़ित ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की।

# पर्यावरण के लिए प्लास्टिक एक बड़ी त्रासदी: प्रो सिद्धार्थ शुक्ल

## विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त' करने के विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के महत्वपूर्ण निर्देशन में 'विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त' करने के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पर्यावरण विभाग के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने पर्यावरण में घुल रहे प्लास्टिक रूपी जहर से उत्पन्न खतरों के प्रति दुनिया को सचेत करते हुए कहा की दैनिक जीवन में जिस प्रकार जनमानस में प्लास्टिक का प्रयोग हो रहा है, धीरे-धीरे यही प्लास्टिक मानव व अन्य जीवों के शरीर में भी प्रवेश कर रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि प्लास्टिक वर्तमान पर्यावरण के लिए एक बड़ी त्रासदी के रूप में उभर रहा है। महानगरीय क्षेत्र प्लास्टिक से उत्पन्न खतरों से जूझ रहे हैं। खेतदृखलिहान भी इससे अछूते नहीं हैं। नगरीय आबादी तो दूर अब तो प्लास्टिक समुद्र की सबसे अधिक गहराइयों के क्षेत्र में भी काफी मात्रा में समा रहा है। प्रो. शुक्ल ने कहा कि आज के दौर में प्रकृति से संतुलन बनाना अनिवार्य हो गया है। वृक्षारोपण न केवल कार्बन संतुलन बनाए रखने का माध्यम है, अपितु यह पृथ्वी को हरादृभरा एवं स्वस्थ बनाए रखने का सबसे सरल व सशक्त उपाय है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी अजय सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से एक गंभीर पर्यावरणीय खतरा उत्पन्न हो रहा है, इससे बचने के लिए कार्बन उत्सर्जन कम करना होगा। पर्यावरण को बचाए रखने के लिए मृदा प्रदूषण से पृथ्वी को बचाना होगा। बढ़ता शहरीकरण एक गंभीर पर्यावरणीय चुनौती बन रहा है, इसके लिए जन सहभागिता आवश्यक है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य अभिषेक कुमार ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 1972 से संयुक्त राष्ट्र की पहल के बाद से मनाया जा रहा है। अब यह एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है ।

सूक्ष्म जीव विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. फर्रुख जमाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पर्यावरणीय शिक्षा को प्राथमिक स्तर से बच्चों में विकसित करना होगा पर्यावरण संरक्षण के लिए जन सहभागिता और प्रदूषण नियंत्रण के लिए नवाचारों को अपनाना होगा। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के डॉ. रंजन सिंह ने तकनीकी सत्र में कहा कि सूक्ष्मजीवों के माध्यम से प्लास्टिक के अपघटन की संभावनाएं विकसित की जा रही हैं। भविष्य में यह जैविक उपाय पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान बन सकते हैं । डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि पौधों से निर्मित जैविक उत्पादक प्लास्टिक के विकल्प के रूप में प्रयोग किया जा रहे हैं। डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने भी विश्व पर्यावरण दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये।

# राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले दो शातिर गिरफ्तार, चार मोबाइल व नगदी बरामद




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा चोरी, लूट और छिनैती की घटनाओं पर रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर बुधवार को झंझेरा रोड के पास छिनैती करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रहमान उर्फ मुशीर पुत्र अकबर निवासी ग्राम फजेहतापुर तथा मोबीन पुत्र मुशीबत निवासी ग्राम अमेरा शामिल हैं। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चार अदद एंड्रॉयड मोबाइल फोन (दो वीवो, एक सैमसंग व एक ओप्पो कंपनी) और दो हजार रुपये नगद बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे अलग-अलग स्थानों पर राहगीरों को बातों में उलझाकर मोबाइल फोन छीन लेते हैं और फिर उन्हें बेचकर पैसे आपस में बांट लेते हैं। हाल ही में दिनांक 2 जून की रात्रि ग्राम अमेरा में एक व्यक्ति से बातचीत के दौरान मोबाइल छीनने की घटना भी इन्हीं के द्वारा की गई थी।

इस मामले में थाना मोहम्मदपुर खाला पर मुकदमा संख्या 322/25 धारा 304 बीएनएस दर्ज है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को प्रशंसा पत्र प्रदान करने की घोषणा करते हुए कहा कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ इसी तरह की सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान का पौधरोपण अभियान शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर गोष्ठी की गई। संस्थाध्यक्ष व स्कूल प्रबंधक रत्नेश कुमार ने इस मौके पर बदलती जलवायु मौसम की अनिश्चितता से जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को बताते हुए सभी को पेड़ लगने और पेड़ बचाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने स्कूल परिसर में आम, नीम,कटहल सागौन आदि पौधों को रोपित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान रामकिशोर रावत ने एक पेड़ माँ के नाम रोपित करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सहित शिक्षिकाओं व उपस्थित ग्राम वासियों ने सम्मिलित रूप से पौधारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ मां नाम रोपित किया। संपन्न किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने पर्यावरण रक्षा में वृक्षों के योगदान को बताया। पूर्व प्रधान रामकिशोर रावत ने कहा कि वन वर्षा में सहायक होते हैं वृक्ष ऑक्सीजन का स्रोत है वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। हम सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने और पेड़ बचाने होंगे। इस अवसर पर हम सभी लोग पेड़ लगाने, पेड़ बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अर्चना, प्रतिभा जियालाल सरस्वती ज्ञानवती सरला देवी सरोज सहित स्थानीय कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत डीएम ने किया पौधरोपण

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर, पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कैम्प कार्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। बिना इनके जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। महामारी काल ने इनकी महत्ता को साबित भी कर दिया है। इसलिये प्रदूषण को जड़ से मिटाने के लिये, हम सबको मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। वेद भी इस बात को कहते हैं, क्योंकि अथर्वेद में कहा गया है कि प्रकृति से सुरक्षा पाने के लिए उसका संरक्षण करना भी जरूरी है।

# किशोरी का शव तीसरे दिन नहर में उतराता मिला



**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** तीन दिन पूर्व देवरिया शाखा गंडक नहर में गिरे सिंदुरिया थाना क्षेत्र के हरिहर पुर निवासिनी पूजा यादव पुत्री रुदल यादव का शव वृहस्पतिवार की सुबह बेलवा गांव के के पास नहर में उतराता हुआ मिला। स्थानीय पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर जांच पड़ताल में जुट गई। हरिहरपुर निवासिनी पूजा यादव उम्र लगभग 13 वर्ष विगत मंगलवार को हरिहरपुर पुल स्थित देवरिया शाखा नहर पर नहर में कूद गई थी। संदेह के आधार पर परिजन ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व परिजनों ने दो दिनों तक नहर में पूजा का काफ़ी खोजबीन किया लेकिन उनका कही पता नहीं चल सका। वृहस्पतिवार की सुबह गांव के कुछ युवक नहर की तरफ टहलने गए थे। तभी लोगों की नजर नहर में उतराते हुए एक शव पर पड़ी। युवकों के शोर मचाने पर आसपास गांव के सैकड़ों लोग जुट गए। किसी ने इसकी सूचना सिंदुरिया पुलिस को दे दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया। थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित करने का दिया संदेश

## अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर जनपद में जगह जगह हुआ पौधारोपण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज पर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और जिला वन अधिकारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने सभी उपस्थित बच्चों को वृक्षों के महत्व के विषय में बताते हुए उन्हें वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे अपनी माता के नाम पर एक पौधा लगाएं और जैसे उनकी माताएं उनका ख्याल रखती हैं, वो भी अपने लगाए पौधे का ख्याल उसी प्रकार रखें। कहा कि आज जनपद में गंगा दशहरा और अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर *एक पेड़ मां के नाम* की थीम पर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है। लोगों से अपील की कि लोग पेड़ लगाएं और पेड़ को बचाएं। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और नदियों व जलाशयों में गंदगी न फेंकने की अपील की। जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों को मिष्ठान्न भी वितरित किया। इस अवसर पर सीएमओ महराजगंज, बीएसए महराजगंज, बीईओ सदर सहित अन्य अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया। बीएसए सुश्री ऋद्धि पाण्डेय ने कहा कि जनपद के समस्त 1709 परिषदीय विद्यालयों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है।

# भाजपाइयों ने धूमधाम से मनाया सीएम का जन्मदिन

## भाजपा कार्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाया

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** भाजपा कार्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने की। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकत्र होकर केक काटा, मिठाइयाँ बाँटी और मुख्यमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भाजपाइयों ने जय श्री राम और योगी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ जैसे नारों से माहौल को गूंजायमान कर दिया। कार्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और हर कार्यकर्ता के चेहरे पर उत्साह झलक रहा था। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और उनकी जनहितकारी नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा, ÷मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिली है।

हम सभी कार्यकर्ता उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं और उनके नेतृत्व में निरंतर कार्य करने का संकल्प लेते हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा,जिला महामंत्री राजेश यादव, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव , आकाश गुप्ता , गोविंद जायसवाल, गौतम तिवारी, वीरेंद्र चौहान, अमन पाण्डेय , राजू विश्वकर्मा, शर्मा प्रसाद विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बारीगाँव में ताला तोड़कर चोरी

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** घुघली विकास खण्ड के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बारीगांव में चोरों ने ताला तोड़कर समान उठा ले गए।

जानकारी के अनुसार बारीगांव में बुधवार रात्रि में अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर गेहूं चावल उठा ले गए। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलम गुप्ता जखीरा चौकी पर तहरीर देकर बताएं कि स्टोर में रखा तीन बोरी चावल गेहूं बर्तन बच्चों का खेल सामग्री भी चोर उठा ले गए नीलम गुप्ता यह भी बताएं कि पांच माह पूर्व भी विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी किया गया था।

इस संबंध में जखीरा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र जैन ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बकरीद पर्व पर साफ सफाई व जलापूर्ति की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आल इंडिया मजलिशे इत्तेहादिलमुस्लेमीन के जिलाध्यक्ष सरवर खान की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने आगमी त्यौहारों के लिए साफ सफाई , जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति की सुचारू रूप से बेहतर बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन से मांग की। सरवर खान ने कहा कि बकरीद त्यौहार पर जनपद भर में शांति व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाए व विद्युत आपूर्ति के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाय।उन्होंने मांग किया कि उक्त बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित कर अमल में लाया जाए। इस दौरान धर्मेंद्र गौतम,निजामुद्दीन,वासी अहमद , मुबारक अली सैफ अली खान , अरमान खान, आफताब आलम, सलीमुल्लाह खान,तुफैल अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में सांसद की अध्यक्षता में हुआ पौधरोपण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, जिलाधिकारी राजा गणपति आर, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन व मा0 विधायक कपिलवस्तु प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविंद माधव, मुख्य विकास अधिकारी, बलराम सिंह, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, नीरज शुक्ला प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय व स्कूली बच्चों ने विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पवित्र त्रिवेणी पीपल बरगद नीम का रोपण कर स्वच्छ पर्यावरण की स्थापना पर बल दिया। वन विभाग की तरफ से वृक्ष भंडारा कार्यक्रम के अन्तर्गत अतिथिगण व स्कूली बच्चों को वृक्ष भी वितरित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपड़ किया गया।

इस अवसर पर डीएफओ पुष्प कुमार के0, वीना तिवारी उपप्रभागीय वनाधिकारी, फॉरेस्ट रेंजर राजेश कुशवाहा, बन दरोगा निखिल कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र यादव तथा वन स्टाफ सुजीत कुमार सिद्धार्थ शंकर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बांसी सिद्धार्थनगर एवं ह्यूमाना पीपल टू पीपल इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य उमेश कुमार त्रिपाठी एवं उप प्राचार्य लालजी पाण्डेय ने प्रशिक्षुओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं सामाजिक विषय के प्रवक्ता महेन्द्र यादव विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षुओं ने निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# सीएम सभी वर्ग के लोगों का उत्थान के लिए कर रहे कार्य : पूर्व मंत्री

- यूपी मुख्यमंत्री जन्मदिन- पूर्व मंत्री ने मरीजों में वितरित किये फल
- सीएम प्रदेश को सुशासन, विकास व समृद्धि के पथ पर तेजी से किया अग्रसर

**एजाज़ सिद्दीक़ी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। इटवा सीएचसी में मरीजों में फल वितरित किया।

पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी ने कहा उत्तर प्रदेश को सुशासन, विकास और समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर करने वाले प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन के शुभ अवसर पर विधानसभा इटवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों एवं उनके सहयोगियों को फल वितरण कर उनसे माननीय मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त किया। भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम पूछा और डाक्टरों को बेहतर उपचार करने को कहा। पूर्व मंत्री द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्ग के लोगों का उत्थान करने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रदेश सरकार अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रही है। हम सभी का दायित्व है कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष इटवा दीप नारायण, सभासदगण सहजराम यादव ,चंदन, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव जी त्रिपाठी, शत्रुध्न पाण्डेय, राकेश मिश्रा, मनोज यादव, संतोष भट्ट, सुरेन्द्र कसौधन, प्रदीप यादव, राघवेंद्र गिरी,आशीष श्रीवास्तव, सचिन गुप्ता, प्रिंस पाण्डेय, राहुल चौहान, सत्यम आदि मौजूद रहे।

# बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण



**इटवा सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर पंचायत कार्यालय पर वृक्षारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना सभी का दायित्व है और यह दायित्व हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण उनकी रक्षा करके निभा सकते हैं।

नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश दिये कि वह तन मन से कस्बे में लगाये गये पौधों की देखभाल करके उन्हें वृक्ष बनाएं। इससे पर्यावरण को साफ सुथरा बनाया जा सके क्योंकि इन्हीं पौधों की वजह से हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन व साफ और स्वच्छ हवा मिलती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक है। इस दौरान अनूप पांडेय, माया चौधरी, राम नरेश पासवान, पिंकू मोदनवाल, कन्हैया वरुण, विद्या प्रकाश मौर्य, धीरज पासवान, अमन चौरसिया कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## महिला को मारने पीटने को लेकर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मोहना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़मौर में दबंगों द्वारा एक महिला समेत बच्चों के मारने पीटने का विडियो शोसल मिडिया पर वायरल होने व प्रार्थना पत्र मिलने के बाद मोहाना पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही में जुट गयी है। घटना बुधवार सुबह की बताई जा रही है।

गढ़मौर निवासिनी फूलकुमारी पत्नी ओम प्रकाश ने तहरीर देकर कहां कि मंगवार शाम को बच्चों बच्चों में झगड़ा हो गया था।कल हुए विवाद को लेकर दूसरे दिन बुधवार को विपक्ष के पांच लोगों द्वारा लगभग सुबह नौ बजे घर में घुस कर लाठी डंडा लात घुसो से मारे पीटे । और भद्दी भद्दी गाली देने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहे है और कहे कि जो करना है वह कर लेना । पीड़ित फूलकुमारी ने कहां कि मेरे पति रोजी रोटी कमाने के चक्कर में बाहर रहते हैं। मेरी नाबालिग लड़कियों को भी विपक्षियों ने मारा पीटा है। जिसमें बुरी तरह घायल हो गयी है।

# माटीकला कौशल विकास योजना में 20 प्रशिक्षार्थियों के चयन का लक्ष्य

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जनपद को माटीकला कौशल विकास योजना अन्तर्गत 20 प्रशिक्षार्थियों के चयन का लक्ष्य प्राप्त है। उक्त जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पी.एन. सिंह ने बताया कि इस योजनान्तर्गत चयनित आवेदकों को 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र बस्ती द्वारा कराया जाएगा, जो आवासीय होगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिदिन की दर से रु0-250/- प्रशिक्षुवृत्ति प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जाएगी।

उन्होने बताया कि इस योजना में कोई भी माटीकला कारीगर बेरोजगार महिला, पुरुष व्यक्ति अपना आवेदन ऑनलाइन माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण योजना में कर सकता है। आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं साक्षर होना अनिवार्य है। ऑनलाइन हेतु विभागीय पोर्टल पर 15 दिन के अन्दर आवेदन कर सकता है।



## कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

**बस्ती सू.वि.।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत सदर ब्लॉक के ग्राम कट्या, फ़र्दा, ओरई में कृषक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को उन्नत एवं नवीन कृषि तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि हो। इस कार्यक्रम में किसानों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव को साझा किया और कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिको से खेती संबंधी समस्याओं के समाधान को प्राप्त किया।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर के एक गांव में माह भर पूर्व घर में घुसकर तोड़फोड़ मारपीट व किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने से सम्बंधित मुकदमें में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

बीते 13 अप्रैल को गाँव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत किया था कि गांव के शिवम, सत्यम,राजू,राकेश, समर एक जुट होकर घर में घुस गये तोड़फोड़ करते हुए घर का सामान उठा लेगये और आरोपी राकेश व शिवम ने उस की बहन से छेड़छाड़ भी की थी। शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध लूट,छेड़छाड़,पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। जिस क्रम में पुलिस ने उक्त मुकदमे से सम्बंधित दो अभियुक्त राकेश कुमार व शिवम निवासीगण शाहपुर फिरोजपुर को मुखबिर की सूचना पर वाजिदपुर पुल के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने सीएम के जन्मदिन पर खिलाई मिठाई एवं किया पौधरोपण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिठाई खिलाकर जन्मदिन की खुशियां मनाई एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने वृक्षा रोपण किया।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जनपदवासी भी इस अभियान से जुड़े और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए एक पेड़ अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, सच्चिदानंद चतुर्वेदी, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, डॉ अरविंद पाण्डेय, अनुराग गगन, महेंद्र लोधी, गुड्डू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

- सीएम योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्म दिवस पर 53 यूनिट रक्त लोगों ने किया दान

**तसकीन हैदर**




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उ0प्र0 व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान के उपरांत केक काटकर सीएम के दीर्घायु की कामना की गई। वही विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी रक्तदाताओं को पौधा भेंट किया गया।

सीएम योगी आदित्यनाथ के 53वें जन्म दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 53 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। सुबह 8 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में कुल 53 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में कुल 53 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा 25 लोगों में ऐच्छिक रक्त दान के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के मौजूदगी में भाजपाइयों ने 21 पाउंड का केक काटकर व एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने की कामना किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया कि रक्तदान से कई अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य के लिए युवाओं के साथ हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि डुमरियागंज में आने पर पूर्व विधायक द्वारा किए गए विकास कार्यों देखकर एक सुखद अनुभव होता हैं। इस मौके पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रक्तवीरों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि रक्तदान करना सभी के लिए प्रेरणादायक और सराहनीय हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का अभिनन्दन किया जिन्होंने अपना रक्त लोगों के सहयोग में दान किया। उन्होंने बताया कि रक्त एक बेशकीमती संसाधन है, क्योंकि कृत्रिम तरीके से या सिंथेटिक रूप ब्लड बनाया नहीं जा सकता, इसे सिर्फ डोनेट करके ही जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सकता इसलिए ब्लड डोनेशन बेहद जरूरी है। रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है। इस दौरान रमन सिंह, अजय पाठक, अवधेश चौधरी, अमित यादव, कमलेंद्र त्रिपाठी, शिवकुमार दुबे, सुनील अग्रहरि, सुधांसु अग्रहरि, रवींद्र शर्मा, विष्णु श्रीवास्तव, रमेश चंद्र शुक्ला, प्रमोद गौतम आदि सहित 53 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर डा. दशरथ चौधरी, नरेंद्रमणि त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, लवकुश, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, अमरेंद्र त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, अजय सिंह, संजय सिंह,, पप्पू श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, अजीत उपाध्याय, प्रेम पांडे, धर्मेश पांडे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## रक्तदान करने रक्तवीरों वालों का किया उत्साहवर्धन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुख्य उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के 53 वें जन्मदिवस पर शाहपुर हिन्दू भवन पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करवाने आए लैब टेक्नीशियन प्रिंस पाण्डेय, लक्ष्मी कांत पाण्डेय, रविंद्र कुमार, ब्लड बैंक इंचार्ज अशोक कुमार मिश्रा, डा. शैलेन्द्र मणि ओझा, डा. राहुल कुमार, अंजू सिंह, डा. राकेश जायसवाल, डा. अमन जायसवाल, एसएलटी अशोक कुमार मिश्रा, एलटी एल के पाण्डेय, शंभूनाथ त्रिपाठी, राघवेन्द्र वर्मा आदि ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को जूस, फल व बिस्किट आदि देते हुए उत्साहवर्धन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। वही कार्यक्रम के अंत में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रक्त दान करने वाले रक्तवीरों व रक्तदान करवाने आए अधिकारी एवं कर्मचारियों को मोमेंटो भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बसपा की सरकार में होगा सभी धर्मो का सम्मान : शमीम अहमद

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बसपा की सरकार का मुख्य उद्देश्य समतामूलक समाज की संस्थापना है सभी धर्मो का सम्मान बसपा की चार बार की सरकार ने करके दिखाया है ।

उक्त बातें बसपा के पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मंहगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी हत्या चर्म पर हैं। कानून नाम की कोई चीज नहीं है लेकिन सरकार बेरोजगारी और मंहगाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही हत्यारे बलात्कारी खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। भाजपा नेताओ का असलील विडियो आये दिन वायरल हो रहा है मगर सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है। 2027 विधानसभा चुनाव में सर्व समाज के साथ साथ खासकर मुस्लिम समुदाय बसपा व बहन कु, मायावती जी की तरफ़ आशा भरी निगाहों से देख रहा है आने वाला दिन बसपा का है अपना बूथ करो मजबूत अभियान में पार्टी कार्यकर्ता जी जान से लगे हैं।

## धरती का श्रृंगार हैं वृक्ष : धर्मेन्द्र पाल



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** वृक्ष धरती माँ का श्रृंगार, प्रकृति का अनमोल उपहार एवं मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण को शुद्ध, स्वच्छ एवं समृद्ध बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने और अपनों के लिए अधिक से अधिक पेड़ अवश्य लगाने चाहिएं।

उपरोक्त विचार खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेन्द्र कुमार पाल ने कंपोजिट विद्यालय परसिया एवं पाला में समर कैंप के निरीक्षण एवं वृक्षारोपण के बाद बीआरसी मिठवल में आयोजित पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी में व्यक्त किए। बीईओ ने उपस्थित शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं बच्चों को एक पेड़ माँ के नाम लगाने हेतु प्रेरित करते हुए अपने विद्यालय एवं गाँव में हर राष्ट्रीय पर्व एवं पारिवारिक उत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नोडल संकुल चंद्रभूषण त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षकों और बच्चों की उपस्थिति रही।

# डीएम व एसपी ने टांडा स्थित हनुमानगढ़ी घाट का गंगा दशहरा पर्व पर किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आगामी दिनों में आने वाले विभिन्न पर्वों यथा गंगा दशहरा, बकरीद आदि पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत संबंधित उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारियों, तहसीलदार सहित विद्युत, पंचायतीराज, पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न प्रमुख स्थलों/घाटों यथा विकासखंड टांडा स्थित हनुमानगढ़ी, महदेवा घाट, घंटाघर चौक आलापुर में चाहोडा घाट आदि का भ्रमण कर साफ सफाई एवं त्यौहार की दृष्टिगत की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं अन्य मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ घंटाघर चौक से जुबेर चौराहे तक फ्लैग मार्च कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का संदेश दिया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पवित्र पर्वत गंगा दशहरा के दृष्टिगत भक्तों के सुगम अवागमन व उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या न उत्पनन होने पाए।गंगा दशहरा के अवसर पर स्नान हेतु जनपद के समस्त 23 घाटों पर बेहतर साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ जल सुरक्षा की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा की भक्तों को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा, तहसीलदार टांडा, खंड विकास अधिकारी टांडा, संबंधित क्षेत्राधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पिस्टल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, यह पिस्तौल बिहार के मुंगेर जिले में निर्मित थी।

थाना प्रभारी संत कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मसड़ा बाजार की ओर गश्त कर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल सवार भागने लगे, जिस पर संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर मसड़ा तिराहे के पास एक युवक को दबोच लिया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में मोटरसाइकिल की डिग्गी से एक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। कड़ी पूछताछ में युवक ने अपना नाम संजय कुमार तिवारी पुत्र सभाजीत तिवारी, निवासी पटना मुबारकपुर बताया और कहा कि वह बारात में गया था। बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएम के जन्मदिन पर खिलाई मिठाई एवं किया पौधरोपण



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ मिठाई खिलाकर जन्मदिन की खुशियां मनाई एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने वृक्षा रोपण किया।

जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जनपदवासी भी इस अभियान से जुड़े और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए एक पेड़ अवश्य लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, सच्चिदानंद चतुर्वेदी, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, डॉ अरविंद पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भेलौजी बुर्जुग विद्यालय में किया गया पौधरोपण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय भेलौजी बुर्जुग में बृहस्पतिवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया।

इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ल ने बच्चों को बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिन हर साल 5 जून को मनाया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जा सके और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सके। इस दौरान प्रधानाध्यापक मोहन अनुदेशक अवधेश वर्मा, प्रेमलता, सुरेन्द्र एवं तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

## एआई ड्रोन जंगी अस्त्र

यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। यूक्रेन ने ऐसा घातक पलटवार कैसे किया, उसके ब्यौरे सामने आ चुके हैं। रूस की टीमें जांच-पड़ताल करने में जुटी हैं कि यूक्रेन के फर्स्ट पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन एयरबेसों तक कैसे पहुंचे और किसी को भी भनक तक नहीं लगी। रूस सोया रह गया और उसका पूरा तंत्र नाकाम रहा। रूस को करीब 60,000 करोड़ रुपए का नुकसान आंका जा रहा है। कुछ और आंकड़ों का भी विश्लेषण सामने आया है। रूस को अकल्पनीय, अप्रत्याशित नुकसान हुआ है, लेकिन वह अब भी महाशक्ति है और यूक्रेन पर इससे भी घातक और संहारक हमला करने की योजना बनाई जा रही है। अब राजधानी कीव भी राष्ट्रपति पुतिन के निशाने पर है। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें 'कृत्रिम बौद्धिकता' (एआई) से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एलगोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया।

यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमरीका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमरीका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमरीका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़ जाएंगे। यूक्रेन के इस हमले में भारत के लिए भी कुछ सबक निहित हैं। भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किए हैं, लेकिन 'ऑपरेशन मकडज़ाल' एक महत्वपूर्ण पुष्टि करता है कि वायु-शक्ति का भविष्य मानवरहित, एआई संचालित और लंबी दूरी का होगा। भारत ने उस दिशा में शुरुआती कदम उठाए हैं।

## अगर हम दुनिया की चौथी या पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तो फिर गरीब क्यों हैं?



एस एन विश्वकर्मा

आज जब सरकारें, टीवी चैनल और तमाम अखबार यह कहने में गर्व महसूस कर रहे हैं कि भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है (वैसे हैं अभी पांचवी) तो एक आम नागरिक के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है। अगर हम इतने अमीर हो गए हैं, तो फिर जेब खाली क्यों है? महंगाई क्यों बेकाबू है? हमारी प्रति व्यक्ति आय इतनी कम क्यों है? और रुपया इतना कमजोर क्यों है? इन सवालों का उत्तर समझने के लिए हमें अर्थव्यवस्था के कुछ मूल तत्वों को समझना होगा।अर्थव्यवस्था का मतलब और 'बड़ी अर्थव्यवस्था' होने का सच अर्थव्यवस्था का मतलब होता है,एक देश में जितना सामान और सेवाएं तैयार होती हैं, उन सबका कुल मूल्य। इसे हम जीडीपी कहते हैं। भारत की जीडीपी अब दुनिया में चौथे नंबर पर है। यानी कुल उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों के लिहाज़ से भारत एक बड़ी ताकत बन चुका है। लेकिन यहां एक बड़ी गलतफहमी यह है कि बड़ी अर्थव्यवस्था होने का मतलब हर नागरिक का अमीर होना नहीं होता। जीडीपी केवल कुल कमाई बताता है, इसमें नहीं लिखा होता कि वो कमाई किन-किन लोगों में कैसे बटी है। प्रति व्यक्ति आय कम क्यों है?

भारत की सबसे बड़ी चुनौती है, जनसंख्या का आकार। 140 करोड़ लोगों के बीच जीडीपी का बँटवारा होने पर हर व्यक्ति के हिस्से में बहुत कम आता है। ऊपर से आय की असमानता भी गंभीर है, कुछ प्रतिशत लोगों के पास अधिकांश संपत्ति है और करोड़ों लोग रोज़ कमाने-खाने पर निर्भर हैं।

यही कारण है कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में 125वें स्थान के आसपास है। महंगाई क्यों नहीं रुकत ? महंगाई का अर्थ है,जब रोज़मर्रा की चीज़ों के दाम लगातार बढ़ते जाएं। भारत में महंगाई के पीछे कई प्रमुख कारण हैं, तेल और गैस जैसी ज़रूरी चीज़ें विदेश से डॉलर में आती हैं,और डॉलर महंगा हो जाने से पेट्रोल-डीज़ल महंगे होते हैं। पेट्रोल के महंगे होने से ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ता है, जिससे दूध, सब्ज़ी, अनाज सब महंगे हो जाते हैं। सरकार का टैक्स स्ट्रक्चर भी महंगाई को बढ़ाता है।पेट्रोल-डीज़ल पर टैक्स की दरें इतनी ऊँची हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमतें गिरने पर भी आम आदमी को राहत नहीं मिलती। सप्लाई चेन में रुकावट, मौसम की मार, स्टोरेज की कमी - ये भी महंगाई को जन्म देते हैं। इसलिए,बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, जब तक मूलभूत चीज़ें महंगी रहेंगी, आम जनता को उसका लाभ नहीं मिलेगा। भारतीय करेंसी (रू) इतनी कमजोर क्यों है? रुपया और डॉलर के बीच का रिश्ता देश की आर्थिक सेहत का सूचक होता है। आज जब 1 डॉलर = 85+ रुपये है, तो इसका मतलब है कि हमारी करेंसी कमजोर है। पर इसके पीछे कई कारण हैं,भारत ज़्यादातर चीज़ें बाहर से खरीदता है (आयात ज्यादा, निर्यात कम)। जैसे - तेल, मोबाइल पार्ट्स, दवाइयों के कच्चे पदार्थ, आदि। इन सबके लिए डॉलर में भुगतान होता है। डॉलर की मांग ज़्यादा - डॉलर महंगा - रुपया सस्ता। जब विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकालते हैं, तो डॉलर की मांग और बढ़ती है। रुपया कमजोर होने का सीधा असर पड़ता है। जो चीजें हम विदेश से मंगाते हैं, उनकी कीमत और बढ़ जाती है। महंगाई और तेज़,फिर ये 'चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था' का फायदा किसे? इस सवाल का जवाब भी उतना ही कड़वा है जितना जरूरी। इसका फायदा उन लोगों को ज़्यादा है जो बड़ी कंपनियों, उद्योगों और शेयर बाज़ार से जुड़े हैं। देश की समृद्धि का एक बड़ा हिस्सा कुछ गिने-चुने हाथों में केंद्रित हो चुका है। और जब आम नागरिक टैक्स देकर,महंगी चीज़ें खरीदकर,और सरकारी योजनाओं की मार झेलकर गुज़र-बसर कर रहा है,तो उसके लिए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था एक पोस्टर मात्र है, जो दीवारों पर चिपका है, लेकिन उसकी थाली में नहीं। भारत आज वाकई तेज़ी से बढ़ती हुई एक वैश्विक आर्थिक ताकत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा।**

# हरित भविष्य: 11 वर्षों में भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदला



प्रहलाद जोशी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है। सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है। पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा।

लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी। 2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को नाजुक पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था।

वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं। यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में 10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से 1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है।

दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है। चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिर्माताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ-साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निर्माताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किए हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम-सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है। इसी तरह, पीएम-कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा-गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है। सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

# बारिश के पानी में डूबते शहरों को कैसे बचाएं

**मानसून हो या न हो, दिल्ली में शहरी बाढ़ एक दुःस्वप्न की तरह है, जो बारिश के थोड़े से अंतराल पर भी बार-बार आती है। दिल्ली की प्राकृतिक जल निकासी अरावली की पश्चिम से पूर्व की ओर यमुना नदी की ओर ढलान का अनुसरण करती है, लेकिन बाढ़ के मैदानों पर अतिक्रमण और बंद नालों के कारण यह प्रवाह बाधित होता है। दिल्ली का 2,064 किलोमीटर लंबा वर्षा जल निकासी नेटवर्क पुराना हो चुका है।**



रोहित माहेश्वरी

केरल के बाद मुंबई समेत महाराष्ट्र में भी मानसून दस्तक दे चुका है। हर साल बरसात के मौसम में कई महानगरों और शहरों में कुछ घंटे की तेज बारिश के बाद विकास धुल जाता है और अव्यवस्थाओं की असली तस्वीर जनता को मुंह चिढ़ाती है। जनता टैक्स भरती है, लेकिन उसके बदले हर साल बारिश में कहीं सड़क बह जाती है। कहीं सब वे डूबने लगता है। कहीं रेल की पटरी के नीचे से जमीन खिसक जाती है और कहीं नाले-नाली-रोड के बीच फर्क खत्म हो जाता है।

बीती 25 मई की सुबह दिल्ली में कुछ ही घंटों में 81.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह बारिश 1901 के बाद राजधानी में सबसे ज्यादा बारिश वाला मई महीना रहा। नतीजा, दिल्ली का मिंटो रोड अंडरपास, जो शहरी बाढ़ की समस्या का प्रतीक है, एक बार फिर पानी में डूब गया। इसी तरह, मुंबई ने 26 मई को मई में सबसे ज्यादा बारिश का 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। मुंबई में बाढ़ इतनी भयंकर थी कि सिर्फ़ सड़कें और गलियां ही नहीं, बल्कि एक्वा लाइन पर हाल ही में शुरू हुआ भूमिगत मेट्रो स्टेशन भी बारिश के पानी से भर गया। गुवाहाटी में असमय मूसलाधार बारिश के कारण घरों और अपार्टमेंट्स में पानी भर गया। पेट्रोल पंप, एटीएम, सड़कें, बाजार और मंदिर जलमग्न हो गए, जिससे सीजन की पहली बरसात में ही शहर तालाब बन गया। दिल्ली और मुंबई के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से कुछ दिन पहले, 21 मई को दक्षिणी कर्नाटक में कम दबाव की प्रणाली से हुई भारी बारिश ने बेंगलुरु के निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया था।



क्या आपने कभी सोचा है कि बारिश मामूली हो या भारी, जलभराव की स्थिति कैसे बन जाती है? लगभग हर शहर में जल निकाली को लेकर लाखों करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। सीवेज लाइन, नालियां बनाई जाती हैं। इसपर मोटी रकम खर्च होती है और दावा होता है कि बारिश में जलभराव की स्थिति नहीं होगी, लेकिन शुरुआत से ही जल निकासी की सुविधा बेहद कमजोर होती है। बिना मानक, स्ट्रक्चरल ज्ञान के ही जहां मन होता है, वहीं से जल निकासी की सुविधा दे दी जाती है। फौरी तौर पर भले ही ये काम आ जाए, लेकिन लॉन्ग टर्म इसका सही प्रयोग नहीं हो पाता है। फिर एक समय आता है जब ये जल निकासी की सुविधा पूरी तरह से फेल हो जाती है। समस्या का मुख्य और तात्कालिक कारण बेशक लगातार बारिश है, जो एक प्राकृतिक कारक है। लेकिन जो चीज वास्तव में भारी बारिश को भारतीय शहरों में शहरी अराजकता और खतरे में डालती है, जैसा कि दिल्ली और मुंबई में देखा गया, वह मानव-प्रेरित कारकों का मिश्रण है जो इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के पैटर्न में काफी बदलाव आया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत भर में शहरी बाढ़ की समस्या बढ़ गई है।

असल में, मानसून हो या न हो, दिल्ली में शहरी बाढ़ एक दुःस्वप्न की तरह है, जो बारिश के थोड़े से अंतराल पर भी बार-बार आती है। दिल्ली की प्राकृतिक जल निकासी अरावली की पश्चिम से पूर्व की ओर यमुना नदी की ओर ढलान का अनुसरण करती है, लेकिन बाढ़ के मैदानों पर अतिक्रमण और बंद नालों के कारण यह प्रवाह बाधित होता है। दिल्ली का 2,064 किलोमीटर लंबा वर्षा जल निकासी नेटवर्क पुराना हो चुका है, जो अक्सर गाद और कचरे से भरा रहता है, जिससे भारी बारिश को झेलने की इसकी क्षमता कम हो जाती है। दिल्ली अभी भी 1976 के जल निकासी मास्टर प्लान पर निर्भर है, जब इसकी जनसंख्या सिर्फ 60 लाख थी, जबकि 2011 में यह 1.68 करोड़ हो जाएगी और अनुमान है कि 2025 तक यह 3.8 करोड़ हो जाएगी। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की विडंबना यह है कि यही जल निकाय अक्सर शहर में बाढ़ का कारण बनते हैं। दिल्ली की तरह ही, मुंबई की 1860 के दशक की जल निकासी प्रणाली, जो छोटी आबादी के लिए बनाई गई थी, आज तीव्र मानसूनी बारिश के बीच 20 मिलियन से अधिक निवासियों के साथ संघर्ष कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, पुराने शहरों में नई-नई इमारतें तो बन रहीं हैं, लेकिन ड्रेनेज मैनेजमेंट को लेकर कोई खास काम नहीं होता है। अगर कोई सिस्टम बनता भी है तो वह केवल कुछ क्षेत्र या गली के हिसाब से बनता है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए। हर जिले का अपना अलग ड्रेनेज सिस्टम होना चाहिए और शहर की आबादी, रिहायशी इलाकों और आने वाले 100 साल की संभावनाओं को देखकर तैयार करना चाहिए। इसके इंजीनियरिंग में भी बेहद गंभीरता से काम करने की जरूरत है। कई जगह ड्रेनेज सिस्टम ऊपर-नीचे हो जाता है, जिससे पानी का फ्लो बाहर निकलने की बजाय वहीं ठहर जाता है।

कई जगह ठीक ड्रेनेज सिस्टम गंदगी की वजह से ध्वस्त हो जाता है। आमतौर पर लोग पॉलीथीन, बैग व घरों से निकलने वाले हैवी कूड़े, खाना व अन्य सामग्री सड़कों पर फेंक देते हैं। यही कूड़ा सड़कों से उड़कर नालियों में आ जाता है। जिससे नाला और नाली जाम हो जाते हैं। धीरे-धीरे नाले और नालियों में इतनी गंदगी आ जाती है कि उसमें से पानी निकलने का रास्ता ही नहीं बचता है। ऐसी स्थिति में हल्की सी भी बारिश होती है तो पूरा पानी सड़कों पर एकत्रित हो जाता है। इसलिए बारिश का मौसम आने से पहले सभी छोटे-बड़े नालों की पूरी साफ-सफाई बेहद जरूरी है। वास्तव में, शहरों में सीवरों और नालों की सफाई में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है, जिस पर कोई ध्यान नहीं देता है। बरसात से पूर्व नालों और नालियों की सफाई का नाटक देशभर में होता है, बावजूद इसके पहली ही बरसात में सारे इंतजामों की पोल खुल जाती है। लगभग हर राज्य में एक जैसी व्यवस्था देखने को मिलती है। नाला-नालियों की कायदे से सफाई न होने से उसमें कूड़ा पड़ा रहता है। जब बारिश का पानी उसमें जाता है तो नाला उफना जाता है। इससे उसका पानी शहर की गलियों में बहने लगता है।

आमतौर पर हर जिले में जल विभाग, बिजली विभाग, सड़क निर्माण विभाग, नगर निगम, नगर पालिका सब अलग-अलग तरह से काम करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि एक ही सड़क को अलग-अलग विभाग वाले कई बार खोद देते हैं। ये भी ड्रेनेज सिस्टम को बर्बाद करने का एक बड़ा कारण है। ये भी देखना चाहिए कि सड़क की खुदाई के चलते सीवर या सड़क के नीचे से निकलने वाली कोई पाइप तो क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। इसी तरह सड़क की खुदाई के दौरान अक्सर बगल की नाली और नाले को भी तोड़ दिया जाता है। ऐसा भी नहीं होना चाहिए। हर शहर में नाले और नालियों के सहारे ही पानी को बाहर निकाला जाता है। इसे नदियों में मिला दिया जाता है। शहरी बाढ़ की समस्या सिर्फ दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे में ही नहीं है।

# विश्व का पहला कृषि आतंकवाद

**पूर्व इसका प्रयोग 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में आलू की फसलों को नष्ट करने के लिए इसे विमान से छोड़ा गया था। चूँकि चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान, अमेरिका को भूखा मारने का था प्लान, फंगस के जरिए अनाज खाद्य पदार्थ फसलों को बर्बाद करना था प्लान तथा आधुनिक आतंकवाद व युद्ध मानवीय जीवों की मृत्यु, फसलों भोजन स्वास्थ्य संपत्तियों भूमि पानी हवा पर्यावरण यहां तक कि सभ्यता का भी विनाश करना है।**



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज आतंकवाद की एक ऐसी ट्रेंड सी चल पड़ी है, जिसमें आज कोई देश अछूता नहीं रह गया है। एक क्रिमिनल व्यक्ति या देश केदिमाग में अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष दुश्मनों के वजूद को ही मिटाने की आईडियाएं या सोच उभरती रहती है,जो सीधे मानव बम, केमिकल बम जैविक बम और अभी उभर के आया है कृषि जैविक बम! बनकर सब कुछ नष्ट कर देता है हमने अभी तक साइबर,जैविक इत्यादि अनेकों वेपंस के आतंकवाद का नाम सुने हैं, लेकिन अमेरिका में दिनांक 4 जून 2025 को देर शाम ऐसे चीनी दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जो फंगस को तस्करी कर अमेरिका लाए थे, जो फसलों में तेजी से रोग पैदा कर संक्रमण के जरिए पूरी फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है चाहे वह गेहूं मक्का बाजरा सहित कोई भी फसल हो इसे एक तरह से बायोवेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है जो दुश्मन देश को भूखा मरने पर मजबूर कर सकता है, क्योंकि इस वेपन के जरिए उस देश की पूरी फैसलें जहरीली व सूख जाती है, यानें किसी भी तरह से इंसानों के खाने लायक नहीं रहती, हमारी पीढ़ीयों कोकोविड-19 महामारी के बारे में हमेशा याद रहेगा जो तथाकथित चमदागड़ से चीन से उदय हुई थी,ऐसा संदेश व्यक्त किया गया था। एक तरह से कृषि आतंकवाद का नया वर्जिन आजाद हुआ है, जिसका पहला निशाना अमेरिका हो सकता था। हालांकि इसके पूर्व इसका प्रयोग 1943 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में आलू की फसलों को नष्ट करने के लिए इसे विमान से छोड़ा गया था। चूँकि चीनी साजिश पर दुनियाँ हैरान, अमेरिका को भूखा मारने का था प्लान, फंगस के जरिए अनाज खाद्य पदार्थ फसलों को बर्बाद करना था प्लान तथा आधुनिक आतंकवाद व युद्ध मानवीय जीवों की मृत्यु, फसलों भोजन स्वास्थ्य संपत्तियों भूमि पानी हवा पर्यावरण यहां तक कि सभ्यता का भी विनाश करना है,जो दुखदाई है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व का पहला कृषि आतंकवाद, कोविड-19 महामारी जैसे इंसानों को नष्ट कर देती है वैसे फंगस फसलों को बर्बाद कर देता है जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम विश्व के पहले कृषि आतंकवाद की करें तो,हमने अक्सर साइबर टेररिज्म और इको टेररिज्म जैसे शब्द सुने हैं. हालांकि, अमेरिका में 4 जून को एग्रो टेररिज्म का एक दुर्लभ मामला सामने आया। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एग्रो टेररिज्म




यानी कृषि आतंकवाद की साजिश के आरोप में दो चीनी नागरिकों को अरेस्ट किया है, एफबीआई के मुताबिक, उन दोनों ने फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम नामक एक खतरनाक फंगस चीन से अमेरिका में तस्करी की थी, यह ऐसा फंगस है, जो फसलों में रोग पैदा करके इन्हें बर्बाद कर देता है. इसे एग्रीकल्चर टेररिज्म वेपन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता।कुल मिलाकर कहा जाए तो इस खतरनाक फंगस को जैविक हथियार यानी बायो वेपन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इन दोनों चीनी नागरिकों पर मिशिगन कमें साजिश, फंगस की तस्करी, झूठे बयान और धोखाधड़ी का आरोप है, अमेरिका में एग्रो टेररिज्म की इस घटना से लोगों के मन में उत्सुकता जग गई है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, फंगस फ्यूजेरियम ग्रामिनेरियम एक संभावित एग्रो टेररिज्म हथियार है और यह अरबों डॉलर के नुकसान का कारण बन सकता है,यह एक खतरनाक हानि कारक फंगस है,जो गेहूं, जौ,जई और मक्का जैसी अनाज फसलों को संक्रमित करता है, वास्तव में इसे उन पांच सबसे विनाशकारी फंगल रोगाणुओं में से एक माना जाता है जो कृषि पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित करते हैं,अब सवाल है कि क्या चीन इस प्लान से अमेरिका को बर्बाद करने चला था? कितना खतरनाक है यह विशेषज्ञों का कहना है कि यह फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट (एफएचबी) या 'स्कैब' नामक बीमारी का कारण बनता है,जो अनाज कीगुणवत्ता को नुकसान पहुंचाता है,और फसल की पैदावार को कम करता है, शोध के अनुसार, फंगस गेहूं की अमीनो एसिड संरचना में बदलाव करता है, जिससे दाने सिकुड़ जाते हैं और शेष अनाज दूषित हो जाता है, इस फंगस के गेहूं को प्रभावित करने की स्थिति में स्पाइकलेट्स की बाहरी सतह पर भूरे, गहरे बैंगनी-काले नेक्रोटिक घाव बन जाते हैं जो गेहूं के कान को तोड़ते हैं।चावल में यह प्रभावित बीजों को लाल कर देता है और बीज की सतह पर या पूरे बीज पर भूरे रंग के धब्बे पैदा कर सकता है,संक्रमित अनाज हल्के, सिकुड़े और भंगुर होते हैं।

साथियों बात अगर हम कृषि आतंकवाद को समझने की करें तो, सरल शब्दों में कहें तो जैविक एजेंटों का इस्तेमाल करके पूरी की पूरी फसल बर्बाद करना ही एग्रो टेररिज्म है, यह कृषि प्रणालियों में बीमारियों या कीटों या अन्य हानिकारक जैविक एजेंटों को व्यापक नुकसान पहुंचाने के इरादे से डालने का कार्य है,ऐसे कार्य का एकमात्र मकसद खाद्य श्रृंखला को टारगेट करना है मकसद है, अर्थव्यवस्था को तबाह करना और सामाजिक अशांति पैदा करना, इसमें पकड़े जाने की संभावना जीरो है और कम लागत में यह बड़ा मकसद को पूरा करती है, एग्रो टेररिज्म के दूरगामी प्रभाव होते हैं, खासकर उन देशों के लिए जिनकी अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है, इसे बहुत प्रभावी भी माना जाता है क्योंकि यह बिना ध्यान दिए जा सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रकार का आतंकवाद नया या अनोखा नहीं है, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने ब्रिटेन में कोलोराडो आलू बीटल के साथ आलू की फसलों को टारगेट किया.ये बीटल 1943 में इंग्लैंड में पाए गए थे, बीटल को विमान से छोड़ा गया था, मोसटागनेम विश्वविद्यालय के एक शोध पत्र में यह भी कहा गया है कि जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध जारी रहने पर अनाज के जंग के बीजाणुओं के साथ एग्रो टेररिज्म पर विचार किया था,अब समझिए अगर अमेरिका में चीनी साजिश सफल हो जाती तो अमेरिका की पूरी फसलें बर्बाद हो जातीं।

# आलमबाग मेट्रो स्टेशन के पास ढाई साल की बच्ची से दरिंदगी

■ सीसीटीवी में कैद हुई दरिंदे की करतूत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आलमबाग मैट्रो स्टेशन के नीचे सो रहे एक गरीब परिवार की ढाई वर्षीय मासूम बच्ची के साथ एक दरिंदे ने दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना के बाद परिवार वाले मासूम को लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने रेप की पुष्टि की और वन स्टॉप सेंटर को सूचना दी।मूलरूप से उन्नाव जनपद का रहने वाला पीड़ित परिवार लखनऊ के आलमबाग बस स्टैंड एवं आसपास से कबाड़ और खाली बोतलें बिनकर सड़क पर जीवन यापन करता है। परिवार के लोग मैट्रो स्टेशन के नीचे ही रात में सो जाते हैं। बुधवार रात भी परिवार दिन भर भटकने के बाद रात्रि मैट्रो स्टेशन के नीचे सो रहा था, तभी देर रात्रि किसी



दरिंदे ने मासूम का मुंह दबाकर दरिंदगी की और फरार हो गया। सुबह मासूम के प्राइवेट पार्ट में खून देखकर परिवार वाले लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रेप की पुष्टि कर दी। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर अस्पताल पहुंचे आलमबाग प्रभारी समेत पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना और घटना स्थल का निरीक्षण कर पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग प्रभारी निरीक्षक सुभाष चंद्र सरोज ने बताया कि आलमबाग मैट्रो स्टेशन पर लगे सीसी कैमरे में करीब 2=15 बजे एक दरिंदे की करतूत कैद हुई है। दरिंदे की गिरफ्तारी के लिए उनके नेतृत्व में दो टीमें गठित की गई हैं। डीसीपी मध्य की टीम और सर्विलांस टीम दरिंदे की तलाश में लगी हुई है। मासूम की हालत नाजुक होने के कारण अस्पताल ने उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। ट्रामा सेंटर के पीडियाट्रिक वार्ड में मासूम को भर्ती कर इलाज चल रहा है। मासूम की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दरिंदे की पहचान करने की कोशिश शुरू कर दी है। पुलिस जल्द से जल्द दरिंदे को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की कोशिश कर रही है। परिवार के लोग पुलिस से मांग कर रहे हैं कि दरिंदे को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। परिवार के लोग अपनी मासूम बच्ची की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं और पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# लाभार्थियों को सौंपे 96 लाख रुपये से अधिक के चेक

अवधनामा ब्यूरो

■ मण्डी परिसर में पौधरोपण कर लोगों को फलदार पौधों का किया निःशुल्क वितरण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरणीय कारकों में हो रहे बदलाव के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम नवीन गल्लामंडी सीतापुर रोड, लखनऊ में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उद्यान मंत्री ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित संरक्षित खेती कार्यक्रम वर्ष 2024-25 के लाभार्थियों को 96 लाख रुपये से अधिक की धनराशि के चेक देकर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश में औद्यानिकी को निरंतर प्रोत्साहित करने वाले प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के सुअवसर पर हम संरक्षित खेती करने वाले किसानों को सम्मानित कर रहे हैं। सम्मानित होने वाले किसान उदय प्रताप सिंह, दविन्दर सिंह, सुखुशी सिंह, राहुल द्विवेदी एवं श्रीमती खुशवंत कौर द्वारा 1600 वर्गमी0 क्षेत्रफल में मुख्यतः जरवेरा, गुलाब की संरक्षित खेती की गयी। इसके उपरांत उद्यान मंत्री ने आम उत्पादक कृषकों उपेन्द्र सिंह, अजय श्रीवास्तव, आर0एन0 सिंह, अशोक कुमार तंवर को फ्रूट फ्लाई ट्रैप का निशुल्क वितरण कर योजना का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने मण्डी परिसर में पौधरोपण कर उपस्थित जनमानस में फलदार पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया। उद्यान मंत्री ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को मुख्यमंत्री द्वारा उ0प्र0 में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत साकार किया जा रहा है। पर्यावरण में आ रहे बदलाव का समाधान हम सबकी जिम्मेदारी भी है, जिसको हम सबको मिलकर विशेष अवसरों पर एक पेड़ भेंटकर तथा पौध रोपण कर निभानी होगी।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से डीजीपी राजीव कृष्ण ने की मुलाकात। राजभवन में प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शिष्टाचार भेंट की

# मोदी सरकार के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को कैसे बदल दिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है।

सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निर्माणाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया। नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है।

पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा।लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरुआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी। 2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को




36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था। नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को नाजुक पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था। वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है। भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं।

यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में ?10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से ?1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया। इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है।

दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'किताबी-दिखावटी सैद्धांतिकता' से ऊपर उठें: अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण को 'हमारा पहला परिवार' बताते हुए लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए 'किताबी-दिखावटी सैद्धांतिकता' से ऊपर उठकर आगे बढ़ने और ईमानदारीपूर्ण नजरिया अपनाने का आग्रह किया। यादव ने 'एक्स' पर एक लम्बी पोस्ट में जोर देकर कहा कि पर्यावरण संरक्षण को किताबी प्रतिबद्धताओं या प्रतीकात्मक भावों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उसे प्रकृति के मूर्त और अमूर्त पहलुओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से वास्तविक कार्रवाई में तब्दील किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रिय पर्यावरणवंशियों, पर्यावरण ही प्रथम परिवार है। पर्यावरण संरक्षण हमारा प्राकृतिक धर्म है। सपा प्रमुख ने कहा, आज पर्यावरण दिवस है। ये दिन है पर्यावरण के संरक्षण के प्रति अपनी



प्रतिबद्धता, वचनबद्धता और किताबी-दिखावटी सैद्धांतिकता से ऊपर उठकर कर्मठता के स्तर पर परिधिमय प्राकृतिक आवरण को बचाये-बनाए रखने का। यादव ने कहा, एक पर्यावरण हमारे आसपास होता है और एक वो भी होता है, जो हमारे देखने-छूने व अन्य इंद्रियों की क्षमताओं से परे होता है। हमें उसे भी बचाना है तभी ये धरा-धरती जीवनदायिनी बनी रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, एक पर्यावरण हमारे अंदर भी होता है और वो होता है, भावनाओं, संवेदनाओं और सहनशीलता का पर्यावरण, जो हमसे विविधताओं को स्वीकार करवाता है और औरों के साथ जीना सिखाता है।

एकरंगी को बहुरंगी बनाता है। यही आंतरिक पर्यावरण मानव होने की कसौटी होता है। यही हमें सकारात्मकता से भरता है, यही हमारी सोच और हमारे विचार का क्षितिज बड़ा करता है। उन्होंने कहा, इसी के आधार पर हम देश, काल, समय की सीमा से परे जाना सीखते हैं और ऐसे काम करने के लिए प्रेरित होते हैं जिनका लाभ देश-दुनिया के समाज को युगों-युगों तक मिलता है।÷ यादव के मुताबिक, जब ये आंतरिक पर्यावरण संरक्षित होता है, तभी बाहरी पर्यावरण संरक्षित हो सकता है और इसके मूल में करुणा और प्रेम होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यावरण एक साझी विरासत है इसीलिए ये किसी एक का ही नहीं, किसी एक पीढ़ी का ही नहीं बल्कि सबका मिला-जुला दायित्व है।ये वर्तमान के लाभ-हानि के तराजू पर तौलने का मुद्दा नहीं है बल्कि पृथ्वी के प्राकृतिक भविष्य के लिए किया गया प्रयासों और संसाधनों का सर्वथा सार्थक निवेश है।

# भोजपुरी समाज ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के 53 वें जन्मदिन के अवसर पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व मे भोजपुरी समाज ने योगी आदित्य नाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी श्री हनुमान जी मंदिर मे सुबह भजन पूजन कर फल एवं 53 किलो लडडू का भोग श्री हनुमान जी लगाकर योगी आदित्य नाथ के स्वास्थ, दीर्घायु के लिए प्रभुनाथ राय सहित सभी लोगो ने प्रार्थना की तथा प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि इस वर्ष 5 जून 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक सभी भोजपुरी समाज के लोग 53 हजार वृक्षारोपण करेगे। जिसमे 11 हजार केवल पिपल होगा। आज सुबह छठघाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमतीतट लखनऊ मे 53 पौधे लगाये, जिसमे, आम, पीपल, बरगद, आम आदि रहे।इस कार्यक्रम मे संजय चौधरी,प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, मनोज सिंह,वेद प्रकाश राय, संजय सिंह, किशोर कुमार पंत,देवेन्द्र सिंह चौहान, कें एन तिवारी,हनुमान यादव, रंजन शर्मा प्रिस त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित हुए।

# निसान मोटर इंडिया ने सस्टेनेबिलिटी को दिया बढ़ावा

विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा ब्यूरो

**गुरुग्राम/लखनऊ।** सस्टेनेबिलिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निसान मोटर इंडिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कई हरित पहलका एलान किया है। देशभर मेंनिसानकेसात डीलरों ने ग्रिड बेस्ड सोलर इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन सिस्टम लगाया है। इनमें एक्युटी निसान (बड़ौदा), आरव निसान (मेहसाणा), ईवीएम निसान (केरल में 3 डीलरशिप), दादा निसान (जालंधर) और रोशन निसान (जयपुर) शामिल हैं। इस इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम से वर्कशॉप एवं शोरूम की 100 प्रतिशत बिजली की जरूरत को पूरा किया जाता है, साथ ही अतिरिक्त बिजली को बाद में प्रयोग के लिए पावर ग्रिड में भेज दिया जाता है। इस पहलसे पारंपरिक ऊर्जा स्रोत पर निर्भरता कम हुई है और स्वच्छ



डीलरशिप ऑपरेशंस की दिशा में निसान के प्रयासों को गति मिली है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'निसान में हम सस्टेनेबिलिटी को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को लेकर हमारी फिलॉसफी तात्कालिक लक्ष्य से कहीं आगे तक जाती है। यह स्वच्छ, सुरक्षित और ज्यादा समावेशी भविष्य को लेकर एक दीर्घकालिक समर्पण है। हम पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम करने और संसाधनों के उपभोग को न्यूनतम करने पर फोकस करते हैं। हमारा हर कदम सस्टेनेबल मोबिलिटी को गति देने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए दुनिया को संरक्षित रखने के हमारे विजन से प्रेरित है।'निसान ने 5 जून को देशभर में अपने सभी डीलरशिप एवं वर्कशॉप पर पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया। ग्राहकों को एक-एक पौधा लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था। इन पौधों को ग्राहकों के नाम और गाड़ी नंबर के साथ टैग किया जाएगा, जिससे यह हरित भविष्य की दिशा में उनके व्यक्तिगत योगदान के प्रतीक के रूप में रहेगा। प्रतिभागियों को 'ग्रीन सर्विस सर्टिफिकेट' और बीज का पैकेट भी दिया गया, जिससे वे निसान डीलरशिप के बाहर अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित हों। इसके अतिरिक्त, निसान ने पैकेजिंग प्लास्टिक के प्रयोग को भी 15 प्रतिशत कम किया है। इससे पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।हाल ही में निसान मोटर इंडिया ने नई निसान मैग्नाइट के लिए 74,999 रुपये की अतिरिक्त लागत पर सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट भी पेश की है। इसे विशेष रूप से पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस किट से पारंपरिक ईंधन का स्वच्छ विकल्प मिलेगा और परफॉर्मेंस से कोई समझौता किए बिना बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी मिलेगी।

पहले चरण में इस रेट्रोफिटमेंट किट को सात राज्यों- दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया है।

# ऐसी जीवन शैली अपनायें, कि पर्यावरण का संरक्षण व संवर्धन हो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आम जनता का आह्वान किया है कि प्रत्येक व्यक्ति एक पेड माँ के नाम से लगाये, यह आपकी तरफ से अपनी मां के लिए एक अनमोल उपहार होगा। उन्होंने कहा कि अपनी मां के नाम से पेड़ लगाने से उस पेड़ के प्रति भावनात्मक लगाव होगा और उसकी सुरक्षा के भी भाव हमेशा आपके मन में रहेंगे। उन्होंने कहा कि पौधों को रोपने से कहीं ज्यादा जरूरी है, उन्हें बचाना। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पौधों की सुरक्षा व देखभाल अपने नौनिहालों की भाँति करें। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के महत्व व उसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पर्यावरण के प्रति किए जा रहे सरकारी प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि सरकार के साथ समाज भी इस कार्य में आगे आए, तभी पूर्ण सफलता हासिल होगी।

# भाषा विवि में हर्बल गार्डन में वृक्षों के लाभों पर प्रदर्शनी का शुभारंभ

विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में वृक्षों के लाभों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी विषयक प्रकृति का महत्वः एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण की सतत रक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक सतत और स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, और हमें



वृक्षारोपण एवं हरित आच्छादन बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने वृक्षों के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वृक्ष न केवल हमारे पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद शारिक, प्रभारी, शारीरिक शिक्षा विभाग ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवाओं को आगे आकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पृथ्वी का हरित आवरण बढ़ाया जा सके और भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके। इस शुभारंभ समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा तथा संपत्ति अधिकारी मोहम्मद साहिल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजन में डॉ. हसन मेहंदी का विशेष सहयोग रहा। यह प्रदर्शनी न केवल छात्रों बल्कि आम जनमानस को भी पर्यावरण के प्रति सजग बनाने का संदेश दे रही है। विश्वविद्यालय द्वारा यह पहल निस्संदेह एक सकारात्मक कदम है जो प्रकृति और जीवन के बीच सामंजस्य को प्रोत्साहित करेगा।

# करबला शाह नसीरूद्दीन हैदर में सफीरे हुसैन का गम मना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन अ0स0 के सफीर (शान्ति दूत) हजरत मुस्लिम की दर्दनाक शहादत की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंजुमने जायरीने करबला शात नसीरूद्दीन हैदर की ओर से करबला शाह नसीरूद्दीन हैदर डालीगंज में सफीरे-हुसैन हजरत मुस्लिम अ0स0 के गम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुताबिक सर्वप्रथम मौलाना मुम्ताज अली ने तिलावते कलामे पाक से कार्यक्रम का आगाज़ किया जिसके बाद सैय्यद हसन रजा ने सोजो सलाम पेश किया तथा बारगाहे इमाम में शायरों ने मंजूम नज़रानए अकीदत पेश किया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस इक़ाबल मिर्जा ने किया। शायरों के बाद मजलिस को मौलाना डॉ0 सैय्यद अनवर हुसैन रिज़वी (पूर्व प्राचार्य यूनिटी डिग्री कालेज) ने मजलिस को सम्बोधित करते हुए कहा पैगम्बर साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने देखा कि यजीद दीने इस्लाम को मिटाने के लिये हिंसा, अहकार, अन्याय अय्याशी तथा अरबी में पैगम्बरे इस्लाम से पूर्व में फैली बुराईयों को अपना रहा था तो हजरत इमाम हुसैन अ0स0 ने अपने 71 साथियों सहित कुरबानी देकर केवल इस्लाम ही नहीं बल्कि आलमे इन्सानियत (विश्व मानवता) को भी बचा लिया। कूफे वालों ने यजीद के आतंक से तग आकर हज़रत इमाम हुसैन अ0स0 को कूफे बुलाया जहाँ इन्सानियत का पैगाम लेकर पहुंचे हजरत इमाम हुसैन अ0स0 के शान्ति दूत हजरत मुस्लिम अ0सं0 की यजीद के गर्वनर इन्ने जियाद ने बेदर्दी से शहीद (हत्या) कर दिया। बाद मजलिस मातमी अंजुमनों के हमराह शबीहे ताबूत जनांचे मुस्लिम का करबला परिसर में गश्त हुआ। इस प्रोग्राम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम के सह संयोजक प्रोफेसर सरवर हुसैन रिजवी ने लोगों का शुक्रिया अदा किया।

# नाईपर ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाया




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजिनीनगर स्थित नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस ऐंड रिसर्च (नाईपर) - रायबरेली के कैंपस में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 5 जून, 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। नाईपर की निदेशक प्रोफेसर शुभिनी सराफ की इस कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही और उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। संस्थान के परिसर में पौधा लगाने के बाद प्रो. शुभिनी ने कहा कि देश भर में 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष वृक्षारोपण अभियान से भारत हरित गतिशीलता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम ÷प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें÷ का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी का लक्ष्य एकल उपयोग प्लास्टिक समेत प्लास्टिक अपशिष्ट के इस्तेमाल और उत्पादन में कमी लाने पर होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से पेड़ों की देखभाल करने का आग्रह किया और माइक्रोप्लास्टिक्स से उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में भी चेतावनी दी। नाईपर के समस्त विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। आमंत्रित वक्ता बीबीएयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शैलेन्द्र कुमार यादव ने शहरी वायु प्रदूषण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वायु प्रदूषण के लिए कई कारक सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं, जिसमें घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बड़े स्तर पर मानव जनित गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय के रूप में वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया।

# किसानों को नयी तकनीकी की दी गयी जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** उप निदेशक कृषि ने बताया है कि भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी हरदोई के निर्देशों के कम में कृषको को विकसित कृषि सकंल्प अभियान-2025 का आयोजन 29 मई 25 से 12 जून 25 तक जनपद की कुल 135 ग्राम पंचायतो में किया जा रहा है। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एंव कृषि के सहयोगी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों द्वारा कृषको को नयी तकनीकी जानकारी व उपरोक्त कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक (ख्रुड्ड ह्लश ख्रुठ्ठस्र) है। आज विकास खण्ड भरखनी के ग्राम पाण्डेपुर में मा0 विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह, रानू जी द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जिसमें उनके द्वारा कृषको के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल काप सर्वे, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा आदि योजनाओ की जानकारी दी गई। उनके द्वारा कृषको बताया कि खेती में नवाचार का प्रयोग कर कृषि लागत कम कर अपनी आय में बढोत्तरी कर सकते है। इसी के साथ उनके द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल काप सर्वे, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल बीमा आदि के वारे में जानकारी दी गई। किसानों को उड़द, मूंग, ज्वार बाजरा, तिल के निशुल्क मिनी किट वितरण किए गए । उपरोक्त कार्यक्रम में, उप कृषि निदेशक सतीश कुमार, कषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी भरखनी अशोक द्विवेदी, रवि किरण वैज्ञानिक के साथ ही ग्राम प्रधान व प्रगतिशील कृषको के द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसी के साथ जनपद के विकास खण्ड बेहन्दर के ग्राम कासिमपुर, व सरेहरी में के0वी0के0 की टीम 1 वैज्ञानिक डा0 त्रिलोकी नाथ व डा0 त्रिलोक सिंह, विकास खण्ड भरावन के ग्राम अतरौली, आलमपुर व लधौरा में के0वी0 के0 की टीम-2 वैज्ञानिक डा0 अंजली साहू व डा0 मोहित सिंह, विकास खण्ड-हरियावां के ग्राम अटवा, पिपरी व बिजगवां में के0वी0के0 की टीम 3 वैज्ञानिक डा0 डी0वी0 सिंह, व डा0 प्रिया वशिष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम के नोडल ष्ट्स्स्ह्र्ठ्ठ के प्रमुख वैज्ञानिक डा0 संजय अरोरा, डा0 चन्द्रशेखर सिंह एवं डा0 अर्जुन सिंह द्वारा नोडल वैज्ञानिक के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में कुल 1713 पुरूष कृषको एवं 607 महिला कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यकम में पशुपालन, उद्यानीकरण गन्ना, मत्स्य पालन, डीएसआर विधि से धान की बुवाई आदि से सम्बधित उपयोगी जानकरी सम्बधित विभाग के उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियो द्वारा दी गई। इसी के साथ गन्ना खेती सहफसली उर्द व मूंग व अन्य फसलो से अतिरिक्त आय प्राप्त करने पर जोर दिया गया साथ ही जैविक उर्वरको का अधिक प्रयोग व नैनो यूरिया का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया ।

# पद की गरिमा बनाए रखते हुए ईमानदारी से करें कार्य

■ प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष ने घोषित की भाकियू टिकैत की जिला कार्यकारिणी

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष ने भाकियू जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नफीस सिद्दीकी को जिला महासचिव एवं साजिद हुसैन को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने नव मनोनीत पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत करनें के उपरांत कहा कि जिन पदों को सौंपा गया है पूरी ईमानदारी के साथ संगठन के हितों में कार्य करते हुए पदाधिकारी गरिमा को बनाए रखें। गुरुवार को आयोजित बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष ठा. महेंद्र प्रताप ने काफी समय से भंग चल रही कार्यकारिणी को गठित करने के उपरांत नव कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें उन्होंने अरुण कुमार उर्फडब्लू ठाकुर, इरशाद अली, सत्यम प्रजापति, प्रमोद तिवारी को जिला उपाध्यक्ष, साजिद हुसैन को जिला कोषाध्यक्ष, नफीस सिद्दीकी को जिला महासचिव, सुरेश यादव को संगठन मंत्री, दानिश खान को प्रचार मंत्री, दानिश अली को आईटी सेल का जिला प्रभारी, मो शहराज हुसैन, अनिल, अरुण एवं ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राजपूत बबलू ठाकुर को जिला सचिव, कुलदीप कुमार को तिर्वा तहसील अध्यक्ष, अकील फारूकी को जिला कार्यकारिणी सदस्य, राहुल कुमार को गुगरापुर ब्लॉक अध्यक्ष, फक्करे आलम को छिबरामऊ तहसील अध्यक्ष, आलोक राजपूत को कन्नौज ब्लॉक अध्यक्ष, सत्यनारायण कन्नौजिया को जलालाबाद ब्लाक अध्यक्ष, कुशल पाल को उमर्दा ब्लाक अध्यक्ष, जैनुल खान को तालग्राम नगर अध्यक्ष, आमिर खान को गुरसहायगंज नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों से प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान आदि ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मनोनीत सभी पदाधिकारी संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनुशासन में रहकर संगठन के प्रति पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पूर्ण आस्था रखेंगे। सबसे अंत में मनोनीत पदाधिरियों का सभी फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

## सुभाष पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**बिलग्राम, हरदोई।** 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बिलग्राम के सुभाष पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन को और बढावा देने के लिए पालिका अध्यक्ष अनिल कुमार राठौर और मंगतराम के नेतृत्व में सम्मानित सभासदों, पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए, श्री राठौर ने अपने संबोधन में पर्यावरण संतुलन के महत्व पर जोर देते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। मंगतराम ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता और हरित भारत के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। पालिका अधिकारियों ने इस अवसर पर सुभाष पार्क को हरा-भरा रखने और नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा। यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समुदाय को एकजुट करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## दलित व्यक्ति पर जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट का मामला दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई।** बिलग्राम थाना क्षेत्र में 10 मार्च 2025 को सुबह 7 बजे ईश्वरलाल पासी नामक दलित व्यक्ति पर जातिसूचक शब्दों का उपयोग कर हमला करने का मामला सामने आया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। ईश्वरलाल ने बताया कि वह अपने खेत में पानी लगाने जा रहे थे, तभी बलेंदा गांव के सूरज राठौर और श्रीराम राठौर ने उन्हें रोक लिया। दोनों के पास बांका और लोहे की रॉड थी। उन्होंने खेत में जाने से मना किया और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दीं। इसके बाद आरोपियों ने लोहे की रॉड से मारपीट की और सूरज राठौर ने बांके से हमला किया, जिससे ईश्वरलाल के दाहिने कंधे पर चोट लगी। शोर सुनकर श्रीपाल और परमाईलाल सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। ईश्वरलाल को गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## बिलग्राम के राजघाट पर श्रद्धालुओं का स्नान और पूजा



**बिलग्राम, हरदोई।** बिलग्राम के पौराणिक राजघाट पर गंगा दशहरा के पवित्र अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इसी दिन माता गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, जिसके कारण गंगा स्नान का विशेष धार्मिक महत्व है। लोगों का विश्वास है कि इस दिन स्नान और दान-पुण्य करने से पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख, समृद्धि व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। राजघाट पर भक्ति और उत्साह का माहौल रहा, जहां श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा की। इस पावन पर्व पर गंगा तट श्रद्धा और आस्था से सराबोर रहा, और लोगों ने माता गंगा से कल्याण की कामना की।

# डीएम ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश



■ वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ अर्थव्यवस्था में भी योगदान करते हैं: अनुनय

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** एक पेंड़ माँ के नाम महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन की स्मृति में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज विवेकानंद सभागार परिसर में जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मॉलश्री तथा अन्य अधिकारियों ने अशोक का वृक्ष लगाया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। वृक्ष पर्यावरण संरक्षण के साथ अर्थव्यवस्था में भी योगदान करते हैं।

## अपर जिलाधिकारी ने शहीद उद्यान में लगाया पौधा

एक पेंड़ माँ के नाम ÷ महाकुम्भ 2025 की स्मृति में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह ने शहीद उद्यान में पौधरोपण किया। पौधरोपण करके उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम, एसपी ने मेहंदी घाट व जलेसर घाट का किया निरीक्षण



**कन्नौज।** जेष्ठ मास गंगा दशहरा के पावन स्नान के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दल बल के साथ जनपद के मेहंदी घाट एवं जलेसर गंगाघाट का स्थलीय निरीक्षण कर जहां एकओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर डियूटी करनें के निर्देश दिये।

गुरूवार को जेष्ठ मास गंगा दशहरा के पावन स्नान के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा कोतवाली कन्नौज क्षेत्रान्तर्गत मेहंदी घाट व थाना गुरसहायगंज क्षेत्रान्तर्गत स्थित जलेसर गंगा घाट का गहनता से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं मेहंदी घाट व जलेसर घाट पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने हेतु ट्रैफिक व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, एंटी-रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल को सतर्क एवं संवेदनशील होकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

# पुलिस और यातायात पुलिस ने चलाया जिले में चेकिंग अभियान

■ चेकिंग दौरान पांच चालक नशे की हालत में पाए जाने पर दी चेतावनी

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाते हुए दो व चार पहिया वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करते हुए पांच चालकों को नशे की हालत में पायाए जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए भविष्य में नशा कर वाहन न चलाने की हिदायत भी दी गई। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभारी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के क्रम में प्रभारी यातायात पुलिस महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम शहर के प्रमुख चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दो व चार पहिया वाहनों को रोककर चालकों से गाड़ी कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस देख गए इसके बाद टीम द्वारा एक एक चालक परिचालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई है। जांच दौरान पांच चालक नशे की हालत में पाए गए। प्रभारी यातायात ने बताया कि नशे में पकड़े गए चालकों के खिलाफ नियामुसार चालान की कार्रवाई की गई साथ ही हिदायत दी गई कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होगी तो उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निरस्तीकरण की प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी। चेकिंग अभियान दौरान सभी चालक परिचालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए उनको ओवर स्पीड में न चलने, अपने लेन में ही वाहन चलाने और सवारियों से मधुर व्यवहार करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने यह भी कहा गया कि यदि कोई चालक परिचालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए मिला तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को दबोचा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उप निरीक्षक विकल्प चतुर्वेदी, कांस्टेवल दुष्यन्त उपाध्याय, सुनील कुमार, विजय मिश्रा, सन्नी तोमर के साथ बुधवार की शाम गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एसबीडी हायर सेकेन्डरी स्कूल के पास मोहल्ला देविनटोला सरायमीरा के निकट एक युवक पुलिस बल देखकर भाग खडा हुआ जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद कर हिरासत में लिया गया है।

# जीवन अनमोल है नशे की लत में पड़कर न करें बर्बाद: डॉ. तनवीर

■ नशा मुक्ति केंद्र द्वारा ग्राम करहरा में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणो को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिला नशा मुक्ति केंद्र महोबा द्वारा ग्राम करहरा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत केंद्र टीम ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए तंबाकू सिगरेट आदि नशे से संबंधित पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी, साथ ही ग्राम वासियों को नशा न करने के लिए प्रेरित करते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

ग्राम करहरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सक तनवीर कौसर ने कहा कि जीवन अनमोल है इसे नशे की लत में पड़कर बर्बाद न करें। कहा कि सिगरेट, तम्बाकू, बीड़ी आदि नशीले पदार्थों का व्यसन संपूर्ण भारत में बढ़ती हुई महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। यह व्यसन आम लोगों के साथ उनके परिवारों व समाज के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करता है। नशीले पदार्थों की लत विशेष रूप से युवा पीढ़ी को प्रभावित करती है, जिसके कारण गंभीर परिणाम सामने आते हैं। इनमें अपराधों की दर में वृद्धि, तनावपूर्ण पारस्परिक संबंधए सीमित आर्थिक संभावनाएं और सामाजिक कल्याण पर व्यापक हानिकारक प्रभाव शामिल हैं। कहा कि व्यक्ति, परिवार, कार्यस्थल और समाज पर मादक द्रव्यों पर निर्भरता के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों में जागरूकता लाने की आवश्यता है और इस कार्य में नशा मुक्ति केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

केंद्र की ट्रेनी सुपरवाइजर अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि तम्बाकू सिगरेट आदि नशे की लत से सिर्फ शरीर पर ही नहीं, बल्कि जीवन पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। यह आदत स्वास्थ्य समस्याओं, सामाजिक संबंधों में तनाव और वित्तीय नुकसान का कारण बन सकती है। सिगरेट से शरीर को कई नुकसान होते हैं, जैसे कि फेफड़ों का कैंसर, दिल का दौराए और स्ट्रोक। सिगरेट की लत से जीवनशैली पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में नैन्सी, प्रकाश ने भी उपस्थित लोगों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राहुल, शिवानी सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण कर पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग संकट से बचाएं



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्रीन क्रॉस एजेंसी के प्रबंधक एवं एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खान ने पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कर लोगों को हरित क्रांति का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर किसी को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे ग्लोबल वार्मिंग संकट से पर्यावरण को बचाया जा सके। गुरुवार को कार्यकर्ताओं के साथ एआईएम आईएम जिलाध्यक्ष इशरत खान ने वृक्षारोपण करने के उपरांत कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। हमारी जरूरत की सभी प्रकार की वस्तुओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हमें प्रदान करते हैं। जीवन दाहिनी ऑक्सीजन गैस पौधों से ही प्राप्त होती है, जिससे मानव जीवन संभव है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण दिवस पर संकल्प लेना चाहिए कि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कर एआइपीएमएम ने दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय और जनजागृति से भरपूर पहल की। संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जनाब मोहम्मद यूनुस और राष्ट्रीय सलाहकार जनाब अख्तर हुसैन के नेतृत्व में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर यूनुस साहब ने कहा, हर पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि ज़िंदगी की सांस है। वहीं, अख्तर हुसैन ने कहा, पेड़ों से मोहब्बत इंसानियत से मोहब्बत है। यह संदेश न केवल प्रकृति के प्रति प्रेम को दर्शाता है, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी आह्वान करता है। 4 जून 2025 को आयोजित ऑनलाइन ज़ूम मीटिंग में संगठन के राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रत्येक सदस्य कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ले। राष्ट्रीय महासचिव व महाराष्ट्र प्रभारी कमरुद्दीन अंसारी ने पेड़ों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, पेड़-पौधे ऑक्सीजन उत्पादन, जलवायु नियंत्रण, मिट्टी संरक्षण और जैव-विविधता के रक्षक हैं। पेड़ों की कटाई से वायु प्रदूषण, जलवायु संकट और जैव विविधता में गिरावट जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अबु शहीद अंसारी ने इसे सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग से इस अभियान में भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर संगठन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके जन्म दिवस पर शुभकामनाएँ एवं दीर्घायु की दुआएँ दीं। संगठन ने इसे एक शुभ संयोग बताते हुए कहा कि जिस दिन पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक संदेश दिया जाता है, उसी दिन एक ऐसे जननेता का जन्मदिन है, जिन्होंने स्वच्छता, हरियाली और सतत विकास को प्राथमिकता दी है।

## नगर निगम प्रशासन की व्यवस्था रही दुरुस्त, श्रद्धालुओं ने की तारीफ

**मथुरा।** गंगा दशहरा पर यमुना नदी में स्नान करने आये श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों की सुविधा हेतु नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा किए गए इन्तजामातो का महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत यमुना पार कच्चे घाटों से की गई जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। इसके पश्चात स्टीमर के माध्यम से दाऊजी घाट, ध्रुव घाट, स्वामी घाट, असकुंडा घाट, विश्राम घाट, राजा घाट, बंगाली घाट आदि प्रमुख घाटों का अवलोकन किया गया। राजा घाट व विश्राम घाट पर पहुंचकर महापौर श्री अग्रवाल एवं नगर आयुक्त ने व्यवस्थाओं को देखा। नगर निगम ने सफाई सुरक्षा व्यवस्था के साथ सभी घाटों पर बैरिकेडिंग कराने के श्रद्धालुओं को लाइफ जैकेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए।

# हेमा मालिनी ने वृक्षारोपण कर, प्लास्टिक मुक्त ब्रज की रज अभियान की शुरुआत की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील सदर परिसर में सांसद हेमा मालिनी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने वृक्षारोपण किया। जिलाधिकारी ने अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पौधों की सेवा अपने बच्चों के समान करनी चाहिए। पौधारोपण के साथ साथ पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्ति की थीम पर आज जनपद मथुरा में प्लास्टिक मुक्त-बृज की रज अभियान अन्तर्गत माह मई 2025 में एकत्रित की गयी प्लास्टिक की विकास खण्ड मुख्यालय से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति यात्रा निकाली गयी। यात्रा तहसील मथुरा पर समाप्त हुई जहां सांसद हेमा मालिनी , जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की उपस्थिति में प्लास्टिक मुक्ति यात्रा को तहसील मथुरा से विकास खण्ड मथुरा के ग्राम पंचायत तोष स्थित कचरा से कंचन केन्द्र हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद में स्थापित नौहझील प्लास्टिक वेस्ट प्रबन्धन ईकाई के क्रियाशीलता एवं संचालन हेतु जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल के निर्देशों के क्रम में पी0पी0पी0 मोड पर ग्राम पंचायत नौहझील द्वारा राधे कृष्णा प्लास्टिक, एफ/52, साइट ए, महोली इण्डस्ट्रेरियल ऐरिया मथुरा से अनुबन्ध किया गया। अनुबन्ध की प्रति सांसद द्वारा फर्म के प्रबन्धक सुनील अग्रवाल को दिया गया। सांसद द्वारा अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिये गये। प्लास्टिक मुक्त-बृज की रज अभियान अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्ति यात्रा में जनपद में अब तक एकत्रित कुल 20 टन प्लास्टिक को रवाना किया गया। जनपद मथुरा में सर्वाधिक प्लास्टिक एकत्रीकरण एवं स्वच्छता में उत्कृष्ट करने हेतु ग्राम पंचायत छटीकरा विकास खण्ड मथुरा के प्रधान श्री नरेन्द्र एवं श्री गोपाल, सचिव ग्राम पंचायत तथा विकास खण्ड मांट की ग्राम पंचायत मांट राजा के प्रधान शीला देवी, सचिव धीरेन्द्र, कु0 गुजंन, पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया।

# बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दो इनामी बदमाश घायल

अवधनामा संवाददाता

■ तमंचा कारतूस और लूट की रकम हुई बरामद

**मथुरा।** मथुरा में अपराध के खिलाफ नकेल कसने को पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है इसी क्रम में मथुरा के थाना कोसी कला क्षेत्र में पुलिस टीम की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें दो इनामी बदमाशो के पैर में गोली लगी जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज के लिए भेजा गया। पकड़े गए बदमाशों पर पुलिस द्वारा 15-15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए दोनों शातिर किस्म के जेबकट बताए गए हैं , रिश्ते में दोनों जीजा साले लगने वाले बदमाश बड़े शातिराना अंदाज में जेबकटी की घटना को अंजाम देते थे, पुलिस ने दोनों बदमाशों पर इनाम घोषित किया हुआ था , इन दोनों बदमाशों के द्वारा 25 मई को जेबकटी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस मुठभेड़ में पकड़े सूरज उर्फ नैनू, एवं बंटी निवासी मुंडकटी जिला पलबल द्वारा 25 मई को थाना छाता में एक किसान जो अपने पशुओं को बेचकर आ रहा था उसी दौरान रास्ते में मिल उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया और बड़े शातिराना अंदाज में उसकी अलग अलग जेबों में रखे 80 हजार रुपए पार कर दिए। किसान की शिकायत पर इलाका पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश करने में जुट गई, पुलिस टीम बुधवार रात इलाके में चेकिंग अभियान चला रही थी तभी पुलिस टीम को दो व्यक्ति एक मोटर साइकिल पर सवार हो कर आते दिखाई दिए, दोनों को जब पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो बंटी और सूरज द्वारा पुलिस टीम पर अचानक फायर ठोक दिया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली जा लगी पुलिस टीम द्वारा घायल अवस्था में दोनों बदमाशों को धर दबोचा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार हुए बदमाशों के पास से पुलिस को दो तमंचा,7 कारतूस एक पल्सर बाइक और किसान से जेबकटी में उड़ाई रकम के 22 हजार 200 रुपए बरामद हुए ।

## फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कोको गॉफ का सामना बोइसों से, जोकोविच और सिनर भी जीते

**पेरिस।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीज को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया। 22 वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने डेब्यू ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं। पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा।

## आरसीबी के जश्न में मची भगदड़ पर बीसीसीआई ने जताया दुख, बोर्ड ने कहा- योजना बनानी चाहिए थी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न में मची भगदड़ को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का बयान भी सामने आया है। बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में चार लोगों के मरने की भी खबर है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने अस्पताल अधिकारियों के हवाले से इस बात की पुष्टि की है। आरसीबी के खिताब जीतने पर बंगलूरू में मंगलवार रात से ही जश्न का माहौल था।

आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रनों से हराकर पहली बार खिताब जीता था। आरसीबी फ्रेंचाइजी ने घरेलू प्रशंसकों के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने का फैसला किया था। आईपीएल 2025 की चैंपियन आरसीबी की टीम बुधवार को अहमदाबाद से बंगलूरू पहुंची। बंगलूरू पहुंचने पर चैंपियन खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। बंगलूरू एयरपोर्ट से लेकर टीम होटल और



कर्नाटक विधानसौधा के बाहर तक प्रशंसकों का भारी हुजूम लगा रहा।

आरसीबी टीम के चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचने से पहले भगदड़ मच गई जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। इसे लेकर अब बीसीसीआई ने भी दुख जताया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह दुखद घटना है। यह लोकप्रियता का नकारात्मक पहलू है, लोग अपने क्रिकेटरों के लिए पागल हैं। यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है, आयोजकों को आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनानी चाहिए थी। मृतकों के परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

सैकिया ने कहा, जब कोई इतने बड़े पैमाने पर विजय उत्सव का आयोजन करता है, तो उचित सावधानी, सुरक्षा और संरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। कहीं न कहीं कुछ चूक हुई है। आईपीएल के इतने शानदार समापन के बाद, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना रही। पहले भी आईपीएल की खिताबी जीत का जश्न मनाया गया है, जैसे पिछले साल कोलकाता में जब केकेआर ने जीत हासिल की थी, लेकिन वहां कुछ नहीं हुआ था।

सैकिया ने बारबाडोस में भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद मुंबई में हुए जश्न का उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा, जब हमने टी20 विश्व कप जीता था, तब भी यही स्थिति थी। मुंबई में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। पुलिस और स्थानीय अधिकारियों ने मिलकर काम किया जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित किया जा सके। मुझे उम्मीद है कि कोई और अप्रिय घटना न हो।

## बंगलूरू में भगदड़ से फीकी पड़ी ट्रॉफी की चमक
## खेल जगत में पहले भी मातम में बदल चुका जश्न

**नई दिल्ली।** आरसीबी के 18 सत्र के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था जो बुधवार को गम में बदल गया। स्टेडियम के बाहर करीब दो लाख प्रशंसक जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं सकी। इससे अफरा तफरी फैल गई और 11 प्रशंसकों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हो गए। घटना इतनी भयावह थी कि बीसीसीआई तक को बयान देना पड़ा। बोर्ड ने बुधवार को मची भगदड़ के लिये तैयारियों में चूक को दोषी ठहराया, जबकि आरसीबी टीम प्रबंधन ने कहा कि क्रिकेटप्रेमियों की भावनाओं के साथ हमदर्दी रखनी चाहिए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और 11 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने यह भी बताया कि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सरकार ने मृतकों के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे



की घोषणा की है। यह खेल की दुनिया में पहली बार नहीं है जब किसी टीम का जश्न मातम में बदला। हाल ही में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के पहली बार चैंपियंस लीग जीतने पर भी जश्न मनाने के दौरान पेरिस में बवाल हुआ था, जिसमें कई लोग मारे गए थे।

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की यूएफा चैंपियंस लीग में खिताबी जीत के बाद मचे उत्पात में दो प्रशंसकों की मौत हो गई, जबकि एक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल होने के बाद कोमा में पहुंच गया। 31 मई को देर रात खेले गए मुकाबले में पीएसजी ने इटैलियन क्लब इंटर मिलान को 5-0 से रौंद दिया। यह पीएसजी का पहला चैंपियंस लीग खिताब है और इसके बाद पेरिस में जश्न मनाने के लिए लोग सड़कों पर आ गए। 5-0 से जीत पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत रही। पेरिस में जश्न मनाने को लेकर खूब बवाल हुआ और पुलिस को मामले को शांत कराना पड़ा। इसके कई वीडियोज भी सामने आए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैंस ने पुलिस पर हमला भी किया। गाड़ियों में भी आग लगाई और जमकर बवाल काटा। राष्ट्रीय पुलिस सर्विस ने बताया कि जीत के बाद पीएसजी की स्ट्रीट पार्टी के दौरान एक 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। पीएसजी के जश्न के दौरान कार से स्कूटर टकराने के बाद एक व्यक्ति की पेरिस में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 300 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी को मिली जीत, मिश्रित युगल में भारत की उम्मीदें बरकरार रखीं




**जकार्ता।** रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली। सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर में के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट तक चले शुरुआती दौर के कड़े मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को 15-21, 21-16, 21-17 से हराया। इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से 14-21, 9-21 से शिकस्त मिली।

आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों 15-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ 11-21, 21-16, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## अपना वर्चस्व दिखाना चाहते थे मैग्नस, गुकेश से हार पर कार्लसन के हाथ पटकने पर आया आनंद का बयान

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज में विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश से हारने के बाद विश्व नंबर-एक मैग्नस कार्लसन ने मेज पर रखे चेस बोर्ड पर हाथ पटका था। किसी ने कार्लसन जैसे दिग्गज से इस तरह की प्रतिक्रिया की अपेक्षा नहीं की थी। अब इस पर भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का बयान आया है। उन्होंने कहा कि गुकेश से हारने के बाद कार्लसन की उग्र प्रतिक्रिया शायद इसलिए थी क्योंकि उन्होंने देखा कि खेल में उनके वर्चस्व को किसी युवा खिलाड़ी द्वारा चुनौती दी जा रही है। आनंद ने कहा कि FIDE इस घटना पर बहुत जल्द चर्चा कर सकता है। नॉर्वे शतरंज के छठे राउंड में गुकेश से हार से हताश कार्लसन ने मेज पर हाथ पटका था, जिससे मोहरें तितर बितर हो गईं। कार्लसन फिर ओह माय गॉड चिल्लाते हुए उस हॉल से



निकल गए। उनकी यह प्रतिक्रिया देखकर पूरी दुनिया हैरान थी। कार्लसन इसी टूर्नामेंट में गुकेश से एक बार भिड़ चुके थे, जिसमें नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी ने जीत हासिल की थी, लेकिन दूसरे में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

आनंद आमतौर पर अपने शांत व्यवहार और सज्जनतापूर्ण शैली के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, इस मामले पर वह प्रतिक्रिया देने से नहीं कतराए। आनंद ने कहा कि 34 वर्षीय कार्लसन गुकेश के खिलाफ जीतकर रेत में कुछ रेखा खींचना चाहते थे। वह दिखाना चाहते थे कि इस खेल में उनका वर्चस्व जो कोई और खिलाड़ी नहीं बना सकता। आनंद ने कहा, गुकेश को हराना कार्लसन के लिए बहुत मायने रखता था। भले ही अन्य सभी खेलों में उनकी हालत उतनी अच्छी नहीं हो, लेकिन क्लासिकल चेस में मुझे लगता है कि वह कुछ साबित करना चाहते थे। वह युवा खिलाड़ियों को दिखाना चाहते थे कि अभी भी वही इस खेल के शहंशाह हैं। उनकी प्रतिक्रिया सबकुछ बताती है। मुझे लगता है कि गुकेश के खिलाफ एक और जीत से वह बहुत खुश होते।

आनंद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष हैं और प्रसारण प्रतिबद्धताओं के लिए नॉर्वे में ही हैं। उन्होंने कहा कि यह तथ्य कि वह जीतने की स्थिति से हार गए, शायद इस वजह से उनकी निराशा और हताशा और बढ़ गई। आनंद ने कहा, दुनिया के किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ, वह इतनी अच्छी स्थिति में आकर हारना पसंद नहीं करते। मुझे भी ठीक ऐसा ही महसूस हुआ था जब मैंने तीन साल पहले 2022 में नॉर्वे में मैग्नस के खिलाफ अपने खेल में कुछ गलतियां की थीं और हार गया था। आनंद ने कहा कि कार्लसन के खेल में गिरावट के लिए कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह खेल और उसकी रणनीति उनके लिए बहुत मायने रखता था और वह करीब आकर फिसल गए, लेकिन इसके पीछे थकान भी एक कारण हो सकता है।

## बंगलूरू की अप्रिय घटना पर आरसीबी ने जताया दुख, समर्थकों से की सुरक्षित रहने की अपील

**बंगलूरू।** आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम बुधवार को बंगलूरू पहुंची थी। इस दौरान कर्नाटक सरकार ने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए भव्य आयोजन किया था। हालांकि, भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की।

बंगलूरू में बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ हो गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इस अप्रिय घटना पर आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दुख जताया। फ्रेंचाइजी ने समर्थकों से सुरक्षित रहने की अपील की।

दरअसल, आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम बुधवार को बंगलूरू पहुंची थी। इस दौरान कर्नाटक सरकार ने खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए भव्य आयोजन किया था। हालांकि, भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। इसकी पुष्टि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की। उन्होंने कहा- चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 33 लोग घायल हो गए। विजय समारोह के दौरान एक बड़ी त्रासदी घटी। यह घटना चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई। सरकार ने मृतकों के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। सरकार घायलों को मुफ्त इलाज मुहैया कराएगी। वहीं, इस घटना पर अब आरसीबी ने भी दुख जताया है। आरसीबी की तरफ से जारी किए गए बयान में कहा गया, हम मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से सामने आई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से बहुत दुखी हैं, जिसमें टीम के आज दोपहर आगमन की प्रत्याशा में पूरे बेंगलुरु में लोगों की भीड़ जुटने की बात कही गई है। सभी की सुरक्षा और भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

## रिलीज से पहले ही हाउसफुल 5 ने कमाए 7 करोड़, स्लो शुरुआत के बाद पटरी पर लौटी एडवांस बुकिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पॉपुलर कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल' एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। हाउसफुल 5 6 जून



2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, लेकिन रिलीज से पहले ही इस फिल्म ने कमाई के मोर्चे पर झंडे गाड़ दिए हैं। सैकनिल्क के ताजा आंकड़ों के मुताबिक फिल्म की एडवांस बुकिंग में 7 करोड़ से ज्यादा की रकम आ चुकी है और ये आंकड़ा हर घंटे तेजी से बढ़ रहा है।

**किलर कॉमेडी और मर्डर मिस्ट्री का तड़का**

'हाउसफुल 5' इस बार सिर्फ कॉमेडी तक सीमित नहीं है। फिल्म में मर्डर मिस्ट्री, क्रूज पर सेटिंग, और 19 सितारों की भारी-भरकम स्टारकास्ट के साथ एक अनोखा अनुभव मिलने वाला है। इस फिल्म को किलर कॉमेडी का टैग दिया जा रहा है और ट्रेलर देखने के बाद दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। कुछ दिन पहले आए ट्रेलर में देखा गया कि कहानी एक क्रूज पर घटती है जहां हंसी-मजाक के बीच एक खतरनाक मर्डर मिस्ट्री सामने आती है। हर किरदार के पीछे एक ट्विस्ट है और हर मोड़ पर हंसी का बवंडर।

**एडवांस बुकिंग में रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत**

फिल्म की एडवांस बुकिंग कुछ ही दिनों पहले शुरू हुई और अब तक एक लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। ये साफ संकेत है कि फिल्म की ओपनिंग जबरदस्त होने वाली है। करीब 13,800 शोज की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का मानना है कि 'हाउसफुल 5' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत कर सकती है।

**फिल्म में दिखेगा लगभग आधा बॉलीवुड**

इस बार की हाउसफुल सिर्फ अक्षय कुमार और रितेश देशमुख तक सीमित नहीं है।

इसमें अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, डिनो मोरिया, संजय दत्त, चंकी पांडे, जैकलीन फर्नांडीज़, नर्गिस फाखरी, नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, चित्रांगदा सिंह जैसे कई और सितारे भी शामिल हैं। इतनी बड़ी स्टारकास्ट के साथ फिल्म का हर फ्रेम देखने लायक होगा।

## बंगलूरू भगदड़ मामले पर कमल हासन से लेकर सुनील शेट्टी तक ने जताया दुख, कहा- दिल टूट गया

**नई दिल्ली।** बंगलूरू में हुए भगदड़ हादसे पर कई सेलेब्स ने दुख जताया है। जिन लोगों ने हादसे में मारे गए लोगों के लिए दुख जताया है उनमें कमल हासन, आर माधवन और सुनील शेट्टी शामिल हैं।

बंगलूरू में उस वक्त बड़ा हादसा हो गया जब आईपीएल की टीम आरसीबी की जीत का जश्न देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ जमा हो गई। भीड़ की वजह से चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास भगदड़ मची। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई है और 13 लोग जख्मी हुए हैं। इस हादसे से पूरा देश सदमे में हैं। इस मामले पर कई फिल्मी सितारों ने रिएक्शन दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है?

**दुखी हैं कमल हासन**

अभिनेता कमल हासन, आर माधवन और सुनील शेट्टी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने बंगलूरू में हुए हादसे में लोगों की मौत पर शोक जताया है।

कमल हासन ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा मैं बहुत दुखी हूं और इस दुख की घड़ी में मैं पीड़ित परिवारों के साथ हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ

**शोक**

> **अभिनेता कमल हासन, आर माधवन और सुनील शेट्टी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने बंगलूरू में हुए हादसे में लोगों की मौत पर शोक जताया है।**

होने की कामना करता हूं।

**आर माधवन ने दी प्रतिक्रिया**

अभिनेता आर माधवन ने हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बहुत दुखद है। गम में डूबे परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। कृपया जिम्मेदार और सुरक्षित रहें। अधिकारियों से जांच किए बिना अफवाहों पर ध्यान न दें।

**सुनील शेट्टी ने जताया दुख**

अभिनेता सुनील शेट्टी ने एक्स पर पोस्ट किया %खुशी का एक पल... गम में बदल गया!!! बेंगलुरु में जान



गंवाने वालों के बारे में सुनकर दिल को ठेस पहुंची है। उन परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।

**विवेक ओबेरॉय हुए दुखी**

अभिनेता विवेक ओबेरॉय एक्स पर लिखा है अपनों को खोना वाकई दुखद है, खास तौर पर उस समय जब क्रिकेट में खुशी का पल होना चाहिए था। इस हादसे में प्रभावित हुए परिवारों और दोस्तों के साथ हमारा दिल भी दुखी है। हमारी संवेदनाएं और सपोर्ट आपके साथ है। आपको ताकत और शांति मिले।

**कोई भी जश्न जिंदगी से बड़ा नहीं**

अभिनेता सोनू सूद ने इस हादसे पर दुख जताते हुए लिखा बंगलूरू में आईपीएल का जश्न मनाते हुए हादसे से दिल टूट गया है। कोई भी जश्न जिंदगी से बड़ा नहीं है। पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

**अनुष्का शर्मा ने हादसे को बताया दुखद**

बुधवार को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत और 47 लोगों के घायल होने से अभिनेत्री-निर्माता अनुष्का शर्मा दुखी हैं। उन्होंने आरसीबी की तरफ से जारी बयान को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है और इस पर टूटा हुआ दिल वाला इमोजी बनाया है।

**अभिनेत्री सैयामि खेर ने जताया दुख**

बंगलूरू हादसे पर अभिनेत्री सैयामि खेर ने दुख जताया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर स्टेटस लगाया है जिसमें लिखा है चिन्नास्वामी में जो कुछ हुआ, उसे देखना अत्यंत दुखदाई है।

**क्या है पूरा मामला**

आपको बता दें यह हादसा इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए आयोजित जश्न में उमड़ी भारी भीड़ की वजह से हुआ। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यहां 35,000 लोगों की क्षमता वाले स्टेडियम में जश्न मनाने के लिए लाखों लोग सड़कों पर उमड़ पड़े।

## कमल हासन ने अब मणि रत्नम संग बनाई 'इंडियन 2'

**मुंबई।** अभी कुछ दिन पहले फिल्म 'मालिक' का ट्रेलर रिलीज हुआ। ट्रेलर में एक साइड प्रोफाइल क्लोजअप राजकुमार राव का ठीक वैसा ही है, जैसा फिल्म 'एनिमल' में रणबीर कपूर का रहा है। हो सकता है वह गरीब फिल्म निर्माताओं के रणबीर कपूर ही बनना चाह रहे हों, लेकिन ये मणि रत्नम जैसे निर्देशक को क्या हुआ? फिल्म 'ठग लाइफ' के एक सीन में कमल हासन को छोटी सी कुल्हाड़ी लेकर लड़ते हुए जैसे दिखाया जाता है, दिमाग में बजने लगता है, 'के अर्जन वेल्ली ए...'! कमल हासन की मेगा बजट फिल्म 'ठग लाइफ' तमिल सिनेमा के दो दिग्गजों का मिलन है। 'नायकन'के बाद मणि रत्नम और कमल हासन फिर साथ आए हैं। चेन्नई में मिलने पर कमल हासन ने बताया था कि जवानी के दोनों में दोनों ने स्कूटर स्टैंड पर गद्दियों पर पसरे हुए सिनेमा के तमाम सपने एक साथ देखे थे, ये उनमें से एक है! क्या वाकई?

**सीधे मुकाबले से हटते ही बना अंदेशा**

फिल्म 'ठग लाइफ' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक रही है।

**'ठग लाइफ'**

> **कमल हासन की मेगा बजट फिल्म 'ठग लाइफ' तमिल सिनेमा के दो दिग्गजों का मिलन है।**

माना जा रहा था कि ये हिंदी फिल्म 'हाउसफुल 5' को कड़ी टक्कर देगी। लेकिन, फिल्म की रिलीज शुक्रवार की बजाय गुरुवार को तय होते ही पहला संकेत ये आया कि शायद सीधे मुकाबले के लिए 'ठग लाइफ' की टीम तैयार नहीं है। तैयार इस फिल्म की कहानी भी नहीं है कि इस पर मणि रत्नम जैसा निर्देशक फिल्म बनाए। क्या क्या नहीं बनाया हैं उन्होंने तमिल और हिंदी सिनेमा में। बेजॉय नांबियार जैसे निर्देशक अब भी उनका असिस्टेंट बनकर ही तर जाते हैं। लेकिन, 'रोजा', 'बॉम्बे' और 'दिल से' बनाने वाले निर्देशक की फिल्म है, 'ठग लाइफ'। दिल मानने को तैयार नहीं होता। दिल्ली की कहानी पूरे देश में यूं आसानी से



घूमती रहती है कि बस पूछो मत। न कहीं कोई टाइम लैप, न ही कहीं कोई सिर पैर। गोवा और दिल्ली के बीच की दूरी फिल्म के कलाकार यूं तय करते हैं, मानो किसी टाइम पोर्टल से होकर गुजर जाते हों।

**फिल्म की पटकथा बनी सबसे कमजोर कड़ी**

फिल्म की सबसे कमजोर कड़ी है इसकी कहानी, इसकी पटकथा और इसके संवाद। साल 1994 में शुरू होने वाली फिल्म में युवा कमल हासन भी दिखते हैं। कहानी दिल्ली के माफियाओं की है। दो गिरोहों में समझौते की सी बात चल रही है। लेकिन, इनमें से एक गिरोह पुलिस से मिला हुआ है। गोलीबारी होती है। कमल हासन का किरदार कुछ कुछ 'नायकन' जैसा ही है, नाम उसको मिला है शक्तिवेल। वह अखबार बेचने वाले हॉकर के बच्चे को ढाल बनाकर भागने की कोशिश करता है। ये बच्चा बड़ा होकर उसका उत्तराधिकारी भी बनता है। लेकिन, छोटे भाई और बड़े भाई की अनबन के बीच बड़ा हो चुका ये बच्चा शतरंज का मोहरा बन जाता है। इंटरवल तक फिल्म ठीक ठाक चलती जाती है, लेकिन इंटरवल के बाद यूं लगता है कि जैसे फिल्म को मणि रत्नम ने अपने सहायकों के भरोसे छोड़ दिया और फिल्म आसमान से धरती पर इतनी जोर से गिरती है कि उनके और कमल हासन दोनों के फैंस के दिलों में बड़ा सा 'क्रेटर' बन जाता है।

**कमल हासन ने दिया सबसे बड़ा धोखा**

दुख इस बात को यादकर और बढ़ जाता है कि साल 1981 में 5 जून को ही कमल हासन की पहली हिंदी फिल्म 'एक दूजे के लिए' रिलीज हुई थी और तब से आज तक उनके चाहने वाले उनकी अच्छी फिल्मों के इंतजार में रहते ही रहे हैं। कमल हासन की 'सदमा' आज भी हिंदी फिल्म दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों की सूची में सबसे ऊपर की फिल्मों मे शुमार होती है। लेकिन, 'ठग लाइफ' देखने वाले खुद को ठगा सा जरूर महसूस करेंगे। ये आईफोन की ऑनलाइन खरीद में साबुन की बट्टी डिलीवर हो जाने जैसा मामला है। कमल हासन का किरदार शक्तिवेल यहां जवानी, प्रौढ़ावस्था, बुजुर्गियत और फिर करीब करीब संन्यास की अवस्था तक में दिखता है।

## हिना-रॉकी के बाद इस साल शादी के बंधन में बंध सकते हैं ये सेलिब्रिटी कपल्स, फैंस को शहनाई का इंतजार

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों सुर्खियों में हैं। कैंसर से जूझ रहीं हिना ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जयसवाल के साथ शादी कर ली है। शादी की तस्वीरों को शेयर करते ही हिना को इंडस्ट्री और फैंस की तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। हिना-रॉकी की शादी के बाद अब कई ऐसी जोड़ियां हैं जिनकी शादी के लिए फैंस और भी बेताब हो गए हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि ये जोड़िया इसी साल शादी के बंधन में बंध सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं ऐसी ही सेलिब्रिटी जोड़ियों के बारे में। साउथ की फिल्मों से लेकर अब पैन इंडिया मशहूर हुईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और अभिनेता विजय देवरकोंडा का रिलेशनशिप भी काफी समय से चर्चाओं में है। दोनों स्टार्स इस वक्त एक दूसरे के प्यार में पूरी तरह डूबे हुए हैं। इन दोनों की शादी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि ये जोड़ी इसी साल शादी के बंधन में बंध सकती



है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की लवस्टोरी की शुरुआत 2018 में फिल्म ÷गीता गोविदम÷ के सेट पर हुई, जहां उन्होंने पहली बार एक साथ काम किया।

श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी के रिलेशनशिप की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। हालांकि, दोनों ने आधिकारिक तौर पर अपने रिश्ते को सार्वजनिक नहीं किया है। कुछ समय पहले, उन्हें एक शादी के रिसेप्शन में साथ देखा गया, जिससे ये अफवाहें और तेज हो गई हैं कि वो जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। टीवी की पॉपुलर जोड़ी करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश भी पिछले काफी समय से अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों की शादी इसी साल हो जाएगी। खुद तेजस्वी की मां ने सेलिब्रिटी मास्टरशेफ शो में कहा था कि इस साल तक वो तेजस्वी की शादी कर देंगी।

करण-तेजस्वी की मुलाकात एक टीवी शो में हुई थी। इसके बाद वो बिग बॉस 15 में फिर से मिले और शो के दौरान ही दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया। टीवी की एक और फेमस जोड़ी जैस्मीन भसीन और अली गोनी की भी शादी की खबरें जोरों पर हैं। इन दोनों की शहनाई भी इसी साल बज सकती हैं। पिछले कई सालों से दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं।

# अब चुनाव के बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग होगी तेज और आसान




**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग ईसीआई ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने चुनाव के बाद की सांख्यिकीय रिपोर्टों को तैयार करने की प्रक्रिया को पहले से कहीं अधिक तेज और आधुनिक बना दिया है। अब पुरानी, समय लेने वाली मैनुअल प्रक्रिया की जगह एक उन्नत डिजिटल प्रणाली ले चुकी है। अब तक, मतदान खत्म होने के बाद उम्मीदवारों, मतदाताओं और वोटों से जुड़ी जानकारी को अलग-अलग जगहों पर हाथ से भरे गए फॉर्म यानी %इंडेक्स कार्ड% में लिखा जाता था। फिर इन कार्डों की जानकारी कंप्यूटर सिस्टम में डाली जाती थी और उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाती थी। इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय लगता था और जानकारी देर से जनता तक पहुंचती थी। लेकिन अब आयोग ने इस पुराने तरीके को हटाकर ऑटोमेशन और डेटा इंटीग्रेशन पर आधारित एक नई प्रणाली लागू की है, जिससे रिपोर्टें बहुत जल्दी और सटीक तरीके से तैयार होंगी। इंडेक्स कार्ड एक गैर-कानूनी लेकिन बेहद जरूरी रिपोर्टिंग फॉर्म है, जिसे चुनाव आयोग ने खुद तैयार किया है। इसका मकसद है कि हर लोकसभा या विधानसभा क्षेत्र से जुड़ा चुनावी डेटा आसानी से उपलब्ध हो सके। इसमें उम्मीदवारों की संख्या और जानकारी, कुल मतदाता और कितने लोगों ने वोट डाला, प्रत्येक पार्टी और उम्मीदवार को मिले वोट, महिला और पुरुष वोटिंग पैटर्न, क्षेत्रवार वोटिंग रुझान, राजनीतिक पार्टियों का प्रदर्शन समेत कई जानकारियां शामिल होती हैं।

# प्रतिनिधिमंडलों की देश वापसी के बाद ही संसद सत्र की मांग करें, सुप्रिया सुले की कांग्रेस से अपील

**दौरा**

**सुले ने भी एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था, जिसने कतर, इथियोपिया, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था।**



**मुंबई।** सुप्रिया सुले ने कांग्रेस से कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के विदेश से लौटने के बाद ही संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग करनी चाहिए। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहस न करने और सरकार का समर्थन करने पर जोर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस से आग्रह किया था कि विपक्षी गठबंधन इंडिया संसद के विशेष सत्र की मांग करने से पहले विदेश से लौट रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का इंतजार करे। कांग्रेस सहित 16 विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। जिसमें मांग की गई है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए, ताकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा हो।

सुले ने भी एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था, जिसने कतर, इथियोपिया, मिस्र और दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वह उस पत्र (पीएम मोदी को लिखा) पर हस्ताक्षर नहीं कर पाईं, क्योंकि वह उस समय विदेश दौरे पर थीं।

उन्होंने कहा, मेरी पार्टी का मानना था कि जब ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है, तब इस पर चर्चा की कोई जरूरत नहीं है। पवार साहब (शरदचंद्र पवार) का हमेशा यह मानना रहा है कि विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर उस समय की सरकार का साथ देना चाहिए। महाराष्ट्र के पुणे जिले की बारामती सीट से सांसद सुले ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से लिखा गया पत्र सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की वापसी के बाद भी सौंपा जा सकता था। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है।

सुले ने कहा, मैं एक ओर विदेश में अपने देश का पक्ष रख रही थी और उसी समय संसद के विशेष सत्र और चर्चा की मांग नहीं कर सकती थी। मैंने कांग्रेस नेताओं से कहा था कि मैं लौटने के बाद इंडिया ब्लॉक की बैठकों में शामिल हो जाउंगी। जब संसद का मानसून सत्र शुरू होगा, तब हम सरकार से पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल जरूर पूछेंगे।

सरकार ने कई सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को विदेश भेजा है, ताकि यह बताया जा सके कि पाकिस्तान आतंकवाद को लगातार समर्थन दे रहा है और भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया।

# नासिक में घर से टकराई तेज रफ्तार कार, एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह की मौत




**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में हुए एक भीषण सड़क हादसे में ड्राइवर की लापरवाही ड्राइवर समेत छह लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ी। सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के नासिक में हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वाले दो बच्चे भी हैं। दरअसल तेज रफ्तार कार सड़क किनारे स्थित एक घर से टकरा गई, जिसमें लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसा बुधवार रात करीब 10 बजे कोल्हापुर फाटा की कलवान तालुका में हुआ।

पुलिस ने बताया कि सतना के नामपुर का रहने वाला एक परिवार नासिक में अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर नासिक-कलवान रोड पर स्थित एक घर से टकरा गई। एक ही परिवार के चार लोगों समेत पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और एक बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान शैला वसंत भदान (62), उनकी बेटी माधवी मेतकर (32), पोती त्रिवेणी मेतकर (4), और इनकी रिश्तेदार सरला बालचंद्र भदान (50) और कार के ड्राइवर खालिक महमूद पठान (50) की मौके पर ही मौत हो गई।

माधवी मेतकर के 12 वर्षीय बेटे को हादसे में गंभीर चोटें लगीं और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे में बालचंद्र भदान (52 वर्षीय) गंभीर रूप से घायल हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। कलवान पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुणे में एक 25 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल युवती ने रिहायशी इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान अभिलाषा भाउसाहेब कोथिमभिरे के रूप में हुई है। युवती ने 31 मई को पुणे के हिंजावड़ी इलाके में आत्महत्या की। पुलिस ने बताया कि युवती 31 मई की सुबह 4.30 बजे क्राउन ग्रीन सोसाइटी में पहुंची। वहां 21वें फ्लोर पर रहने वाले अपने दोस्त के घर पहुंचीं और वहां से कूद गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मृतका ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें मृतका ने लिखा कि वह जीना नहीं चाहती है।

## हाईकोर्ट से शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत; विवादित वीडियो पोस्ट को लेकर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को कलकत्ता उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को जांच में सहयोग करना होगा। इस दौरान वह भारत से बाहर नहीं जा सकतीं। शर्मिष्ठा को 10,000 रुपये की राशि और सुरक्षा बांड पर जमानत दी गई है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को उचित पुलिस सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी वाला वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार की गई इंफ्लोएंसर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शर्मिष्ठा पनोली को 10,000 रुपये का जमानत बांड भरने का निर्देश दिया है। इससे पहले पुणे की लॉ छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को सोशल मीडिया पर अपनी विवादित टिप्पणी से जुड़ा वीडियो अपलोड करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई पर पनोली को अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि बोलने की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाएं। कोर्ट ने राज्य सरकार को केस डायरी पेश करने का निर्देश दिया था। कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली ने ट्रायल कोर्ट की ओर सुनाए गए हिरासत के आदेश को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस पार्थ सारथी चटर्जी ने कहा कि ऐसा हमने सुना है कि वीडियो सोशल मीडिया पर बनाया गया था।

## गोवा में रह रहे पाकिस्तानी ने सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव बढ़ गया था और केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे। साल 2016 से गोवा में दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे एक पाकिस्तानी नागरिक ने केंद्र सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में पाकिस्तानी नागरिक ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना के खिलाफ अपील की है। बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

# मनसे प्रमुख के बेटे बोलेः राज-उद्धव ठाकरे को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए

**मुंबई।** मनसे नेता और राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे को गठबंधन की किसी भी संभावना के लिए एक दूसरे से बात करनी चाहिए। दोनों के पास एक-दूसरे के मोबाइल नंबर हैं। मीडिया में बात करने से गठबंधन नहीं होता है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) नेता और राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरने के बृहस्पतिवार को कहा कि मीडिया में बात करने से गठबंधन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे को गठबंधन की किसी भी संभावना के लिए एक दूसरे से बात करनी चाहिए। अमित ठाकरे ने ने संवाददाताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो भाइयों को बात करनी चाहिए। दोनों के अलावा इस मुद्दे पर बात करने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुझे दोनों भाइयों के साथ आने से कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने 2014 और 2017 में भी गठबंधन का ऐसा प्रयास देखा है, लेकिन बात नहीं बनी।

अमित ठाकरे ने आगे कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भी राज ठाकरे ने सीएम रहते हुए उद्धव ठाकरे को समर्थन दिया था। अगर उद्धव चाहें तो फोन कर सकते हैं। उनके पास एक-दूसरे के मोबाइल नंबर हैं। वे एक-दूसरे से बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया में बात करने से गठबंधन नहीं होता है।

अमित ठाकरे ने यह टिप्पणी शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के उस बयान के बाद की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि

**समर्थन**

**अमित ठाकरे ने आगे कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भी राज ठाकरे ने सीएम रहते हुए उद्धव ठाकरे को समर्थन दिया था।**

अगर कोई महाराष्ट्र के हितों की रक्षा के लिए साथ आना चाहता है, तो हम उन्हें भी साथ लेकर चलेंगे।

उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व राज्य मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि इस मामले में उनकी पार्टी की मंशा बिल्कुल साफ है। चचेरे भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच संभावित सुलह की अटकलें लगाई जा रही हैं। दोनों



नेताओं ने इशारा दिया है कि वे मामूली मुद्दों को नजरअंदाज कर लगभग दो दशक के कटु अलगाव के बाद हाथ मिला सकते हैं। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा है कि मराठी भाषी लोगों के हित के लिए एकजुट होना मुश्किल नहीं है। वहीं, उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह भी छोटे-मोटे झगड़े भुलाने को तैयार हैं, बशर्ते महाराष्ट्र के हितों के खिलाफ काम करने वालों को शामिल न किया जाए। दरअसल, 2024 के लोकसभा चुनावों में राज ठाकरे की पार्टी मनसे ने महाराष्ट्र में भाजपा का समर्थन किया था, लेकिन छह महीने बाद ही दोनों ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता प्रकाश महाजन ने कहा कि अगर शिवसेना (यूबीटी) दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर वाकई गंभीर है, तो उसके नेता आदित्य ठाकरे को आगे आकर राज ठाकरे से मिलना चाहिए।

महाजन ने बुधवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के किसी बड़े और सम्मानित नेता को ही संभावित गठबंधन पर चर्चा करने के लिए मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के पास जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर किसी जूनियर नेता को बातचीत के लिए भेजा जाता है तो राज ठाकरे भी किसी जूनियर पदाधिकारी को भेजेंगे।

# आतंकवाद का मूल विचार लोगों के मन में डर पैदा करना

**नेतृत्व**

**भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा, प्रतिनिधिमंडलों का एक बहुत बड़ी विशेषता ये थी कि अधिकतर विपक्षी दलों के द्वारा, विपक्षी सांसदों के द्वारा नेतृत्व किया जा रहा था।**



**वॉशिंगटन।** भारत से मिस्र, अमेरिका व बेल्जियम गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने आतंकवाद से निपटने के लिए सभी देशों को अवगत कराते हुए पाकिस्तान की सीमा पार आतंकी पोषण की हरकतों का खुलासा किया। मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में जहां काहिरा में संवादात्मक सत्र में भारत के आतंक-रोधी रुख पर जोर दिया गया। वहीं, कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में अमेरिकी राजनयिकों को भारत के सामने मौजूद आतंकी चुनौतियों की जानकारी दी गई। उधर, एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के काहिरा में एक संवादात्मक सत्र में भारत-मिस्र के मजबूत संबंधों की उज्ज्वल संभावनाओं पर चर्चा की। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख पर जोर देते हुए इस खतरे का मुकाबला करने में मिस्र की एकजुटता को उजागर किया। बेल्जियम में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत ने सामूहिक संकल्प दोहराया। इस खबर में पढ़ें भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से जुड़ी तमाम अपडेट्स... भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष और एशिया मामलों की प्रभारी क्रिस्टेल शाल्डेमोस से मुलाकात की। बेल्जियम के ब्रूसेल्स गए भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष ने हमारी बात सुनी... हमने उन्हें भारत में आतंकवाद की स्थिति से अवगत कराया... हमने उनसे विश्व सहायता के रूप में पाकिस्तान में आतंकी तंत्र को कुछ नुकसान पहुंचाने का अनुरोध किया है। हम भारत तथा मानवता एवं लोकतंत्र के प्रति उनके प्रेम से बहुत प्रभावित हुए हैं। वॉशिंगटन में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करते हुए भाजपा सांसद शशांक मणि ने कहा, आतंकवाद का मूल विचार लोगों के मन में डर पैदा करना है और एक बार डर खत्म हो जाने पर, सुंदर चीजें घटित होती हैं। विकसित भारत के लिए हमारा मार्ग नागरिकों द्वारा संचालित होने वाला है। हम इसे नीचे से ऊपर की ओर करने जा रहे हैं। हम एक विधेयक ला रहे हैं जिससे अगली बार संसद में 33त्न महिला विधायक होंगी।

हम क्षमा चाहते हैं कि इस टेबल पर कोई महिला प्रतिनिधि नहीं है। यह सब तभी हो सकता है जब लोगों के मन में कोई डर न हो। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कहा, प्रतिनिधिमंडलों का एक बहुत बड़ी विशेषता ये थी कि अधिकतर विपक्षी दलों के द्वारा, विपक्षी सांसदों के द्वारा नेतृत्व किया जा रहा था। हर ग्रुप में लगभग आधे लोग विपक्षी सांसद थे और दुनिया में एक बहुत बड़ा संदेश गया कि भारत के लोकतंत्र में सब दल एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

# यूक्रेन में रूस का ड्रोन हमला, पांच लोगों की मौत; मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा, ड्रोन हमले से शहर में छह लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात करने के कुछ ही घंटों बाद हुआ।

यूक्रेन के उत्तरी शहर प्रिलुकी में बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह रूस ने ड्रोन हमला किया। रूस के इस हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है, जिसकी उम्र एक साल थी। इस हमले में बच्चे की मां और दादी की भी मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, सुबह करीब 5:30 बजे प्रिलुकी के एक रिहायशी इलाके में छह ड्रोनों ने हमला किया। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि ड्रोन हमले में जिस बच्चे की मौत हुई है, वह एक आपातकालीन कर्मचारी का पोता था। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने कहा, बचाव दल के एक सदस्य ने अपने ही घर में हुए हमले का जवाब दिया। पता चला कि है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया था। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात करने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। ट्रंप के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस सप्ताह के अंत में यूक्रेन द्वारा रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर किए गए ड्रोन हमलों का जवाब जरूर देगा।

**मौत**

**राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि ड्रोन हमले में जिस बच्चे की मौत हुई है, वह एक आपातकालीन कर्मचारी का पोता था।**




अधिकारियों के अनुसार, प्रिलुकी में हुए ड्रोन हमले में छह लोग घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिलुकी की आबादी 50,000 है। यह शहर यूक्रेन की राजधानी कीव से करीब 100 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। यह इलाका लड़ाई से दूर माना जाता है और यहां कोई सैन्य ठिकाना भी नहीं है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में अलग-अलग इलाकों में कुल 103 ड्रोन हमले किए हैं। इसके अलावा, एक बैलिस्टिक मिसाइल भी दागी गई। जिन इलाकों में हमले किए गए हैं, उनमें डोनेट्स्क, खार्किव, ओडेसा, सुमी, चेर्निहिव, दि्नप्रो और खेरसॉन शामिल हैं।

# जर्मनी में भीषण तूफान के चलते रायनएयर के विमान की आपात लैंडिंग, नौ लोग घायल



**बर्लिन।** जर्मनी में बुधवार देर रात आए भीषण तूफान के चलते बर्लिन से मिलान जा रही रायनएयर के विमान की आपात लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने बिना किसी पूर्व सूचना के विमान को बावेरिया के मेमिंगन एयरपोर्ट पर उतारा। तूफान के चलते विमान में तेज झटके लगने से आठ यात्री और एक क्रू मेंबर घायल हो गए। जर्मनी में आए भीषण तूफान के चलते बुधवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात रायनएयर के विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। जर्मन पुलिस के बृहस्पतिवार को बताया कि तेज तूफान के चलते विमान में सवार नौ लोग घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक, विमान बर्लिन से मिलान जा रहा था। विमान में 179 यात्री और छह क्रू मेंबर सवार थे। रात करीब 8.30 बजे तूफान के चलते विमान में तेज झटके महसूस हुए, जिसके चलते पायलट को बिना किसी पूर्व सूचना के विमान को बावेरिया के मेमिंगन एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में तेज झटकों की वजह से आठ यात्री और एक क्रू मेंबर घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल हुए तीन लोगों को इलाज के लिए मेमिंगन के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य लोगों को हल्की चोटें आने के चलते इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। हालांकि, एहतियात के तौर पर आपातकालीन सेवाओं ने सभी यात्रियों की जांच की।

इसके बाद, अधिकारियों ने विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी, जिसके चलते एयरलाइन को यात्रियों के लिए बस परिवहन की व्यवस्था करनी पड़ी, और यात्रियों को बस के द्वारा उनके गंतव्य तक भेजा गया। बता दें कि मिलान, मेमिंगन से करीब 380 किलोमीटर दक्षिण में है।

जर्मन समाचार एजेंसी ड्ढश्चड्ड के मुताबिक, तूफान से देश के दूसरे इलाकों में भी नुकसान हुआ। उल्म और बाडेन-वुर्टेमबर्ग में कई घरों की छतें उड़ गईं। डोनास्टेटेन जिले में भी तेज हवाओं के चलते कुछ घरों की छतें उड़ गईं।

# देशहित में काम करना पार्टी विरोधी नहीं, कांग्रेस नेताओं की आलोचना पर भड़के थरूर



**वॉशिंगटन।** थरूर ने कहा कि लोकतंत्र में ये सामान्य प्रक्रिया है, जहां पार्टियां एक दूसरे का विरोध करती हैं, आलोचना करती हैं और मांग करती हैं, लेकिन हम यहां किसी पार्टी के लिए नहीं हैं बल्कि हम यहां भारत के प्रतिनिधि बनकर आए हैं।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कहा कि जो लोग ऐसा सोचते हैं कि देशहित में काम करना पार्टी विरोधी है तो उन्हें खुद से सवाल करने की जरूरत है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ थरूर फिलहाल अमेरिका दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू में थरूर ने ये बात कही। दरअसल कई कांग्रेस नेताओं ने थरूर पर निशाना साधा है और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बताया है। थरूर ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने की अटकलों को भी खारिज कर दिया।

न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में शशि थरूर ने कहा कि जब कोई देश की सेवा कर रहा हो तो मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य चीजों के बारे में बहुत चिंता करने की जरूरत है।

मुझे लगता है कि जिसे लगता है कि देशहित में काम करना पार्टी विरोधी है तो उन्हें हमसे सवाल करने के बजाय खुद से सवाल करने की जरूरत है। कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए थरूर ने कहा कि मैं संसद का चुना हुआ प्रतिनिधि हूं और मेरे कार्यकाल में अभी चार साल का वक्त बाकी है। मुझे नहीं पता कि ऐसा सवाल पूछा ही क्यों जा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में अपने एक बयान में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आते ही आत्मसमर्पण कर दिया। इसे लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में थरूर ने कहा कि %लोकतंत्र में ये सामान्य प्रक्रिया है, जहां पार्टियां एक दूसरे का विरोध करती हैं, आलोचना करती हैं और मांग करती हैं, लेकिन हम यहां किसी पार्टी के लिए नहीं हैं बल्कि हम यहां भारत के प्रतिनिधि बनकर आए हैं।

थरूर ने कहा कि उनके प्रतिनिधिमंडल में पांच राजनीतिक पार्टियों के, तीन धर्मों को मानने वाले और सात राज्यों से आने वाले सांसद शामिल हैं। थरूर के अलावा भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अन्य सांसद सरफराज अहमद, गंति हरीश मधुर बालयोगी, शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, मिलिंद देवड़ा, तेजस्वी सूर्या और अमेरिका में भारत के राजदूत रहे तरनजीत सिंह संधू शामिल हैं। थरूर ने कहा कि भारत में अनेकता में एकता है और अलग-अलग पार्टियों और क्षेत्रों से आने के बावजूद हम एकजुट भारत के संदेश के साथ आए हैं। जब राष्ट्रीय हितों की बात आती है तो मुझे लगता है कि देश एकजुट है। थरूर ने ये भी कहा कि वे किसी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधि बनकर नहीं बल्कि भारत के प्रतिनिधि बनकर आए हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि देश की सीमाओं पर हमारे राजनीतिक मतभेद खत्म हो जाते हैं। जैसे ही सीमा पार की हम भारतीय हैं और बाकी चीजें बाद में आती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता कराने के दावे पर थरूर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रति हमारे मन में बहुत सम्मान है। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहा।

# युवा पीढ़ी प्रकृति के उपहारों का समझे महत्व: कुलपति

- अराइज एंड अवेक के सहयोग से लगी पोस्टर प्रदर्शनी
- विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधारोपण
- एक सप्ताह के योग शिविर की हुई शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राज भवन के दिशा- निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के 10 कार्यक्रमों के अंतर्गत गुरुवार को प्रकृति के महत्व पर अराइज एंड अवेक संस्था के सहयोग से एक ज्ञानवर्धक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पेड़ की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाने वाली जानकारी दी गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन फार्मेसी संस्थान में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने किया। इसके आयोजन का उद्देश्य प्रकृति के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। कुलपति ने कहा कि हमारे आसपास बहुत सारे ऐसे पौधे हैं जिनके उपयोग से हमें लाभ है और जो हमारे लिए बहुउपयोगी है। आज की युवा पीढ़ी को इसके महत्व को जानने की जरूरत है। हमारे भारतीय समाज में पेड़ों के प्रति बहुत ही आस्था रही है । पेड़ों के संरक्षण का ज्ञान हमारे पूर्वजों ने हमें दिया है. आज की पीढ़ी प्रकृति के उपहारों का महत्व समझे. परीक्षा नियंत्रण डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पेड़-पौधो के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज पूरी दुनिया पर्यावरण के प्रति संवेदनशील है। हम सभी को अपने स्तर पर कोई भी ऐसा कृत्य नहीं करना चाहिए जिससे प्रकृति को कष्ट हो। इस प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. विवेक पाण्डेय एवं डॉ. अवधेश मौर्य ने किया. प्रदर्शनी में पौधों के महत्व को बखूबी दर्शाया गया. इसके साथ ही पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा इको ब्रिक्स फॉर्मेशन फॉर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, पॉल्यूशन मैनेजमेंट, बायोडायवर्सिटी लॉस, ग्रीन टेक्नोलॉजी, बेनिफिट्स ऑफ़ रिन्यूएबल एनर्जी , फैक्टर ऑफ़ बायोडायवर्सिटी लॉस, ग्राउंडवाटर कंजर्वेश विषय पर पोस्टर लगाए गए. इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राकेश यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र, प्रो बीड़ी शर्मा, डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. धीरेन्द्र समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुक्तांगन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं कुलसचिव महेंद्र कुमार ने पौधरोपण किया। ग्रीन कमेटी के संयोजक प्रो. राजकुमार एवं अन्य शिक्षक, कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाये। मुक्तांगन में एक सप्ताह का योग शिविर प्रारंभ हुआ। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने प्रतिभागियों के साथ योग किया. योगाचार्य जय सिंह ने जॉइंट रोटेशन, लोलक आसन, ताड़ासन, कोनआसन, तितली आसन, बुद्ध कोणासन, कपालभाति प्राणायाम, शव आसन एवं योग निद्रा मेडिटेशन कराया. इसका संयोजन नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नौकायन चौकी पर सवार मां समिया का निकाला डोला

**प्रयागराज।** गंगा जमुना तहजीब सेवा संगठन के द्वारा जनकल्याण की कामना को लेकर सिद्ध पीठ मां समिया देवी मंदिर कटघर से परंपरागत रूप से नौकायन चौकी पर माता समिया देवी जी को विराजित कर डोला निकाला गया।

संगठन के अध्यक्ष सत्येंद्र सोनकर ने माता समिया माई का पूजन अर्चन जलाभिषेक एवं भव्य आरती करते हुए डोल का शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी में बताया भक्त जनों ने मां की नौकायन सवारी डोला को अपने सिर पर रख कर डोला यात्रा निकाली। डोला यात्रा में नगाड़ा, ढोल ताशा, ध्वजा पताका, शामिल रहा यात्रा कटघर से होते हुए गऊघाट, कीडगंज मसुरिया देवी मंदिर से होते हुए नई बस्ती कीडगंज आर्य कन्या, मुट्ठीगंज, होकर कटघर स्थित माता समिया देवी के मंदिर में समाप्त हुई।

इस अवसर पर सत्येंद्र सोनकर, राजेश केसरवानी, नीरज केसरवानी, ननकी देवी, पंडा धर्मा, मन्नू, राजन शर्मा, अमन सोनकर, राहुल सोनकर, हिमांशु सोनकर, कुक्कू सोनकर, देवकी माई, दीपू निषाद गौरव चंद्रा आदि संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

# आओ मिलकर वृक्ष लगाए, प्रकृति को सुरक्षित बनाए: डॉ. दिनेश

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर सिरकोनी में चल रहे समर कैंप में बच्चो के बीच जिलाधिकारी जौनपुर डॉ 0 दिनेशचंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया जी समेत बीडीओ सिरकोनी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी पहुंचे और समर कैंप में बच्चो के द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। समर कैंप में जिलाधिकारी जौनपुर को अपने बीच पाकर बच्चे काफी प्रसन्न दिखे और बच्चो के द्वारा जिलाधिकारी जौनपुर के समक्ष रामधारी सिंह दिनकर की अमर कृति रश्मिरथी के अंश भी प्रस्तुत किए गए , जिस पर जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा बच्चो की सराहना की गई। जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा बच्चो से पर्यावरण एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी जौनपुर डॉ 0 दिनेश चंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने मां के नाम पर कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए और उसका संरक्षण करें , क्योंकि वृक्ष है तो हम है । वृक्ष के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने नारा दिया आओ मिलकर वृक्ष लगाए। प्रकृति को सुरक्षित बनाएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी जौनपुर द्वारा ग्रामसभा में स्थित सरोवर पर पहुंचकर बृहद वृक्षारोपण किया गया तथा समस्त ग्रामवासियों से अपील की गई कि पर्यावरण संरक्षण में सभी लोग आगे आए और अधिक से अधिक वृक्ष लगाये। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सुचिता सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल, विनय सिंह, अरविंद सिंह, रत्नेश सोनकर, राममिलन, राधेश्याम यादव, अभिषेक सिंह, लता शुक्ला, शिवासरे सिंह सहित ग्राम सभा के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

**प्रयागराज।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा प्रयागराज महानगर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। प्रयागराज महानगर के सभी 15 मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अभियान के तहत पौधारोपण किया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, सांसद प्रवीण पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने कार्यकर्ताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम लगाया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर पर्यावरण दिवस पर कार्यकर्ताओं द्वारा एक पेड़ मा के नाम अभियान महानगर के सभी 15 मंडलों में चलाया गया। अभियान 5 जून से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित स्वच्छ रहने से ही मानव जीवन की सांसे चल सकती हैं। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि अपने आस पास के पर्यावरण के प्रति सजग रहें।

# सीएम योगी का 53 पाउंड केक काटकर मना जन्मदिन

- सत्संग के दौरान उज्जवल भविष्य की कामना की



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति और अखिल भरतीय युवा खत्री समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण बहल के संयोजन से गुरुवार को 53 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53 पाउंड का केक काटकर लछ्मी नरायण मंदिर के प्रांगण मे सत्संग उपरांत सुबह जन्मदिन मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष कुंवर टंडन ने कहा की प्रदेश में कानून और व्यवस्था को सुधारने के लिए कई ठोस कदम महराज ने उठाये हैं। उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की है, जैसे कि एक्सप्रेसवे, औद्योगिक विकास, और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार। महामंत्री हरीश कपूर ने कहा की भ्रष्टाचार के खिलाफ भी लड़ाई लड़ने के लिए महराज ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शोभा केशरवानी ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए योगी आदित्य नाथ की प्रारंशा की। मंजू मिड्डा ने आदित्यनाथ को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भगवान से की हैं। कार्यक्रम मे पप्पू जयसवाल, सुधीर टंडन, ओमकार चड्ढा, बच्चन सिंह, अंकुर, नीरज, आशीष, अंकित टंडन, मुदित खत्री, अशोक कुमार, गाँधी भाई, रिंक्कू चड्ढा, अरविन्द चोपडा, पवन कपूर, विपुल मेहरोत्रा, चुन्नू केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हर्ष सिंह ने जेईई एडवांस्ड में लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वेदांता इंटरनेशनल स्कूल आजमगढ़ के मेधावी छात्र हर्ष सिंह ने जेईई एडवांस्ड जैसी देश की सर्वोच्च इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और जनपद का नाम गर्व से ऊँचा किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर शिव गोविंद सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने हर्ष को सम्मानित करते हुए कहा - हर्ष एक मेहनती और अनुशासित छात्र है, जो सदैव अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करते रहते है। उनकी यह उपलब्धि उनके आत्मविश्वास, नियमित अध्ययन और पारिवारिक सहयोग का प्रतिफल है। हर्ष सिंह मूल रूप से ग्राम भरौली, पोस्ट हुसैपुर महाराजगंज, जनपद आजमगढ़ के निवासी हैं। हर्ष ने इससे पूर्व 12वीं परीक्षा में आजमगढ़ जिले में छठा स्थान प्राप्त किया था। इसके अतिरिक्त, वे कक्षा 10वीं में भी जिला टॉपर रह चुके हैं, जो उनकी निरंतर शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। हर्ष के पिता श्री अजय कुमार सिंह कंपोजिट विद्यालय, भीमापुर (ब्लॉक-कोइलसा) में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के अंत में मैनेजिंग डायरेक्टर शिव गोविंद सिंह ने पुनः हर्ष की सराहना करते हुए कहा कृ हर्ष न केवल एक प्रतिभाशाली, बल्कि आज्ञाकारी और केंद्रित छात्र रहा है। उसके माता-पिता का समर्पण और विद्यालय परिवार की शिक्षण पद्धति ने मिलकर यह सफलता सुनिश्चित की है। हम सदैव मानते हैं कि हमारे पालकगण विद्यालय के सच्चे भागीदार हैं, और आज इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे सामने है। इस अवसर पर शिवाजी सिंह, अहमद एजाज, अभय सिंह, स्नेहा सिंह विद्यावती, बृजेश सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, बनकट एक बार फिर यह सिद्ध करता है कि समर्पित शिक्षक, प्रेरणादायक माहौल और पारिवारिक सहयोग से छात्र किसी भी ऊँचाई तक पहुँच सकते हैं।

## निजीकरण के विरोध में हुई सभा

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के तत्वाधान में निजीकरण के खिलाफविरोध सभा हुई सभा की अध्यक्षता एसडीओ मार्टिनगंज नेकी इस अवसर पर एसडीओ मार्टिनगंज ने कहा कि हम निजीकरण किसी भी दशा में नहीं होने देंगे तकनीकी एकता कर्मचारी संघ के नेता जयप्रकाश यादव ने कहा कि आज हम सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निजीकरण के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा कर्मचारी नेता मुकेश यादव ने कहा कि हमारी विजय निश्चित है निजीकरण वापस होकर रहेगा वापस रहेगा हम सभी को एकजुट होकर लड़ना पड़ेगा संघर्ष समिति के संयोजक प्रभु नारायण पांडे प्रेमी जी ने कहा कि आवाहन किया कि आजमगढ़ का क्रांतिकारी इतिहास रहा है हम संघर्ष करके विजय हासिल करेंगे।

**आवश्यक सूचना**

मेरा पुत्र कृष्णा अविवाहित है,जो कि नशेबाजी और बुरी संगत के अलावा बदमाशों के साथ भी रहता है जिसकी वजह से हमारी छवि खराब हो रही है मैंने अपनी चल - अचल संपत्ति से एवं सामाजिक सरोकारों से कृष्णा को बेदखल कर दिया है अब उसके साथ मेरा व मेरे अन्य परिजनों का कोई संबंध नहीं है कृष्णा जो भी कार्य करेगा उसका वह व्यक्तिगत जिम्मेदार होगा।

हरिमोहन पुत्र बांकेलाल निवासी- मनी का थोक चोमुहां थाना जैत, मथुरा।

हाल निवासी- नरेंद्र नगर सरस्वती कुंड थाना हाईवे मथुरा।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24/06/2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 06302025 दिनांक 02-06-2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 08/Sr.DEN-I/LKO/2025-2026 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर/प्रथम लखनऊ के अधीन मानसून अवधि के दौरान एलएचएस 793, 796–ए, 219, लखनऊ यार्ड और आलमनगर यार्ड (06 नंबर) का जल–निष्कासन । |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 14,31,574.39 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 28,600/- |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7. | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 10.06.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 24.06.2025 को 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। दिनांक: 02.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1646/25

# सरकारी स्कूल बना उदाहरण, निजी स्कूलों को छोड़ा पीछे

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** एक सरकारी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर प्रयागराज ने अपनी अनोखी पहल और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों से निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ दिया है। यहां गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए एक गर्मियों का शिविर (समर कैंप) आयोजित किया जा रहा है, जो किसी भी निजी सीबीएसई या आईसीएसई स्कूल की गतिविधियों को चुनौती देता है। इस समर कैंप में बच्चों को खेलकूद, जीवन कौशल चित्रकला, सिलाई, और पौधारोपण जैसी कई रचनात्मक एवं उपयोगी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक प्रेरणादायक कदम है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमानुल्लाह ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि स्कूल को जिले में प्रथम स्थान पर लाया जाए और बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे वे सिर्फ पढ़ाई में ही नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। स्कूल के शिक्षक छात्रों की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं।

# गंगा दशहरा पर संगम तट पर उमड़ा आस्था का रेला

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** गंगा अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर संगम तट पर आस्था का रेला उमड़ पड़ा। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने महाकुंभ जैसी तैयारी की थी। रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग, घाटों की सफाई, श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम, चिकित्सा टीम, सुरक्षा बलों की तैनाती और वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालु कल रात से ही संगम पहुंचने लगे थे और आज दिनभर घाटों पर रौनक बनी रहेगी। संगम नगरी में गंगा दशहरा पर श्रद्धालु न केवल स्नान के लिए पहुंचे बल्कि पूजन, हवन और दान-पुण्य में भी शामिल हुए। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर स्नान को अत्यंत पुण्यदायक माना जाता है। हर हर गंगे और जय गंगे मैया के नारों से गूंजते घाटों पर वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और भक्तिमय बन गया।

लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। हर-हर महादेव और हर हर गंगे के जयघोष से पूरा संगम क्षेत्र गुंजायमान रहा। डुबकी लगो के बाद श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां गंगा का पूजन अर्चन किया और आरती उतारी। गंगाजी में दीपदान किया गया और घाटों पर घी के दीये जलाए गए। स्नान के बाद भक्तों ने संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन पूजन किया। यहां पर भक्तों की लंबी कतार लगी रही। घाट पर स्थित काली मंदिर, राम जानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर समेत अन्य देवस्थानों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मान्यता है कि आज ही के दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। गंगा दशहरा पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए बुधवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। पांच महायोगों के मिलन की वजह से इस बार का गंगा दशहरा बेहद खास हो गया है। संगम में आधी रात से ही पुण्य की डुबकी लगनी शुरू हो गई। पतितपावनी मां गंगा के अवतरण दिवस पर संगम में डुबकी लगाने से मनसा, वाचा, कर्मणा तीनों प्रकार के 10 तरह के पापों के शमन की मान्यता है। इस लोक धारणा को मानने वाले सनातनधर्मी दोपहर बाद से ही संगम पहुंचने लगे। देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने पहुंच चुके थे।

मंगलवार शाम को ही जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, बलिया के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ के अलावा राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र से बसों , निजी वाहनों से श्रद्धालुओं की टोलियां संगम पहुंचती रहीं।

**नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय टिकरा, बिसवाँ, सीतापुर - 261201**

**आवश्यकता है**

**कला संकाय** – स्नातक

**सहायक आचार्य** – कला संकाय (बी0ए0) हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं समाज शास्त्र विषय हेतु।

**विज्ञान संकाय** – परास्नातक

**सहायक आचार्य** – विज्ञान संकाय (एम.एस-सी0) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व रसायन विज्ञान विषय हेतु।

योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./राज्य सरकार एवं लखनऊ वि.वि., लखनऊ के मानकानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रार्थना पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियों एवं चार नवीनतम फोटो ग्राफ के साथ 10.06.2025 तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सीधे महाविद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है।

**प्रबन्धक : 9450795313, 8299494262**

## 60 लाख से धरांव में बनेगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

**जौनपुर।** जिले में 60 लाख रुपये मीरगंज और त्रिलोचन के धरांव में आयुर्वेदिक चिकित्सालय भवन बनेंगे। शीघ्र काम शुरू होगा। अस्पताल के लिए दोनों स्थानों पर राजस्व विभाग ने भूमि चिह्नित कर ली है। विभाग की ओर से बजट स्वीकृति होने के बाद धन जारी हो गया है। जिला आयुष मिशन की ओर से संचालित कई आयुर्वेदिक चिकित्सालय पीएचसी, सीएचसी व दान स्वरूप निजी भवनों में संचालित हैं। जहां चिकित्सकों व कर्मियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विभाग की ओर नए आयुर्वेदिक चिकित्सालयों को नए भवन में संचालित करने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। नए भवनों में चिकित्सक, फार्मासिस्ट आदि के तीन-तीन कक्ष बनेंगे। एक-एक हॉल, प्रसाधन व चारदीवारी आदि का भी निर्माण किया जाएगा। नया भवन बनने के बाद मरीजों के साथ चिकित्सकों व कर्मियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीण क्षेत्र के मीरगंज और धरांव में आयुर्वेदिक अस्पताल बनने से एक लाख की आबादी को लाभ होगा। विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक अस्पताल में प्रतिदिन की औसतन ओपीडी में करीब 25 से 30 मरीज पहुंचते हैं।

# सीएम के जन्मदिन पर 53 दिव्यांगों को दिया ट्राइसाइकिल

- लगाया दो सौ पौधों
- टीडी इंटर कालेज में राजपूत सेवा समिति के द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम
- केक काटने के साथ आयोजित हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव पर गुरुवार को तिकधारी सिंह इंटर कालेज परिसर में राजपूत सेवा समिति के सदस्यों द्वारा 53 दिव्यांग दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल वितरित कर मार्कण्डेय सिंह हाल में केक काटकर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर दीर्घायु और यशस्वी होने की कामना किया गया। साथ पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर के बाहर एतिहासिक पुराने तालाब पर एक वृक्ष मां के नाम से लोगो ने दो सौ पौधों रोपे गए। अतिथियों ने उक्त ऐतिहासिक तालाब के सुंदरीकरण कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को सुशासन और विकास के पथ पर अग्रसर कर नित नए मापदंड स्थापित कर रहा है। आठ साल पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में माननीय योगी आदित्यनाथ जी के जैसे संत का हुआ। और ऐसे ही एक संत का प्रधानमंत्री के रूप में हुआ। दो संत पूरे देश में देख रहे है कि हमारा धर्म, सनातन, हमारा विकास। उन्होंने टीडी कालेज परिसर में स्थित अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए मंचासीन लोगो से मांग किया। कहा कि अगली बार जब यहां कार्यक्रम हो तो इस तालाब को देखने के लिए दूर दूर से लोग आयेगे। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह ने उक्त कार्यक्रम दिव्यांगजनो को समर्पित करते हुए कहा अधिकारियों का काम सरकार की योजनाओं को पात्रता के क्रम में सभी के बीच लाकर एक ऐसा वातावरण सृजित करना है जहां पर गरीब व्यक्ति यह एहसास कर सके कि सरकार में उसकी हिस्सेदारी है उसका भाव है। उत्तर प्रदेश सरकार का एक लक्ष्य एक पौधा मां के नाम, एक पौधा पिता के नाम व एक पौधा अपने गुरु के नाम पर अवश्य लगाए। कहा कि हाइवे के निकलने से जौनपुर में वन का क्षेत्र कुछ घटा है। उसकी पूर्ति के लिए सभी मिलकर पौधा लगाएंगे तभी पर्यावरण की रक्षा होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का यह निर्देश है कि प्रत्येक जनपद के एक नदी का जीर्णोद्धार कराया जाय। इसके लिए हम सब लोग एक नदी की तलाश कर रहे है और सभी लोग सेवा और संकल्प के साथ उस नदी के जीर्णोद्धार में लगे। बेहतरीन आयोजन के लिए उन्होंने राजपूत सेवा समिति का आभार व्यक्त किया। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि महंत से राजनेता बनने तक का उनका सफर कई उतार चढ़ाव और चुनौतियों से भरा रहा। उन्होंने प्रदेश में विकास के मार्ग में बाधक बने माफियाओं को कड़ा जवाब दिया और विकास की राह को आसान बनाया। राजपूत सेवा समिति के सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने आयोजकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम में शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, पूर्व विधायक डा. हरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, बीएचयू के प्रोफेसर आर एन त्रिपाठी, सीटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, ब्लाक प्रमुख महराजगंज विनय सिंह, ब्लाक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर सत्येंद्र सिंह फ़ंटू, टीडी कालेज के प्रबंधक राघवेन्द्र सिंह व सत्य प्रकाश सिंह, भाजपा महामंत्री सुशील मिश्र, वीरेंद्र प्रताप सिंह, रत्नाकर सिंह, कुंवर रवींद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, प्रदीप सिंह सफायर, शशि सिंह, डा. आलोक सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सर्वेश सिंह, डा. अंजना सिंह, डा. विकास सिंह ,आसुतोष सिंह,सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन शरद सिंह व आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सत्य प्रकाश सिंह ने ज्ञापित किया।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि. 12.06.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 12.06.2025 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जल कल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| Sr.no | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laving of 90 mm dia 150 mtr PVC pipeline at Gulab Chaudhary house to Smt. Suman house & Submersible tanki to Rajaram Verma house Takiya ganeshganj. | 4500.00 | 250 | 07 दिवस |
| 2 | Providing & fixing of WPC pannel & other allied works at Executive Engnieer room Jal Kal Vibhag Zone-I Lalbagh. | 8350.00 | 450 | 07 दिवस |
| 3 | Rep. of 150 mm dia Tubewell delivery line D.F NRV & MS pipe at Jankipuram Buttler Park, Buttler Colony, S/F of pipe Stand at store of J.E Office Lalbagh. | 2900.00 | 150 | 07 दिवस |
| 4 | Laying & Shifting of 110 mm PVC pipeline at infront of MX Appartment behind Lalbagh Palace. | 3150.00 | 200 | 07 दिवस |
| 5 | Rep. of 450 mm AC rising main pipeline at infront of NXC Bhawan Gate no-2 Sarojni Naidu Marg. | 3000.00 | 150 | 07 दिवस |
| 6 | Rep. of 110 mm washing point with construction of sluice valve chamber at C-48 Martinpurwa & Rep. of 160 mm washing point at backside of Gulista Colony. | 2600.00 | 150 | 07 दिवस |
| 7 | Laying of 110 mm dia 120 mtr PVC P/L at Jaiprakash Nagar mod P.N Road to Yadav Traders. | 5600.00 | 300 | 07 दिवस |
| 8 | Laying & jointing work of 160 mm dia MS pipe with crossing of drain(Nala) at house of Pankaj Singh 5-Kalidas Marg. | 2700.00 | 150 | 07 दिवस |

पत्रांक : 236/EE-1 /नि.
दिनांक : 05.06.2025

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# देश में ही बनेगी राफेल विमानों की बॉडी

## डसॉ एविएशन के साथ टाटा समूह की कंपनी ने किया करार

**नई दिल्ली।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। भारत में कंपनी के उत्पादन केंद्र से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है।

फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉ एविएशन और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने गुरुवार को भारत में राफेल लड़ाकू विमानों की बॉडी (फ्यूजलॉज) बनाने के लिए समझौते का एलान किया। साझेदारी के तहत, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू जेट के प्रमुख हिस्से का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि पहले फ्यूजलॉज (विमान का धड़) के वित्तीय वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आने की उम्मीद है। इस सुविधा से हर महीने दो फ्यूजलॉज के आपूर्ति की उम्मीद है।




बयान में बताया गया है कि टीएएसएल हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी। इसमें विमान की बॉडी, पूरा पिछला भाग और अगले हिस्से का निर्माण होगा।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए डसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक ÷महत्वपूर्ण कदम है।

डसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल की बॉडी का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, भारत में सम्पूर्ण राफेल विमान का निर्माण टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते विश्वास तथा डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की मजबूती को रेखांकित करता है।

उन्होंने कहा, यह कदम भारत की एक आधुनिक, मजबूत एयरोस्पेस विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में की गई उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक प्लेटफार्मों का समर्थन कर सकता है।

डसॉल्ट एविएशन अलग-अलग भूमिका वाले लड़ाकू विमान की बिक्री से जुड़ी बोली लगाने वाली अग्रणी कंपनी है। अन्य दावेदारों में लॉकहीड मार्टिन का स्न-21, बोइंग का स्न/-18 और यूरोफाइटर टाइफून शामिल हैं। अप्रैल 2019 में, भारतीय वायुसेना ने लगभग 18 अरब डॉलर की लागत से 114 मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट हासिल करने के लिए ऋस्नढ्ढ (सूचना के लिए अनुरोध), या पहली निविदा

# निसान मैग्नाइट ने 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार किया

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी निसान मैग्नाइट की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की। निसान मैग्नाइट ने 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से घरेलू एवं विदेशी बाजार में कुल 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत में निसान के सफर का उल्लेखनीय पड़ाव है और दुनियाभर के ग्राहकों के बीच मैग्नाइट की लोकप्रियता का प्रतीक है। बोल्ड डिजाइन, सेफ्टी, क्लास लीडिंग फीचर्स और एक्सेप्शनल वैल्यू के बेहतरीन कॉम्बिनेशन के साथ निसान मैग्नाइट ने बी-एसयूवी सेगमेंट कोनई परिभाषा दी है। घरेलू एवं वैश्विक दोनों बाजारों में इसकी सफलता इसकी यूनिवर्सल अपील और निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' की फिलॉसफी की मजबूती को दर्शाती है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'वैश्विक स्तर पर मैग्नाइट की कुल 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा पूरे निसान मोटर इंडिया परिवार के लिए गर्व का क्षण है। डायनामिक डिजाइन, सुपीरियर क्वालिटी, वैल्यू और इनोवेटिव फीचर्स के माध्यम से नई निसान मैग्नाइट दुनियाभर में ग्राहकों की उम्मीदों को पूरा कर रही है। हम भारत और पूरी दुनिया में अपने ग्राहकों के आभारी हैं कि उन्होंने मैग्नाइट पर अपना भरोसा जताया है और निसान ब्रांड को इतना प्यार दिया है। 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के तहत अपने घरेलू एवं निर्यात प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में काम करते हुए हम भारतीय बाजार, हमारे ग्राहकों, डीलर पार्टनर्स और हितधारकों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।'

निसान मोटर इंडिया ने हाल ही में अपनी नई निसान मैग्नाइट के लिए सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रो फिटमेंट किट की पेशकश का भी एलान किया है।

इससे वैकल्पिक ईंधन की तलाश कर रहे ग्राहकों की मांग को पूरा करना संभव होगा।

## मिआ बाए तनिष्क ने नयी पहल के साथ सस्टेनेबिलिटी के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत किया



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे ट्रेंडी फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाए तनिष्क ने विश्व पर्यावरण दिवस को बहुत ही अनोखे ढंग से मनाया। पृथ्वी का ऋण चुकाने के लिए ब्रांड ने एक ऐसा रास्ता चुना है जो बहुत ही अर्थपूर्ण और जादुई भी है। विशेष उद्देश्य को मद्देनज़र रखते हुए, मिआ ने लॉन्च की है ट्रीज़ फॉर लेपर्ड्स पहल, [illegible] प्रतिबद्धता के तहत शुरू की गयी यह पहल उत्तराखंड में वन्यजीव संरक्षण का समर्थन करेगी। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता के तहत मिआ बाए तनिष्क ने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। 27 मई से 8 जून 2025 तक मिआ स्टोर में की गयी हर खरीदारी के लिए, उस ग्राहक के नाम पर एक पेड़ लगाया जाएगा। इस वर्ष की पहल ट्रीज़ फॉर लेपर्ड्स उत्तराखंड में ग्रो-ट्रीज़ में, हरित आवरण बहाल करने और तेंदुए के आवासों की सुरक्षा में योगदान देने पर केंद्रित है। मिआ ने आभूषण की हर खरीदारी को संरक्षण की दिशा में बढ़ाया हुआ एक कदम बनाया है। इस पहल में मिआ अपने ग्राहकों को एक सार्थक यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित कर रहा है। यह यात्रा स्टाइल को स्थिरता के साथ जोड़ते हुए, पृथ्वी पर एक स्थायी प्रभाव पैदा करती है। मिआ बाए तनिष्क अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं में सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देता है। मिआ के अधिकांश आभूषण रिसाइक्लिड सोने से बनाए जाते हैं, जिससे नया सोना निकालने ने के लिए माइनिंग की वजह से पर्यावरण पर होने वाले परिणामों को कम करने का उनका प्रयास है। उनकी पहल न केवल प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करती है बल्कि जिम्मेदारी से सोर्सिंग और सस्टेनेबल विनिर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देती है। इन प्रयासों के अलावा, मिआ बाए तनिष्क सहित टाइटन का ज्वेलरी डिवीज़न, महत्वाकांक्षी सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास करता है। विनिर्माण में कार्बन न्यूट्रल और जल सकारात्मक बनना इनमें शामिल हैं। हमने व्यापक 4 पी फ्रेमवर्क - पीपल, प्लेस, प्रोसेस और प्लैनेट यानी लोग, स्थान, प्रक्रिया और ग्रह भी लागू किया है, ताकि हम यह सुनिश्चित कर सकें कि हमारे वेंडर सहयोगी हमारे कठोर सस्टेनेबिलिटी स्टैंडर्ड्स का पालन कर रहे हैं।

## नेटफ्लिक्स ने रिलीज़ किया 'राणा नायडू सीज़न 2' का ट्रेलर



**कानपुर।** फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला निजी है! नेटफ्लिक्स इंडिया की 2023 की ब्रेकआउट सीरीज़ राणा नायडू 13 जून को लौट रही है अपने दूसरे सीज़न के साथ, जो पहले से भी ज्यादा गंभीर, डार्क और उलझनों से भरा हुआ है। लेकिन जब फिक्सर की खुद की दुनिया बिखरने लगती है, तो सारे नियम बदल जाते हैं। इस बार राणा सिर्फ अपने क्लाइंट्स के मसले नहीं सुलझा रहा। जब राणा का अपना परिवार दांव पर हो , जो लाइन क्रॉस किया... वो गया!

सीज़न 1 में दर्शकों को राणा नायडू की खतरनाक, ऐड्रेनालिन-से भरी और स्टाइलिश दुनिया में खींच लिया गया था एक ऐसा फिक्सर जो अमीरों और बेपरवाह लोगों के लिए आखिरी उम्मीद था। वह जुर्म मिटा सकता था, कहानियाँ बदल सकता था और सबसे काले रहस्यों को साफ नजरों से दफन कर सकता है! राणा के लिए कोई भी चीज़ बहुत उलझी हुई नहीं थीऊ सिवाय उसके अपने पिता के। फिर हुयी थी नागा नायडू की एंट्री राणा का बिछड़ा हुआ पिता, पछतावे, गुस्से और अनसुलझे अतीत का टाइम बम। नायडू परिवार सिर्फ बेमेल और उलझा हुआ नहीं है; वो अस्थिर है, ज़ख्मों से भरे है, और अपने अतीत के साए से आँख मिलाने के लिए बहुत घमंडी भी।

सुरवीन चावला, क्रिती खरबंदा, सुशांत सिंह, अभिषेक बॅनर्जी और डिनो मोरिया की मौजूदगी वाला ये सीज़न भरपूर एक्शन और फैमिली ड्रामा का मिला-जुला धमाका है – जिसमें है धोखा, प्रायश्चित और बहुत कुछ। नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहा, ÷हमें खुशी है कि हम राणा नायडू, अपने सफल एक्शन ड्रामा फ्रैंचाइज़ी को पहले सीज़न के दो साल के अंदर वापस लेकर आ रहे हैं।

# मैरिको लिमिटेड के सफोला ने लॉन्च किया डुअल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल

**मुंबई।** भारत की अग्रणी एफ एमसीजी कंपनी मैरिको लिमिटेड ने कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स सेगमेंट में नई सफोला कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स रेंज की लॉन्चिंग के साथ अपनी शुरुआत की घोषणा की।

स्वस्थ जीवनशैली और दिल की सेहत के लिए जाना जाने वाला स्थापित ब्रांड सफोला अब डुअल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्स लेकर आया है. जिसमें दो अलग.अलग बीजों के पोषण को एक साथ जोड़ा गया है ताकि खाना पकाने के लिए सोच-समझकर जोड़ी गई सामग्री के साथ पोषण संबंधी लाभ भी मिले। यानि रोज़ाना के पकवान न सिर्फ़ स्वादिष्ट होंए बल्कि सेहतमंद भी बनें। यह लॉन्च सफोला ऑयल्स पोर्टफोलियो के रणनीतिक विस्तार का हिस्सा हैए जो भारतीय परिवारों को रसोई में स्मार्टए दिल की सेहत के लिए जरुरी विकल्प चुनने में मदद करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। दिल की सेहत को बेहतर बनाने




में पिछले पांच दशकों से भरोसेमंद, सफोला की कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स श्रेणी में शुरुआत इसकी विशेषज्ञता का स्वाभाविक विस्तार है। कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्स की इस समय मांग बढ़ रही है क्योंकि इन्हें कम तापमान पर निकाला जाता हैए जिससे इनका असली स्वादए खुशबू और पोषण बना रहता हैए जो रोज़मर्रा के खाने को पौष्टिक बनाता है।

बहु.स्रोत खाद्य तेल ;मल्टी.सोर्स ऑयल्सद्ध में अपने अनुभव का फायदा उठाते हुएए सफोला सिंगल और डुअल सीड दोनों ही तरह के कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्स वैरिएंट बाजार में उतारे है।

नई सफोला कोल्ड प्रेस्ड ऑयल्स रेंज अपने सिंगल सीड और डुअल सीड विकल्पों के साथ नवाचार और प्रामाणिक स्वाद का संतुलित मेल प्रदान करती है-

डुअल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्सरू मूंगफली और तिल तथा मूंगफली और कुसुम का मिश्रण. जो समृद्ध स्वाद से भरपूर है और इनमें फैटी एसिड्स का बैलेंस भी बना रहता है।

सिंगल सीड कोल्ड-प्रेस्ड ऑयल्स 100 फीसदी मूंगफली, 100 फीसदी तिल और 100 फीसदी सरसों दृ यानि ये तेल आवश्यक फैटी एसिड से भरपूर है और बीज का असली स्वाद और पोषण देते हैं।

इन सभी तेलों का स्वाद बनाए रखने के लिए कोल्ड.प्रेस्ड तकनीक से बनाया गया हैए जिससे इनमें मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड ;एमयूएफएद्ध और पॉलीअनसैचुरेटेड (पीयूएफए) फैटी एसिड्स संतुलित मात्रा में बने रहते हैं। इससे रोज़ाना के पकवानों को लंबे समय तक सेहतमंद जीवनशैली से जोड़ेने, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में मददगार ज़रूरी पोषक तत्व भी मिल सकते है।

इस मौके पर मैरिको लिमिटेड के सीईओ ;इंडिया कोर बिजनेसद्धए आशीष गोपाल ने कहाए ष्भारत में कोल्ड.प्रेस्ड ऑयल्स की मांग लगातार बढ़ रही है। हमने इसमें एक ऐसा विकल्प पेश किया है जो न सिर्फ अलग हैए बल्कि सोच.समझकर बनाया गया है। सफोला मेंए हम भारतीय परिवारों की बदलती खान.पान की आदतों और पोषण संबंधी प्राथमिकताओं को समझते हैं।

## फ्लिपकार्ट ने की अपने बहुप्रतीक्षित फैशन इवेंट एंड ऑफ सीजन सेल की शुरुआत

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने बहुप्रतीक्षित फैशन इवेंट एंड ऑफ सीजन सेल (ईओएसएस) की शुरुआत कर दी है। इस इवेंट की शुरुआत बीते 30 मई को की गई। फैशन के इस बड़े इवेंट में 70,000 से ज्यादा ब्रांड्स एवं सेलर्स देशभर के करोड़ों ग्राहकों को फैशन, ब्यूटी एवं लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज ऑफर कर रहे हैं। इस बार ईओएसएस ज्यादा बड़े प्रोडक्ट कलेक्शन और कई आकर्षक ऑफर्स के वादे के साथ आया है, जिसने इसे भारत के सबसे बड़े फैशन उत्सव में से एक बना दिया है। सभी सर्विस वाले पिन कोड पर विशेष रूप से तैयार 1,000 से ज्यादा ट्रेंड्स का कलेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें बैगी बॉटम, रेट्रो रनर्स, यूटिलिटी फिट्स, रिलैक्स्ड सिलुएट्स, थ्रेडवर्क और सॉफ्ट ब्लूम प्रिंट्स जैसे लोकप्रिय स्टाइल शामिल हैं। आसान पहुंच, वैराइटी और इनोवेशन पर फोकस करते हुए एंड ऑफ सीजन सेल देशभर में ग्राहकों के लिए फैशन शॉपिंग के एक्सपीरियंस को नए सिरे परिभाषित कर रही है।

इस शॉपिंग इवेंट को लेकर फ्लिपकार्ट फैशन के वाइस प्रेसिडेंट कुणाल गुप्ता ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में हमारा मिशन हर भारतीय शॉपर के लिए फैशन को आसान बनाना है। एंड ऑफ सीजन सेल इसी वादे का जश्न है। इस साल की सेल देश के हर कोने में लोगों को ट्रेंड-फर्स्ट, टेक-इनेबल्डऔर पर्सनलाइज्ड फैशन एक्सपीरियंस देने के हमारे फोकस को दिखाती है। स्पॉइल पर जेन जेड क्यूरेशन से लेकर विभिन्न अपैरल, फुटवियर एवं एक्सेसरीज में प्रीमियम सेलेक्शन तक, हम फैशन को ज्यादा सुगम, तेज और देशभर के करोड़ों लोगों के लिए किफायती बना रहे हैं। लाखोंसेलर्स, ब्रांड्स एवं ग्राहकों से जुड़ते हुए हमारा फोकस अनमैच्ड वैल्यू और कन्वीनियंस डिलीवर करना है।'

# कैंटाबिल ने मेरठ में अपने नए फ़ैमिली-वियर स्टोर के उद्घाटन के साथ अपने खुदरा कारोबार का विस्तार किया




**मेरठ।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने मेरठ में अपना नया खुदरा स्टोर खोलने की घोषणा की है। 2420 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह ब्रांड स्टोर सी-5/286, ग्राउंड फ्लोर, पुरानी पुलिस चौकी के सामने, गंगा नगर, मवाना रोड, मेरठ यूपी-250001 में स्थित है, जो कैंटाबिल के विस्तार की यात्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फॉर्मल-वियर, कैजुअल और पार्टी-वियर कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल ने खुदरा अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। कैंटाबल ने देश भर में 600 स्टोर खोलकर एक उल्लेनीय उपलब्धि हासिल की है, जिससे फैशन उद्योग में एक अग्रणी कम्पनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इस रोमांचक लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक श्री दीपक बंसल ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा-'मेरठ में अपने नए फैमिली-वियर स्टोर को पेश करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपार प्रशंसा प्राप्त की है, जो ग्राहकों को पसंद आ रहा है। हमारे नए स्टोर में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए फैशन-फॉरवर्ड परिधानों का ट्रेंडी कलेक्शन प्रदर्शित किया जाएगा। देशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति के साथ, हम आने वाले वर्षों में अपने खुदरा कारोबार का और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' कैंटाबिल ने लगातार अत्याधुनिक शैली के साथ प्रीमियम परिधान पेश किए हैं, जो उभरते फैशन परिदृश्य को दर्शाते हैं। ब्रांड क्लासिक और स्टाइलिश परिधानों के संग्रह के साथ ग्राहकों को बेजोड़ फैशन अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित रहता है। कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड वर्ष 2000 में अपनी स्थापना के बाद से फैशन परिदृश्य को नया स्वरूप दे रही है। परिधान उद्योग में अग्रणी के रूप में कम्पनी ने प्रतिष्ठित कैंटाबिल ब्रांड के तहत परिधानों की एक व्यापक श्रृंखला तैयार की है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के परिधानों के साथ-साथ बच्चों के लिए एक जीवंत संग्रह भी शामिल है। पिछले 25 शानदार वर्षों में, हम भारत के अग्रणी पारिवारिक परिधान ब्रांड के रूप में विकसित हुए हैं, जिसने 2000 में पुरुषों के परिधान, 2007 में महिलाओं के परिधान और 2018 में बच्चों के लिए एक शानदार लाइन पेश की।

# जावा येज़्दीब मोटरसाइकल्स ने लॉन्च किया येज़्दी एडवेंचर का 2025 एडिशन



**नई दिल्ली।** जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स ने येज़्दी एडवेंचर के 2025 एडिशन को पेश किया है। यह भारत का पुरस्कार विजेता एडवेंचर टूरर है। इस बाइक को इस सच्चाई पर बनाया गया है कि भारत में एडवेंचर एक सोच है। यह उन राइडर्स के लिए है जो पहाड़ी रास्तों के सपने देखते हैं, लेकिन रोज़ शहर के ट्रैफिक में चलते हैं। नया एडवेंचर शानदार ताकत और क्लासिक डिज़ाइन का बेहतरीन मेल है। 2025 येज़्दी एडवेंचर में क्लासिक एडीवी स्टाइलिंग दी गई है, जिसमें आकर्षक ट्विन एलईडी हेडलाइट्स और रैली से प्रेरित विशिष्ट बीक इसे सड़क पर खास बनाते हैं। इसका फ्यूल टैंक येज़्दी की एडवेंचर-टूरिंग विरासत को दर्शाता है और मजबूत मेन केज परफॉर्मेंस के लिए इसकी तैयारी दिखाता है, शहरी उपयोग के लिए उपयुक्त डिज़ाइन क्षमता का वादा करता है, और इसका सिल्हूट मजबूती और स्थिरता को जाहिर करता है।

जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स के को-फाउंडर श्री अनुपम थरेजा ने कहा जब आपके पास साल का सबसे बेहतरीन एडवेंचर टूरर हो, तो आप उसे और बेहतर बनाते हैं। हमने भारत के लिए सबसे सच्ची एडवेंचर मोटरसाइकिल बनाई है, और यह हमारा खास अंदाज़ है यह क्लासिक है यह येज़्दी है। यह वही बाइक है जिसका भारतीय राइडर्स को इंतज़ार था। यह डिज़ाइन, तकनीक और ताकत का सही मेल है, जो भारत की सड़कों के लिए बनी है।

# कैविनकेयर-एमएमए ने 14वें संस्करण के लिए चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स 2025 हेतु नामांकन आमंत्रित किए

**चेन्नई।** कैविनकेयर ने मद्रास मैनेजमेंट एसोसिएशन के साथ मिलकर चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स 2025 के 14वें संस्करण के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत के स्टार्टअप्स औरएमएसएमईद्वारा किए गए परिवर्तनकारी और प्रभावशाली नवाचारों को सम्मानित करते हैं। जिन कंपनियों का वित्तीय वर्ष 2023-24 में वार्षिक टर्नओवर 50 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है, वे आवेदन के लिए पात्र हैं। नामांकन 222.ckinnovationawards.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन या +91 63746 03433 पर मिस्ड कॉल देकर किए जा सकते हैं। एंट्रीज भेजने की अंतिम तिथि 1 जुलाई 2025 है। यह पुरस्कार स्वर्गीय श्री आर. चिन्नीकृष्णन की स्मृति में स्थापित किए गए हैं, जो सैशे क्रांति के जनक थे। यह सम्मान ऐसे नवाचारों को समर्पित है जो न केवल अनूठे और स्केलेबल हों, बल्कि सस्टेनेबल और सामाजिक लाभ भी दें। इस अवसर पर कैविनकेयर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सी.के. रंगनाथन ने कहा, ÷इस पुरस्कार का मूल उद्देश्य ऐसा नवाचार है जो आम लोगों के जीवन में गहरा और महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स उन उभरते उद्यमियों को सशक्त बनाते हैं, जिनमें पारंपरिक सीमाओं को चुनौती देने का साहस और इंक्लूसिव, परिवर्तनकारी विकास का दृष्टिकोण रखते हैं। यह पुरस्कार कल के चेंजमेकर्स के लिए एक लॉन्चपैड के रूप में कार्य करता है। इन पुरस्कारों के तहत नवाचार की प्रकृति और प्रभाव के आधार पर तीन श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को रुपये1 लाख की नकद राशि के साथ-साथ समग्र व्यावसायिक विकास सहायता भी प्राप्त होगी7 इस सहयोग में मार्केटिंग, ब्रांडिंग और पैकेजिंग का समर्थन, पेटेंट फाइलिंग और आर एंड डी पर मार्गदर्शन, फाइनेंसियल एडवाइजरी औरएच आर कंसल्टेंसी पर परामर्श शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, विजेताओं को एक वर्ष तक इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के साथ सहयोग करने का अवसर मिलेगा, साथ ही बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

2011 में शुरुआत के बाद से, इन पुरस्कारों ने 50 से अधिक उद्यमियों को पहचान और समर्थन प्रदान किया है, जिससे भारत में उद्देश्य-प्रेरित नवाचार को बढ़ावा देने की एक समृद्ध परंपरा बनी है। चिन्नीकृष्णन इनोवेशन अवार्ड्स के विषय में~ सैशे क्रांति की पहल करने वाले, दिवंगत श्री चिन्?नीकृष्?णन का वर्णन सपने देखने वाला, नवचार करने वाला, नए-नए आइडियाज लाने वाला, उद्यमी, आदि जैसे शब्?दों से किया जा सकता है। उनके आइडियाज़ इस सरल से दर्शन पर आधारित थे कि, जो धनवान को मिल सकता है, वह निर्धन की पहुँच में भी होना चाहिये''

## मीशो मॉल ने पीएंडजी, एचयूएल और हिमालया जैसी बड़ी कंपनियों के साथ करी साझेदारी

**नई दिल्ली।** मीशो ने दुनिया की कुछ बड़ी पर्सनल केयर कंपनियों के साथ साझेदारी कर अपने पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की रेंज को बढ़ाया है। इसका मकसद है देशभर के ग्राहकों तक उनके पसंदीदा ब्यूटी और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स को और भी आसानी से पहुंचाना। इसमें प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएंडजी) इंडिया शामिल है, जिसमें पैम्पर्स, व्हिस्पर, हेड एंड शोल्डर्स, पैंटीन और जिलेट जैसे ब्रांड आते है। साथ ही हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) भी शामिल है, जो पॉण्ड्स, डव, वैसलीन, एले 18, सनसिल्क, क्लिनिक प्लस, इंदुलेखा, पीयर्स, लक्स और ट्रेसेमी जैसे प्रोडक्ट्स पेश करता है। इसके अलावा हिमालया ब्रांड भी इस साझेदारी का हिस्सा है। यह कदम करोड़ों भारतीय खरीदारों के लिए पर्सनल केयर की बढ़ती मांग के मद्दे नजर उठाया गया है, जो एक अहम जरूरत बनती जा रही है और लोगों की खरीदारी की आदतों में बदलाव ला रही है। वाराणसी से लेकर रायपुर तक या मदुरै से लेकर जोधपुर तक, अब सेल्फ-केयर सिर्फ लोग खास मौकों पर ही नहीं करते हैं, यह लोगों की रोज़मर्रा की आदत में शुमार हो चुका है। अब लोग रोज़ाना इस्तेमाल होने वाली चीज़ों जैसे फेस वॉश, लिपस्टिक, बेबी डायपर और सैनेटरी पैड्स आदि के लिए भी पर्सनल केयर ब्रांड्स पर भरोसा कर रहे हैं। मीशो मॉल इस बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए खास जगह रखता है, जहां भरोसेमंद और अच्छी क्वालिटी वाले ब्रांड्स की बड़ी रेंज उपलब्ध है। प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया (पीएंडजी इंडिया), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) और हिमालया मीशो के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत कर भारत के डिजिटल तरीके से खरीदारी करने वाले और ज्यादा विविधतापूर्ण ग्राहकों तक पहुँचने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मीशो के बड़े और व्यापक कस्टमर नेटवर्क का फायदा उठाकर ये ब्रांड्स अब टियर-2 और उससे छोटे शहरों तक भरोसेमंद पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

# ZEE5 की ऑरिजिनल सीरीज़, छल कपट द डिसेप्शन में इंस्पेक्टर देविका के रूप में श्रिया पिलगांवकर ने अपने ज़ज्बे और ग्लैमर से लखनऊ में मचाई धूम

**लखनऊ** ZEE5 की आने वाली ऑरिजिनल सीरीज़, छल कपट द डिसेप्शन में एक पुलिस अधिकारी के रूप में अपने जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन से लोगों का ध्यान अपनी और खींचने वाली, श्रिया पिलगांवकर लखनऊ पहुंचीं– और नवाबों के शहर में उन्होंने इंस्पेक्टर देविका के किरदार में जान डाल दी। श्रिया बेहद लुभावनी ड्रेस में तैयार होकर लोगों के बीच पहुंची और अपने जाने-पहचाने अंदाज़ में फैन्स से मुलाकात की, शहर की हमेशा कायम रहने वाली गर्मजोशी का आनंद लिया, और दर्शकों को उस रोमांचक थ्रिलर की एक शानदार झलक दिखाई, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतज़ार है।

श्रिया पिलगांवकर की लखनऊ यात्रा का एक और खास पल उस वक़्त सामने आया, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश की महिला पुलिस अधिकारियों- जिनमें ADG पद्मजा चौहान भी शामिल थीं- से दिल से जुड़ी बातें की। इस दौरान श्रिया को '1090' हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी




गई- यह एक अत्याधुनिक महिला सहायता हेल्पलाइन है, जो उत्पीड़न की घटनाओं पर बेहद संवेदनशील और तेज़ प्रतिक्रिया देने के लिए जानी जाती है। यह सिर्फ़ एक औपचारिक मुलाक़ात नहीं थी- बल्कि एक ऐसा अनुभव था जिसने श्रिया को महिला पुलिसकर्मियों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी, उनके मानसिक संघर्ष, शारीरिक चुनौतियाँ और ड्यूटी में नज़र आने वाले अडिग जज़्बे को करीब से देखने का मौका दिया। 'छल कपट द डिसेप्शन' में एक जज़्बाती और बहुआयामी महिला पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहीं श्रिया ने इस अनुभव को आँखें खोल देने वाला और बेहद विनम्र बना देने वाला÷ बताया। इस मुलाक़ात ने न सिर्फ़ उनके किरदार की समझ को और गहरा किया, बल्कि वर्दी के पीछे छिपी उन असल महिलाओं की ताक़त और भावना के प्रति उनका सम्मान भी कई गुना बढ़ गया। छल कपट द डिसेप्शन की कहानी बुरहानपुर के पास एक गाँव के डरावने माहौल पर आधारित है, जिसकी शुरुआत एक निजी शादी समारोह से होती है। दुल्हन बनने जा रही अलीशा अपने बचपन की सहेलियों– महक, इरा और शालू के साथ जश्न मनाने के लिए फिर से एकजुट होती है, जिसका उन्हें लंबे अरसे से इंतज़ार था। लेकिन उनकी ये खुशी जल्दी ही दहशत में बदल जाती है, जब उन्हें उभरती हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, शालू की लाश मिलती है।

इस जश्न पर शक, गहरे राज़ और धोखे की परछाई पड़ते ही उत्सव का माहौल एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर में बदल जाता है। हर सहेली के दिल में गहरे ज़ख्म और दबी हुई नाराज़गी है, और जाँच के धीरे-धीरे आगे बढ़ने के साथ ही हर रिश्ता कमज़ोर पड़ने लगता है।

इंस्पेक्टर देविका (श्रिया पिलगांवकर का किरदार) रोंगटे खड़े कर देने वाली इस रहस्यमयी कहानी के केंद्र में हैं, जो एक तेज़-तर्रार और सीधी बात करने वाली पुलिस अधिकारी हैं, जिनका अपना अतीत काफी भयावह है।

## अवीवा इंडिया ने जारी किए वित्त वर्ष 2024-25 के मजबूत नतीजे

**नई दिल्ली।** अवीवा इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने वित्तीय नतीजे जारी कर दिए हैं। इन नतीजों से कंपनी की निरंतर प्रगति और सतत विकास के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।नतीजों से लगातार प्रगति एवंसतत विकास को लेकर कंपनी का शार्प फोकस सामने आया है। बीता वित्त वर्ष केवल आंकड़ों पर निर्भर रहने का नहीं, बल्कि स्थिर और मजबूत पकड़ बनाने का साल था।बीता वित्त वर्ष मात्र आंकड़ों पर आगे बढ़ने का नहीं, बल्कि पकड़ को मजबूत करने का वर्ष था। कंपनी का हर फैसला विशेष उद्देश्य से लिया गया था और हर परिणाम लॉन्ग टर्म वैल्यू (लंबी अवधि में बेहतर मूल्य) के अनुरूप था। वित्त वर्ष 2023-24 में तैयार की गई नींव पर आगे बढ़ते हुए अवीवा ने स्मार्टर प्रोडक्ट्स, बेहतर एक्जीक्यूशन और पूरे भारत में ग्राहकों के साथ गहरे भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से अपने मूलभूत सिद्धांतों फंडा मेंटल्स को मजबूत किया।

वैसे तो कंपनी का ग्रॉस रिटेन प्रीमियम 1307 करोड़ रुपये पर स्थिर रहा, लेकिन अवीवा ने डिस्ट्रीब्यूशन आधारित मॉडल से ज्यादा प्रोडक्ट-ड्रिवेन एवं कस्टमर सेंट्रिक अएप्रोच की ओर कदम बढ़ाया है, जिसमें परसिस्टेंसी, प्रिवेंशन-लेड ग्रोथ और ऑपरेशनल एफिशिएंसी को ध्यान में रखा जाता है। यह बदलाव कंपनी के बेहतर होते क्लेम सेटलमेंट एक्सपीरियंस, प्रत्येक 10,000 पॉलिसी पर शिकायतों की कम होती संख्या और हेल्थ एवं वेलनेस की दिशा में विभिन्न पहल के बढ़ते प्रभाव से भी दिखाई देता है।

अवीवा इंडिया ने 30 दिन के भीतर 100 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट के साथ बेस्ट टर्नअराउंड टाइम के मामले में भी सर्वश्रेष्ठ में जगह बनाई है। क्लेम की 99.25 प्रतिशत राशि के पेमेंट के साथ हम इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। कंपनी ने प्रत्येक 10,000 पॉलिसी पर शिकायतों की संख्या को भी कम करने में सफलता पाई है। वित्त वर्ष 2023-24 में ऐसी शिकायतें 20 थीं, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 16 पर आ गईं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएम ने मां के नाम रोपा पौधा

## मां की तरह पौधों का भी करें संरक्षण, मिलेगा सकून : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



पौधा लगाते डीएम व सीडीओ

**कुशीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बृहस्पतिवार को दुदही के बांसगांव व खैरवा गांव में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित पर्यावरण जागरूकता एवं पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इसमें पृथ्वी को स्वच्छ और हरा भरा करने के लिए पौधरोपण कर मां की तरह रोपित पौधों को संरक्षित करने की अपील की।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर व सीडीओ गुंजन द्विवेदी ने दुदही के ग्राम बांसगांव चौरिया और खैरवा गांव में संयुक्त रूप से हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ व बरगद) का पौधा रोपण किया। डीएम ने कहा कि आज के रोपित पौधे कल लोगों को छाया, फल और ऑक्सीजन देंगे। उनकी देखभाल बिल्कुल अपने बच्चों की तरह करें। उन्होंने कहा कि जिले में 37 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा में एक स्थान चिन्हित किया जा रहा है, जहां भविष्य में पूर्व की तर्ज पर चौपाल लग सकता है। उस स्थान पर हरिशंकरी पौधे लगाएं। कुछ साल बाद यह पेड़ जब बड़े हो जाएंगे तो उस स्थान पर बड़े बुजुर्गों की सहायता से ग्राम स्तर पर ही कई मामले सुलझा सकेंगे। इस दौरान प्रभागीय वनाधिकारी वरुण सिंह, दुदही बीडीओ रामराज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक तरीके से खेती कर किसान बढ़ाए आय : मोहन वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खण्ड मोतीचक के ग्राम पंचायत सितुहिया में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के अंतर्गत गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र कुशीनगर की इकाई द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सितुहिया, तेलगांवा और पुरैनी गांव में किसान गोष्ठी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉ अरुण प्रताप सिंह विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र ने गोष्ठी में उपस्थित किसानों को अपने फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक ढंग से खेती करने की सलाह देते हुए कहा कि हम व्यावसायिक खेती अपना कर और कृषि पद्धतियों की तकनीक से अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। समय समय पर हम कृषि पद्धतियों को अपना कर समय पर उर्वरक, कीटनाशक अन्य उपजाऊ वस्तुओं का प्रयोग करके खेती की फसल को और बढ़ाया जा सकता है। फसलों एवं मिट्टी पर कृषि रसायनों एवं रासायनिक खादों द्वारा होने वाले दुष्प्रभाओं को बताया गया और इससे बचने के लिए प्राकृतिक खेती एवं देशी गाय पालन के महत्ता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को संबोधित करते हुए विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

# सोहसा मठिया में 66 लाख से बनेगा पुल, सांसद व विधायक ने की भूमि पूजन

अवधनामा संवाददाता



भूमि पूजन करते सांसद विजय दुबे व विधायक पीएन पाठक

**कसया, कुशीनगर।** गुरुवार को कसया तहसील क्षेत्र के सोहसा मठिया जनता इंटर कॉलेज के समीप खजुरिया नहर शाखा पर 66 लाख रुपए की लागत से साढ़े पांच मीटर चौड़े पुल का निर्माण होगा। पुल के निर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दूबे और विधायक पी.एन पाठक ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे ने कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में फ्लाईओवर, मेडिकल कॉलेज का निर्माण और सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। भाजपा सरकार गरीबों और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि भाजपा की सरकार विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित है। विधानसभा क्षेत्र में सड़क, कृषि विश्वविद्यालय समेत पात्र लोगों को आवास, पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, पथ प्रकाश समेत सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक गांवों में आरसीसी और सड़को का निर्माण कराया जा रहा है। कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता बी राम, सहायक अभियंता सुधीर कुमार और अवर अभियंता दीपक कुमार मौजूद रहे।

# समर कैंप बच्चों के लिए बना मस्ती कैंप और इंटरटेनमेंट

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जूनियर हाई स्कूल व कम्पोजिट विद्यालयों मे शासन के मंशा के अनुरुप समर कैंप चलाये जा रहे है जिसमें नवाचार के साथ साथ नयी नयी गतिविधियां, खेलकूद, मिट्टी कार्य, लेखन प्रतियोगिता, रंगोली और अपने हूनर को अपने अनुसार प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है.वास्तव में यह समर कैंप बच्चों को मस्ती, इक्साइटिंग और इंटरटेनमेंट दे रहा है। इसका एक बानगी कप्तानगंज बी आर सी अंतर्गत न्याय पंचायत पेमली के उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा में देखने को मिला।

गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय मुंडेरा में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने मां के नाम एक वृक्ष लगाकर संदेश दिया.यह समर कैंप इक्कीस अप्रैल से संचालित होकर दस मई तक चलेंगे. समर कैंप में बच्चों को प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीखने और करने को मिल रहा है जिसे लेकर बच्चे काफी उत्साहित है। वे अपने टैलेंट को अपने अनुसार प्रदर्शित भी कर रहे हैं। समर कैंप के बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार ओझा का कहना है कि समर कैंप का सफल संचालन शिक्षामित्र ममता विश्वकर्मा व यागवेन्द्र मिश्र के द्वारा किया जा रहा है यह विभाग का अभिनव प्रयास है जो सफलता की ओर अग्रसर है।

## रोजगार संघ मोतीचक के अध्यक्ष बने जयप्रकाश

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** रोजगार सेवक संघ मोतीचक का एक आवश्यक बैठक ब्लॉक सभागार में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से रोजगार जयप्रकाश सिंह को मोतीचक का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।



बैठक के दौरान ही राजेश त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, पवन सिंह को महामंत्री, मनीष जायसवाल व मेराज अहमद को कोषाध्यक्ष तथा कार्यवाहक अध्यक्ष मनीष, मेराज, अनिल सतेंद्र व अवधेश को चुना गया। सभी पदाधिकारियों को सदस्यों, ब्लॉक के कर्मचारियों को बधाई दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रोजगार संघ एकजुट होकर कार्य करें, कोई भी समस्या उत्पन्न होती है मुझे अवश्य जानकारी दें। मेरे अध्यक्षीय में कर्मचारियों का किसी ने बेवजह परेशान किया तो उसका जवाब दिया जाएगा।

# सुशासन, विकास और जनकल्याण के साथ मोदी ने भारत को विश्व गुरु बनाया : रश्मि सिंह

अवधनामा संवाददाता



- नमो सरकार के ग्यारह वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर संवाद कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित हुईं

**अमेठी।** नमो सरकार के ग्यारह साल का कार्यकाल पूरा होने पर बुधवार को भाजपा नेताओं ने संवाद कार्यक्रमो के माध्यम से जनता के बीच केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के संदेश दिए। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व प्रमुख रश्मि सिंह ने लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने अमेठी जनपद में संगठन और सरकार के कार्यो के बारे में जानकारी दी।

मुलाकात के बाद रश्मि सिंह ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11साल का कार्यकाल सुशासन, विकास और जनकल्याण का पर्याय रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण, कश्मीर से धारा 370की समाप्ति, भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी इकोनामी बनना और अभी हाल में ही भारतीय सेना की ओर से आपरेशन सिंदूर कार्रवाई के माध्यम से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार की ऐसी उपलब्धियां हैं, जिनकी चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। भारत विश्व गुरु राष्ट्र बन गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रुमाना सिद्दीकी ने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब पूरे देश में एक संविधान लागू कर दिया है।

### भाजपा कार्यालय पर हुई कार्यशाला

**अमेठी।** मोदी सरकार के ग्यारह साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए पार्टी पदाधिकारियों को गांव गांव जाकर सरकार के कार्यों का प्रचार प्रसार करने के संदेश दिए। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने की। संयोजन प्रभात शुक्ल ने किया।

## एक दिन में पुलिस ने गोवध अधिनियम के 327 पुराने अभियुक्तों का सत्यापन किया

**अमेठी।** जिले में गो हत्या और गो तस्करी रोकने को शासन की ओर से दिए गए सख्त निर्देश के बावजूद पुलिस को इस? मामले में कोई सफलता नहीं मिली है। बकरीद के पहले सभी पुलिस थानों की ओर से गोवध अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज मुकदमों के अभियुक्तों का सत्यापन बुधवार को शुरू हुआ है। तीन जून की शाम तक 327गो तस्करों के सत्यापन का काम पूरा हुआ है।

जिले के विभिन्न थानों में गोवध अधिनियम से सम्बंधित कुल 572 मुकदमें पंजीकृत हैं। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने इन सभी मुकदमों के अभियुक्तों की मौजूदा स्थिति के सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं। एएसपी की निगरानी में यह काम देर से शुरू हुआ है। कार्रवाई के सम्बन्ध में अवधनामा में बुधवार को समाचार प्रकाशित हुआ। तीन जून को एक ही दिन में 327 पुराने अभियुक्तों का सत्यापन कराकर पुलिस की ओर से शाम को विज्ञप्ति भी जारी कर दी गई।

# चौहान गुट ने किया पर्यावरण दिवस पर कोतवाली महिला थाना में वृक्षारोपण



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** पर्यावरण दिवस पर ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने अपनी टीम के साथ सदर कोतवाली में पहुंचकर एक आम का वृक्ष लगाया। वृक्षारोपण में सदर कोतवाल राजेश सिंह व दीवान वीरेंद्र भी शामिल रहे। इसके बाद उन्होंने महिला थाना जाकर भी वृक्षारोपण किया।

वृक्षारोपण में महिला थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ शामिल रही। वृक्षारोपण के बाद प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने समस्त पदाधिकारियों, व्यापारियों व जनपदवासियों से कम से कम एक वृक्ष लगाने की अपील की और पॉलीथिन के प्रयोग से होने वाले नुकसान से भी लोगों को बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को पॉलीथिन के प्रयोग से बचना होगा तभी हम पर्यावरण को बचा सकते हैं। व्यापारी पॉलीथिन का प्रयोग करने से बचें। जिससे पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, मेडिकल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सरफराज, जिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, आशीष वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की जिला कार्यशाला आज

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार, विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वार विशेष अभियान चलाकर केंद्र सरकार के कार्यों को गांव गांव, घर घर जाकर लोगों को बताने के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आज जिला कार्यालय औरा चौरी में 11 बजे आयोजित की जाएगी ।

इस संबंध में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में तैयारी बैठक की गई तथा पदाधिकारियों को अभियान की जिम्मेदारी दी गई । पार्टी द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा को बनाया गया है । जिला कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह करेंगे । इस कार्यशाला में पार्टी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक के दौरान जिला मंत्री रामाज्ञा चौहान, अंकुर राय, जितेंद्र सिंह, राजन सोनकर, राहुल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# यज्ञ के छठवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के चौरंगी चक गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्रीहनुमत रुद्र महायज्ञ के छठवें दिन गुरुवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।आए हुए श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा किया।

इस दौरान पूजन- अर्चन से माहौल भक्तिमय रहा।वहीं वृंदावन की टीम द्वारा रामलीला व रासलीला का भव्य मंचन भी हुआ।यहां मुख्य रूप से राघव तिवारी, पं0 मार्कंडेय तिवारी, सुशील तिवारी, प्रभुनाथ तिवारी, बालेश्वर तिवारी, नग नारायण तिवारी, जगदीश तिवारी, बृजेश तिवारी, सुबाष तिवारी, सुनील तिवारी, नंदकुमार तिवारी, सुमन तिवारी,जयराम तिवारी,केदारनाथ तिवारी, उदयभान तिवारी, अक्षयबर तिवारी,भरत तिवारी, मनोज तिवारी, अवधेश तिवारी,व्यास तिवारी, उपेंद्र तिवारी पप्पू,संतोष तिवारी,विकास तिवारी, ओंकार तिवारी,लक्ष्मण तिवारी, राम आशीष भगत, गणेश खरवार, महेश खरवार, जयप्रकाश गुप्ता,महन्थ कुशवाहा,सुबाष गुप्ता, विशुन दयाल गुप्ता, सिपाही गुप्ता,केशव गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, शालिक राम तिवारी, अनिल तिवारी, रघुनाथ तिवारी, शंभू तिवारी, प्रदीप तिवारी, राधेश्याम तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, रवि तिवारी, रोशन तिवारी, विपुल तिवारी, आशीष तिवारी, अनमोल तिवारी, अतुल टिव,प्रकाश तिवारी सहित भारी संख्या में ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने समर कैम्प और ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से किया संवाद, किया पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** नगर विकास विभाग के सचिव एवं जनपद देवरिया के लिए नामित नोडल अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला द्वारा आज जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का निरीक्षण एवं सहभाग किया गया। और राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया में आयोजित समर कैम्प का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनकी रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की। बच्चों द्वारा प्रदर्शित कला, विज्ञान मॉडल, खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा बच्चों को प्रेरणादायी संदेश भी दिए। समर कैम्प परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से उन्होंने पौधरोपण भी किया और उपस्थित सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। इसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा विकास खण्ड देवरिया सदर की ग्राम पंचायत बगहा मठिया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं एवं ग्राम पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

## महेश सोनी ने सुशील जायसवाल को उद्योग व्यापार मंडल का प्रमुख जिला महामंत्री बनाया

**अमेठी।** व्यापारी नेता सुशील जायसवाल ने व्यापार मंडल कंछल गुट का साथ छोड़ दिया है। सुशील जायसवाल के साथ की कई लोगों ने गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की सदस्यता हासिल की और पदाधिकारी भी बनाए गए। जिला अध्यक्ष महेश सोनी ने सुशील जायसवाल को वरिष्ठ जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है।

गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों की समस्यायों पर चर्चा के साथ नये पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। गौरीगंज के व्यवसाई राम जी अग्रहरि को जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मोहम्मद फारुख को मनोनीत किया गया है। पवन वैश्य को युवा मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है।

# धरती पर हरियाली बढ़ाएं, पर्यावरण को मजबूत बनाएं





- विश्व पर्यावरण दिवस पर वन? विभाग ने नीम, पीपल, पाकड़ , बरगद लगवाए
- कलेक्ट्रेट में डी एम ने किया मौलश्री के पौधे का रोपण

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में वन? विभाग के साथ सामाजिक संगठनों और स्कूलों की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित कर जनमानस को पृथ्वी का श्रृंगार करने ,प्रकृति का सौंदर्य बढ़ाने और धरती पर हरियाली बढ़ाने के संदेश दिए गए।

जिलाधिकारी ने मौलश्री के पौध का रोपण किया गया तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती अर्पणा रजत कौशिक, पुलिस अधीक्षक, अमेठी एवं श्री सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर विकास भवन परिसर, गौरीगंज में भी जिला विकास अधिकारी, अमेठी द्वारा भी पाकड़ और पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

अमेठी रेन्ज में शिव दुलारी महाविद्यालय, गुगवाछ में मुख्य अतिथि श्री सुधान्शु शुक्ला, जिलाध्यक्ष (भाजपा) द्वारा पीपल, बरगद व नीम के पौध का रोपण कर त्रिवेणी वन की स्थापना की गयी। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय छात्र/छात्राओं द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इस क्षेत्र में पीपल, बरगद, नीम, आम आदि के कुल 15 पौधों का रोपण किया गया।

तिलोई रेन्ज में राजापुर हलीम वन भूमि में मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कुमार सिंह, ''मुन्ना सिंह'' ब्लॉक प्रमुख तिलोई द्वारा पीपल, बरगद व नीम के पौध का रोपण कर त्रिवेणी वन की स्थापना की गयी। इस अवसर पर उपस्थित उप जिलाधिकारी, तिलोई, क्षेत्राधिकारी(पुलिस), तिलोई द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इस क्षेत्र में पीपल, बरगद, नीम, जामुन, कंजी, ऑवला, बाटलब्रुश, शीशम आदि के कुल 90 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं को व ग्रामीणों को श्री कृष्ण कुमार सिंह, ''मुन्ना सिंह'' ब्लॉक प्रमुख तिलोई द्वारा पौध वितरण भी किया गया।

## पर्यावरण दिवस पर वृहद स्तर पर पौधे लगाए गए

**देवरिया।** आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अजय मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में वृहद स्तर पर पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मूल उद्देश्य यह समझना है कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण हमारे अस्तित्व के लिए अत्यन्त आवश्यक है और हम अपने स्तर छोटे-छोटे बदलाव करके इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

मुख्य अतिथि एनएनसी के एडम लेफ्टिनेंट कर्नल टी.बी. थापा ने कैडेटों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस मात्र एक दिन नहीं है बल्कि प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रत्येक दिन कुछ सोचने तथा करने हेतु प्रेरित करता है। इस अवसर पर एनसीसी अफसर लेफ्टिनेंट अखिलेश कुमार पाण्डेय, सुबेदार मेजर कुलदीप सिंह, शिक्षक रमाशंकर चौरसिया, देवव्रत श्रीवास्तव, पी.स्टाफ सरोज, हरेंद्र, शशिभूषण


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 03/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2025–26 | पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन–वाराणसी खंड के बीच गंगा नदी पर पुल संख्या 11 पर ढीले/घिसे हुए रिवेट्स को बदलने के साथ–साथ निरीक्षण व्यवस्था का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | रू0 99603777.32 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू0 648000.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 16.06.2025 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 30.06.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | मौजुदा स्टील गर्डर पुलों पर साइड पाथवे & ट्राली रिफ्यूजस का फ्रेब्रीकेशन एवं इरेक्शन या रेलवे स्टील गर्डर पुल का फ्रेब्रीकेशन/रिपेयर। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। निविदा सू0सं0–03/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2025–26

दिनांक 03.06.2025 1666/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 30 सफाई कर्मियों को राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने किया राशन वितरित

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** विगत तीन दिवस पूर्व ट्रांसपोर्ट नगर में जिला प्रशासन द्वारा 30 सफाई कर्मियों के मकानों को ध्वस्त किये जाने के बाद भुखमरी में जीवन यापन कर रहे उनके परिवारो के भरण पोषण हेतु आजाद समाज सेवा समिति के संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर आजाद समाज सेवा समित ने राशन वितरित किया गया। बुधवार को जिले में पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय सिंह प्रशासन द्वारा उजाड़े गए दीन हीन गरीब परिवारों से मिलकर उनकी व्यथा को जाना और उन्हें हर संभव मदद दिलाये जाने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में आजाद समाज सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान के नेतृत्व में उजाडे गए दीन-हीन 30 परिवारों को राशन वितरित किया। राशन पाकर उन गरीबों को चेहरे खिल गए।

राशन वितरण कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी का भरपूर सहयोग रहा। इस दौरान सपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा मौके पर पहुंचे और गरीब परिवारों से मुलाकात कर उनके सुख-दुख में हमेशा खड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश गौतम ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा गरीब शोषित व असहाय की आवाज उठाई है। उन्होंने यह भी कहा कि उजाडे गए 30 परिवारों की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक लड़ी जाएगी। राशन वितरण कार्यक्रम में आजाद समाज सेवा समिति के उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, महामंत्री मकसूदअंसारी, प्रवक्ता सर्वेश सिंह, जीशान खान, धर्मेंद्र जायसवाल, बबलू तिवारी, मीडिया प्रभारी रवि दुबे, वैभव श्रीवास्तव, रेहान अंसारी, तथा आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव मोहम्मद अख्तर, रविंद्र तिवारी, रामविलास तिवारी, डॉ लालजी मौर्या, धर्मराज सिंह, पवन दुबे, सफीक घोसी, शहजादा शकील, शादाब खान, नगर अध्यक्ष वसीद अहमद, आज लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरक्षा की हुंकार बनकर उभरे रविन्द्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** खुटार,पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए समर्पित ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) ने एक बार फिर अपने जन-संगठनात्मक और क्रांतिकारी तेवरों से पत्रकारिता जगत में नई लकीर खींच दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा की अगुवाई और शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी की दमदार मेज़बानी में खुटार की धरती एक ऐतिहासिक पत्रकार सम्मेलन की साक्षी बनी।कार्यक्रम का शुभारंभ खुटार स्थित अटल चौक से हुआ,जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर ऐप्जा चेयरमैन ने माल्यार्पण कर राष्ट्रवादी पत्रकारिता को नमन किया इसके उपरांत तिरंगा यात्रा निकाली गई,जिसमें देशभक्ति के नारों और पत्रकारों की सुरक्षा के संकल्पों की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। पूरनपुर रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस मुख्य कार्यक्रम स्थल पर ऐप्जा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा ने

■ राजू मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष तो ,सूरज सहाय महानगर अध्यक्ष मनोनीत



पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अब समझौता नहीं संघर्ष होगा,पत्रकार दीपक पंडित के उत्पीड़न और राघवेंद्र बाजपेई की हत्या ने जो ज्वाला जलाई है, वह तब तक नहीं रुकेगी जब तक हर पत्रकार सुरक्षित और सम्मानित नहीं होगा। कार्यक्रम के दौरान सीतापुर आंदोलन के संघर्षशील रहकर सहभागिता करने वाले जिले के 58 पत्रकारों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच सबसे बड़ी घोषणा की गूंज तब सुनाई दी जब चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने जलालाबाद के जुझारू पत्रकार अनुराग मिश्रा उर्फ राजू को बरेली मंडल उपाध्यक्ष और सूरज सहाय को महानगर अध्यक्ष व शुसील शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकार सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है,जो पूरे प्रदेश में ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। अनुराग सारथी ने अपने उद्बोधन में पत्रकारों को उनके अधिकारों के लिए सतत संघर्ष करने और संगठित रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम आयोजकों में खुटार इकाई के संरक्षक नरेंद्र मिश्रा लल्ला ब्लॉक अध्यक्ष राजुल मिश्रा उर्फ पारुल महामंत्री पवन पांडे सहित तहसील एवं ब्लॉक इकाई ने सफल आयोजन करके खींची ऐतिहासिक लकीर, खुटार नगर में पहली बार जिले के कोने-कोने से पहुंचे पत्रकार.. सभी को यथोचित सम्मान देकर एकजुटता की मिसाल कायम की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी ,लखीमपुर जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष समीर खान,वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रबल, सुरेंद्र सिंघल, शाहिद हुसैन गुड्डू, इमरान सागर, विश्वनाथ त्रिवेदी विशुन दयाल कनौजिया आदि वक्ताओं ने कहा कि आज पत्रकारिता जिस दौर से गुजर रही है और पत्रकारों की जो स्थिति है उसका अगर आकलन किया जाए तो संगठित होकर आगे बढ़ाने और पत्रकार हितों की रक्षा करने के साथ उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में जिस तरह से ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऐप्जा का कार्य धरातल पर देखने को मिल रहा है वह प्रशंसनीय है। इस मौके पर पत्रकारिता की नई इबारत लिख कर सीतापुर के ऐतिहासिक आंदोलन में सहभागिता करने वाले जिन पत्रकारों को सम्मानित किया गया उनमें प्रमुख रूप से अनुराग मिश्रा राजू, विशुन दयाल कनौजिया, रोहित कनौजिया, राकेश वर्मा, अजीत मिश्रा, अलक्षेन्द्र सिंह, सुमित गुप्ता, कमलेश यादव, पुष्पेंद्र भदौरिया, राजाराम गुप्ता, इमरान सागर, अनुज यादव, कामरान अंसारी, भगवान शरण शर्मा, सुमित गुप्ता गढ़िया रंगीन, होमेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, नासिर अली, शाहिद हुसैन गुड्डू, अभिनव प्रताप सिंह शौर्य, नीरज पांडे बंटी, विश्वनाथ त्रिवेदी, सुशील तिवारी, हरिहरनाथ मिश्रा, सत्यपाल वर्मा, श्रवण कुमार, कुलदीप पाल, ज्ञान प्रकाश सक्सेना, अरुण बाथम, बृज किशोर कनौजिया, संजीव अग्निहोत्री, धीरज मसूदी, रवि पांडे, रिजवान खान, निर्मल मिश्रा, ललित तिवारी, मयंक दीक्षित, सोनू शर्मा, रवि यादव, राधा कृष्ण मिश्रा, रवि प्रताप सिंह चौहान, रवि यादव, नरेंद्र मिश्रा लल्ला, पवन पांडे, राजुल मिश्रा उर्फ पारुल, रामकुमार वर्मा, प्रदीप शुक्ला सोनू, विवेक मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, पवन सक्सेना, अंकित मिश्रा, डब्लू भारती, अरविंद कुमार कठेरिया, भूपेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, गुड्डू भारती, आशीष त्रिपाठी ब्रह्मात्मज आदि पत्रकार बंधु शामिल है।

# पेड़ लगाकर सीएमएस ने की पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत

अवधनामा सवाददाता



**सुल्तानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर आरके मिश्रा ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया वृक्षारोपण करते हुए डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए करने के लिए समाज के सभी वर्गों का आगे आना जरूरी है इसमें युवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है सभी लोग कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए जिसके पास जगह नहीं है वह लोग गमले में ही कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए तभी हम पर्यावरण के साथ-साथ वातावरण को भी स्वच्छ सुंदर एवं प्रदूषण रहित बनाने में सफल होंगे। वृक्षारोपण मे प्रमुख रूप से वरिष्ठ निश्चेतक डॉक्टर निशिकांत गुप्ता बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश तनवीर बाबू समेत विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईद उल अज़हा के लिए इस्लामिक सेंटर सचिव ने जारी की एडवाइज़री

अवधनामा सवाददाता

**फिरोजाबाद।** मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी सचिव इस्लामिक सेंटर की अध्यक्षता में उलमाओं के पैनल ने 15 सूत्री एडवाइज़री कुर्बानी से संबंधित जारी की। इस वर्ष ईद उल अजहा 7 जून दिन शनिवार को होगी। ईद उल अजहा की नमाज का समय 6.00 बजे से 9.00 बजे तक मस्जिदों और ईदगाहों में रहेगा। नमाज ईद उल अज़हा वाजिब है। जिसमें एक रास्ते से जाना दूसरे रास्ते से आना सुन्नत है।नमाज ईद उल अजहा पूरे जिलें में सब से पहले मस्जिद आयशा मरकज़ मदीना कॉलोनी में सुबह 6.00 बजे होगी।

इस्लामिक सेंटर के सचिव मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ईद उल अज़हा की नमाज का समय, कुर्बानी के सुन्नत आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कुर्बानी हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की सुन्नत और अल्लाह का हुक्म है यह कोई रस्म या परंपरा नहीं है। ईदुल उल अज़हा के अवसर पर आसामजिक तत्वों से सावधान रहें जो शांति और आपसी सौहार्द को खराब करने कि कोशिश करे उसकी सुचना पुलिस को फ़ौरन दें क़ानून को अपने हाथ में हरगिज़ ना लें। ईद उल अज़हा (बक़रीद) के मौके पर कुर्बानी के जानवर की फोटो



और वीडियो मोबइल फ़ेन में ना खीचें और सोशल मीडिया पर हरगिज़ न डालें, और ना खुले में कुरबानी करें और ना सड़कों और गलियों मे कुरबानी करें। कुर्बानी का बदला सदका, खैरात और गरीबों की मदद या कोई दूसरा नेक काम नहीं हो सकता। कुरबानी का गोश्त पॉलीथिन में ना बाटें, गोश्त कागज मे बाटें। कुर्बानी प्रतिबंधित जगहों में न करें, प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करें जिस से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे, और सफाई सुथराई का खास ख्याल रखें। ईद उल अजहा (बकरईद) के दिन डीजे बजाना गाने बजाना, रास्ता रोकना, और किसी पड़ोसी को तकलीफ देना इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता। नीयत सही रखें, कुर्बानी सिर्फ़ अल्लाह की रज़ा (खुशी) के लिए की जाए। दिखावे या नाम कमाने के लिए नहीं। शरीअत के अनुसार जानवर चुनें, कुर्बानी का जानवर सेहतमंद, उम्र के मुताबिक़ और बिना किसी ऐब (दोष) वाला हो। कुर्बानी का समयरू कुर्बानी ईद-उल-अज़हा की नमाज़ के बाद से लेकर 3 दिन (10वीं से 12वीं ज़िल-हिज्जा) के अंदर की जाए। मांस की तक़सीम, कुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में बांटना सुन्नत है, एक हिस्सा ग़रीबों के लिए, एक दोस्तों/रिश्तेदारों के लिए, और एक अपने लिए। जानवर पर रहम करें, जानवर के साथ नरमी से पेश आएं, उसे डराएं नहीं, और ज़बह शरई तरीके से करें। बच्चों को तालीम दें, कुर्बानी का मक़सद सिर्फ़ गोश्त हासिल करना नहीं, बल्कि तौहीद, इख़लास और कुर्बानी की रूह को समझाना है। फिज़ूलखर्ची से बचेंरू कुर्बानी में दिखावे और ज़रूरत से ज़्यादा खर्च करने से परहेज़ करें। इस अवसर पर मौलाना आलम मुस्तफा याक़ूबी, मुफ़्ती नदीम अख्तर कासमी मौलाना अशरफुल हक़ कासमी मुफ्ती शुएब क़ासमी, मुफ्ती ज़ैद, हसीन अहमद, अयाज खान, आदि लोग मौजूद रहे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रेहरा बाजार बलरामपुर।

पत्रांक : 945/लेखा/क्षे0पं0/निविदा प्रकाशन-पत्रा0/2025-26 दिनांक :- 04/06/2025

## अल्पकालीन निविदा

उत्तर प्रदेश महामहिम राज्यपाल महोदया, की ओर से पंचम वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग टाइड/अन्टाइड वित्तीय योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु विकास खण्ड रेहरा बाजार में पंजीकृत ठेकेदार न होने के कारण अन्य कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार (श्रेण ए, बी, सी एवं ई) जिसके लिये अधिकृत हैं से प्रति स्तर दरों पर निविदा दिनांक 19.06.2025 को समय पूर्वान्ह 12:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र (8) दिनांक 13.06.2025 से 14.06.2025 तक कार्यालय अवधि में निर्धारित मूल जमा कर कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी रेहरा बाजार बलरामपुर से क्रय किये जा सकते हैं। दिनांक 21.06.2025 को समय अपरान्ह 03:00 बजे निविदा ठेकेदारी के उपस्थिति/अनुपस्थिति में विकास खण्ड के अधिकृत निविदा समिति के सदस्यों के द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय से की जा सकती है। परियोजनाओं का योजनावार/कार्यवार विवरण निम्नवत है। प्रत्येक कार्य के लिये अलग-अलग निविदा ली जायेगी।

**पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत रेहरा बाजार की वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना।**

| क्र. सं. | कार्य यो. क्रमांक | कार्य का नाम स्थल सहित | अनुमानित भौतिक माप ल.xचौ./सं. | स्वीकृत लागत (लाख में) | Basic Grants | निविदा प्रपत्र मूल | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | न्याय पंचायत रेहरा में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 2 | 2 | न्याय पंचायत अचलपुर चौधरी में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 02 अदद | 5.15 | Untide | 490 | 4 माह |
| 3 | 3 | ग्राम पंचायत अधीनपुर में आयुर्वेदिक हास्पिटल के बगल हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 5.78 | Untide | 490 | 4 माह |
| 4 | 4 | न्याय पंचायत बढयाफरीद खां में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 02 अदद | 5.15 | Untide | 490 | 4 माह |
| 5 | 5 | न्याय पंचायत बूधीपुर में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 02 अदद | 5.15 | Untide | 490 | 4 माह |
| 6 | 6 | ग्राम पंचायत सोमरहा में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 02 अदद | 5.15 | Untide | 490 | 4 माह |
| 7 | 7 | न्याय पंचायत सादुल्लानगर में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 8 | 8 | ग्राम पंचायत इटवा में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 9 | 9 | ग्राम पंचायत अधीपुर में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 10 | 10 | न्याय पंचायत अधीपुर में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 11 | 11 | ग्राम पंचायत सादुल्लानगर व नेवादा मोड़ पर हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 5.78 | Untide | 490 | 4 माह |
| 12 | 12 | ग्राम पंचायत केराडीह में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |
| 13 | 13 | ग्राम पंचायत अधीनपुर में सामुदायिक हास्पिटल पर हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |
| 14 | 14 | ग्राम पंचायत अधीनपुर में मस्जिद के पास हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |
| 15 | 15 | न्याय पंचायत सरायखास में हाई मास्क लाइट अवस्थापना कार्य | 03 अदद | 7.73 | Untide | 490 | 4 माह |
| 16 | 16 | ग्राम पंचायत अधीनपुर में पुरानी बाजार में पास हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |
| 17 | 17 | ग्राम पंचायत सोनापार में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |
| 18 | 18 | ग्राम पंचायत अधीनपुर में दूबेपुरवा में हाई मास्क लाइट के अवस्थापना कार्य | 01 अदद | 2.58 | Untide | 490 | 4 माह |

## नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत है-

1- प्रत्येक निविदा के साथ उपर्युक्त बयाने की रकम 10 प्रतिशत धरोहर की राशि में से 02 प्रतिशत धरोहर की राशि निविदा डालते समय जो एनएससी/के0बी0सी0/एफ0डी0आर0 अथवा नगद के रूप में होगी। तथा 08 प्रतिशत धरोहर की राशि टेन्डर स्वीकृत होने पर मार्जिन मनी के रूप में एनएससी/के0बी0सी0/एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी रेहरा बाजार के पक्ष में बन्धक होगी लगाना अनिवार्य है। बगैर बयाने की रकम की निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं एकल/सर्शत स्वीकार नही किया जायेगा।

2- कार्यो की सूची एवं उनका आगणन विकास खण्ड कार्यालय में दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 14.06.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में दिन के 02:00 बजे से 03:00 बजे तक देखा जा सकता है।

3- कॉलम 06 में अंकित धरोहर राशि का एन0एस0सी0/एफडीआर के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक बनाये हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शेष 08 प्रतिशत का भुगतान करते समय बिल की धनराशि से कटौती की जायेगी।

4- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

5- निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना अनिवार्य होगा।

6- निविदा फार्म पर किसी प्रकार का कटिंग एवं उपरी लेखन मान्य नही होगा।

7 - निविदा के साथ अभियन्तरण विभाग/जिला पंचायत में ठेकेदार के रूप में पंजीयन प्रमाण-पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8- खण्ड विकास अधिकारी रेहरा बाजार को मोलन्टोल आधार पर दरें स्वीकृत करने का अधिकार होगा, जो सभी को मान्य होगा।

9- बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। जो अन्तिम रूप से सभी को मान्य होगा।

**(पंकज सिंह)**
**मा. प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत- रेहरा बाजार**
**बलरामपुर।**

**(रजनीश कुमार शुक्ला)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**रेहरा बाजार**
**बलरामपुर।**

# विश्व पर्यावरण दिवसः एक पेड़ माँ के नाम

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक वानिकी प्रभाग, जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के तत्वाधान में नगर वन में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बहेड़ा का पौधा लगाकर आमजनों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम रोपित कर बड़ा होने तक उसकी देखभाल करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा ने बरगद, भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने नीम, सदर विधायक प्रतिनिधि हरि नारायण बाजपेई ने पीपल का पौधा अपनी अपनी माँ के नाम रोपित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश को हरा भरा बनाने के लिए एवं आमजनों को वृक्षारोपण के प्रति संवेदनशील बनाने का वृहद अभियान चला रखा है उसमें हम सभी सहभागी बने। भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का हरित क्षेत्र निरंतर बढ़ता जा रहा है और हम सब इस बार के वृक्षारोपण अभियान में बढ़- चढ़कर हिस्सा लें। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण विद् डॉ.राजीव चौहान, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, जेआरएफ डॉ.संगीता, वन क्षेत्र अधिकारी बढ़पुरा अशोक कुमार शर्मा, प्रबल प्रताप सिंह, सुशील कुमार, अनिल चौहान, सुरेश कुमार शिवांगी, शिवानी एवं ज्योति वर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## लेपर्ड सफारी में पवित्र त्रिवेणी पीपल बरगद तथा नीम का रोपण किया



**इटावा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ईको जोन में साफ सफाई की तथा विश्व पर्यावरण दिवस की थीम''प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करना''पर सभी कर्मचारियों द्वारा संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त लेपर्ड सफारी में पवित्र त्रिवेणी(पीपल, बरगद तथा नीम) का रोपण निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड, लखनऊ के बिग्रेडियर अतुल कुमार व सफारी पार्क के निदेशक डा.अनिल कुमार पटेल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर सैनिक कल्याण बोर्ड, इटावा व सफारी पार्क के कार्मिक मौजूद रहे।

# हमीरपुर में वृक्षारोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज कुजेछा में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक पेड़ माँ के नाम पर आधारित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और सतत विकास को बढ़ावा देना था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला, उप जिलाधिकारी, और प्राचार्य बंदना सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों ने बेल और बरगद के पेड़ रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।प्रभागीय वनाधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण हमारी धरोहर है, जिसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वृक्षारोपण, प्लास्टिक उपयोग में कमी और स्वच्छता को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने प्लास्टिक के खतरों पर जोर देते हुए इसके उपयोग को कम करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।सदर विधायक मनोज प्रजापति ने जल संरक्षण पर सुझाव देते हुए बताया कि पौधरोपण के दौरान पाइप का उपयोग कर पानी की बचत की जा सकती है। इस अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज की छात्राओं को प्रतियोगिताओं में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नमामि गंगे के तहत जिला परियोजना अधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बुकलेट, जूट बैग और लंच पैकेट वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन जालिस खान ने किया।वन विभाग, स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संगठनों और नागरिकों की भागीदारी से वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता और पर्यावरण संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। राठ रेंज के डाटा कुटी में विधायिका मनीषा अनुरागी और जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत की उपस्थिति में त्रिवेणी पौधारोपण किया गया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राठ, पंडित दीनदयाल मॉडल इंटर कॉलेज और अन्य स्कूलों में भी वृक्षारोपण, जागरूकता अभियान और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुए।जिले के विभिन्न स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समर कैंपों में 3000 बच्चों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिसमें वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अन्य विभागों ने भी उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया, जिसके लिए वन विभाग ने पौधे उपलब्ध कराए।वन विभाग ने 1000 पौधों का रोपण और वितरण किया तथा अगले एक सप्ताह को हरित सप्ताह के रूप में मनाने की घोषणा की, जिसमें स्कूलों, पंचायतों और संस्थानों में पौधारोपण होंगे। विभाग ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रमों को भारत सरकार के मिशन लाइफ पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने पौधे रोपे।कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित और प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग बार के अध्यक्ष मनीराम वर्मा ने भी वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) उदयवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) अनिल कुमार खरवार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पांडेय, सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/एफटीसी वंदना अग्रवाल, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अंकित पाल, सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/क्रा.अ.वृ. कीर्ति मिश्रा, अधिवक्ता संघ बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टिसिंग बार के महामंत्री और केंद्रीय नाजिर जगदीश नारायण मिश्र उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और हरित भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण रहा।

## जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालन व प्रबंधन हेतु किया एमओयू

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गत बुधवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) सिंगरौली के संचालन एवं प्रबंधन हेतु सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, मध्य प्रदेश के साथ एमओयू किया। इस एमओयू के अंतर्गत एनसीएल द्वारा सिंगरौली एवं सोनभद्र जिलों में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वॉकर, स्मार्ट केन, ब्रेल किट जैसी सहायक व पुनर्वासात्मक सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, सिंगरौली को 2.97 करोड़ रुपये का वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) राजीव रंजन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, मध्य प्रदेश की ओर से उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सिंगरौली, श्री अनुराग मोदी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

# हम सभी को पर्यावरण को लेकर जागरूक रहना है : डॉ. महेंद्र सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण छात्र संसद, जन शिक्षण संस्थान तथा भारत विकास परिषद तुलसी की ओर से पौधारोपण तथा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पौधे लगाने और पौधों की सुरक्षा किए जाने का आह्वान किया गया। गुरुवार को पान कुवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के के डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा.महेंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण को लेकर जागरूक रहना है और इस तरह से काम करना है जिससे पर्यावरण को कोई खतरा न हो बल्कि पर्यावरण संरक्षित हो। मुख्य वक्ता चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेवरा के प्राचार्य डा.शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमें स्वयं पहल करनी होगी और ऐसी वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करना है जिसे प्रदूषण फैलता है। वन्य जीव विशेषज्ञ डा.राजीव चौहान ने कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे तरीकों से पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा सकता है। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक व विद्यालय के प्रबंधक डा.कैलाश यादव ने कहा कि पौधों को लगाए जाने के साथ ही पौधों की देखभाल और उनको खाद पानी देना भी जरूरी है। जल संरक्षक निर्मल सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जल संरक्षण भी महत्वपूर्ण है इसके लिए हमें पानी की बर्बादी रोकती है और पानी की बचत करनी है जल है तो कल है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डा.मुकेश यादव तथा एच एन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पवन यादव, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना स्वामी विवेकानंद सेवा संस्थान की संयोजक डा आशीष दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक रविंद्र चौहान, कैलाश यादव व संजय सक्सेना, भारत विकास परिषद तुलसी के पंकज चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। इससे पूर्व पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ अनुराग श्रीवास्तव, नीलिमा चौधरी, डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, शशी दीक्षित, अर्चना चौबे, मौसमी पाल, मोहिनी मिश्र, पंकज कुमार सिंह चौहान एवं अंजू चौधरी एवं अन्य तुलसी सदस्यों सहित अनगिनत गणमान्य नागरिकों व पूरे विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कुनेहटा गांव में रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**पौधारोपण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**हमीरपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हमीरपुर जिले के मौदहा तहसील के कुनेहटा गांव में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, अपराध निरोधक संगठन और भारतीय किसान यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में एक विचार संगोष्ठी और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने कविता के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को रेखांकित किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद और पुलिस चौकी प्रभारी अखिल प्रसाद ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इसके बाद स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने मिलकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय से पुलिस चौकी तक एक रैली निकाली, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। रैली के समापन पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने पौधे रोपे और पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में दर्जनों स्कूली बच्चे, अध्यापक नीलम राय, मनोज, संगठन के सदस्य पारस सैनी, बलवीर वर्मा, शिवकरन मिश्रा, आशिफ शकील, रामराज, घसीटा साहू, निरपत, शंकर, देवी दयाल, उमाकांत, रचना सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण रहा।

# मेगा समर कैंप-आरोहण का समापन



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा आयोजित ÷मेगा समर कैंप-आरोहण÷ का समापन हुआ। एनसीएल की सभी परियोजनाओं में कैंप स्थल पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान परियोजनाओं में क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान महाप्रबंधक (मानव संसाधन/कल्याण) राजेश त्रिवेदी, मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि, स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 16 मई से शुरू हुए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न विधाओं जैसे बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, क्रिकेट, वालीबॉल, तैराकी, कबड्डी , बास्केटबाल, स्केटिंग, एथलेटिक्स, जूडो, कराटे, फुटबॉल, संगीत (गायन-वादन), नृत्य, ड्रॉइंग, पेंटिंग इत्यादि में पारंगत किया गया। इस वर्ष ÷मेगा समर कैंप- आरोहण÷ में 6-14 आयु वर्ग के 4500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिनमें एथलेटिक्स में 1138 , बैडमिंटन में 385, टेबल-टेनिस में 45 , वॉलीबॉल में 187 , कबड्डी में 301 , फुटबॉल में 606, क्रिकेट में 50, स्विमिंग में 263 , डांस और म्यूजिक में 619 , जूडो-कराटे में 99, बास्केटबाल में 11, स्केटिंग में 125 व आर्ट्स एंड क्राफ्ट में 259 प्रतिभागी शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर व मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 53 वें जन्मदिन को बड़ी धूमधाम से मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि सीएम योगी गोरक्षपीठ के महंत से लेकर एक बड़े नेता को रूप में बनकर उभरे है। योगी आदित्यनाथ लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत से यूपी के सीएम का पदभार संभाल रहे हैं। योगी आदित्यनाथ महज 26 साल की उम्र में गोरखपुर से लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे, जिसके बाद वो पांच बार यहां से सांसद बने। योगी आदित्यनाथ का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के पंचूर गांव में गढ़वाली राजपूत परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम आनंद सिंह बिष्ट और माता का नाम सावित्री देवी है। सात भाई-बहनों में वे पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने श्रीनगर के गढ़वाल विश्वविद्यालय से गणित से बीएससी किया है। साल 1993 में वे गणित में एमएससी की पढ़ाई के दौरान गोरखपुर आए। गोरखनाथ मंदिर में 15 फरवरी 1994 को प्रवास के दौरान ही उन्होंने ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ से दीक्षा ली और योगी बन गए। उनका नाम अजय सिंह बिष्ट से योगी आदित्यनाथ हो गया। साल 1996 के लोकसभा चुनाव में महंत अवैद्यनाथ के चुनाव का संचालन किया। वर्ष 1998 में महंत अवैद्यनाथ ने इन्हें अपना उत्तराधिकारी ऐलान कर लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया। यहीं से 26 साल के उम्र में लोकसभा चुनाव जीतकर इनके राजनीतिक करियर की शुरुआत हुई। इन्हें सबसे कम उम्र का सांसद होने का गौरव भी प्राप्त हुआ। योगी जी ने जब गोरखनाथ मंदिर के उत्तराधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया तो उन्हें महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित होने वाले स्कूल-कॉलेजों और गोरक्षपीठ के प्रबंधन की जिम्मेदारी मिली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व इकदिल नगर पंचायत चेयरमेन सौरभ दीक्षित, जिला मंत्री रजत चौधरी, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, जिला सोशल मीडिया संयोजक विमलेश शाक्य, मोनू चौहान, अभिषेक मिश्रा, कार्यालय प्रभारी रवि धनगर, रोहित भदौरिया, समीर सक्सेना सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस-2025 पर कई कार्यक्रम आयोजित




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया गया।

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमडी बी.साईराम ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर साईराम ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंनें औद्योगिक क्रांति 4.0 की ऑटोमेशन व प्रौद्योगिकी एकीकरण जैसी तकनीकी को पर्यावरण प्रबंधन हेतु आत्मसात करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि ऑटोमेशन के माध्यम से पर्यावरण मानकों से संबन्धित डाटा को ऑनलाइन विश्लेषण कर त्वरित कार्यवाही व भविष्य की कार्य योजना बना सकते हैं। उन्होनें एनसीएल की हरित कोयला प्रेषण को समर्पित फ़र्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पर्यावरणीय पहलों में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी.साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, कंपनी जेसीसी जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण द्वारा एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पी. एम. प्रसाद के पर्यावरण दिवस पर प्राप्त संदेश का वाचन किया गया। इसअवसर पर महाप्रबन्धक (पर्यावरण) राकेश कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्वों की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सीएमडी, एनसीएल, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण जेसीसी सदस्यों एवं अन्य ने मुख्यालय परिसर में पौधरोपण किया। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का कार्यक्रम एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं जागरूकता रैली, पौधारोपण, चित्रकला, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिताओं जैसे अनेक कार्यक्रमों का वृहद स्तर पर आयोजन किया गया, जिसमें कर्मियों, स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगो की जन भागीदारी देखी गई।

## जेम की बालिकाओं ने किया प्रेरणादायक वृक्षारोपण

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विन्ध्याचल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को एक अर्थपूर्ण पहल के साथ मनाया, जिसमें सतत विकास और नारी सशक्तिकरण का समावेश हुआ। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत 5 जून 2025 को पर्यावरण प्रबंधन समूह द्वारा एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेम 2025 की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधन, कर्मचारियों, उनके परिवारों, यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किया। इस अवसर पर संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी (म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण दिवस की शपथ संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अंग्रेजी में तथा डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) ने हिंदी में दिलाई। शपथ में सभी को प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने हेतु व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया। जेम की बालिकाओं ने इस शपथ समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे उनका पर्यावरण के प्रति बढ़ता हुआ जागरूकता और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलकती है।




# अपने घरों के आस-पास पौधरोपण कर हरित पृथ्वी बनाने का लें संकल्पः राजीव अकोटकर



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के तहत पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर दिनांक 5 जून 2025 को आम जनमानस में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली और विशाल पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक पॉल्यूशन का अंत थीम के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित चिल्का झील के परिक्षेत्र में पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया। तदुपरान्त चिल्का झील पार्क में राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख), जोसफ बास्टियन, महाप्रबंधक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स), पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज), वनिता समाज की अन्य सदस्याएँ, अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधि गण द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सभी उच्चाधिकारी गण एवं वनिता समाज की सभी वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान-2025 की बालिकाओं के साथ कर्मचारी विकास केंद्र के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इन दिनों आम लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु बच्चों, गृहिणियों, कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों, आसपास के स्थानीय समुदायों के लिए बीते सप्ताह भर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ज्ञात हो कि, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कदम जैसे $SO_2$ उत्सर्जन के नये मानकों के पालन हेतु एफ़जीडी (FGD) सिस्टम की स्थापना वास्तविक रूप अर्जित करने हेतु अग्रसर, एसपीएम उत्सर्जन कम करने हेतु सभी सात ईकाइयों का ईएसपी का नवीनीकरण, जल संरक्षण के लिए ऐश वाटर रिसायक्लींग सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण हेतु लिक्वीड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से पुनः चक्रीकरण एवं डस्ट इक्स्ट्रेशन एण्ड सेपरेशन सिस्टम का निर्माण, 21 लाख से अधिक वृक्षारोपण, आस पास के वातावरण को ध्यान में रखते हुए शक्तिनगर टाउनशिप के साथ-साथ अनपरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 35000 वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, राख उपयोग वृद्धि हेतु एनएच के निर्माण एवं ऐश ब्रिक के निर्माण हेतु राख का प्रेषण, पर्यावरण अनुकूल हेतु 50 लाख राख ईंट का निर्माण, सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट का नवीनीकरण, आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्र से अपशिष्ट कुल 18 किलो प्लास्टिक को एकत्रित और पृथक कर अल्ट्राटेक और डाला सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट निर्माण के लिए भेजे जाने जैसे अनेकों सार्थक कदम उठाए गए हैं।

# जम्मू और कश्मीर में प्रगति का नया दौर













## लगभग ₹44,000 करोड़
### की रेल परियोजनाओं का उपहार

## चिनाब ब्रिज
### (दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)

- 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज

## अंजी ब्रिज
### (भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)

- 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
- जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
- 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स

**का उद्घाटन**

## उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला
### रेल लिंक परियोजना

- जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
- कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं

**का राष्ट्र को समर्पण**

## 2 वंदे भारत ट्रेनों
### श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा

- श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
- पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
- कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव

**का शुभारंभ**

# नरेन्द्र मोदी
## प्रधानमंत्री
के द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**नितिन जयराम गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री

**अश्विनी वैष्णव**
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**डॉ. जितेंद्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री

**वी. सोमन्ना**
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री

**रवनीत सिंह**
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री

**मनोज सिन्हा**
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष

**उमर अब्दुल्ला**
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**सुरिंदर कुमार चौधरी**
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर

**जुगल किशोर**
सांसद (लोकसभा) जम्मू

**आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी**
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर

**गुलाम अली**
सांसद (राज्यसभा)

शुक्रवार, 6 जून, 2025 | प्रातः 11:00 बजे | श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)

## भारतीय रेल

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें

www.indianrailways.gov.in

/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें